भोपाल
शनिवार, 27 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष-07
वर्ष : 12, अंक : 267
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 23
न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से किया सम्मानित

## मगरमच्छ के मुंह से पिता को खींच लाया बेटा, दिल्ली बुलाकर राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। यूपी में पिता को मगरमच्छ के मुंह से खींचकर लाने वाले बेटे के साहस की हर जगह चर्चा हो रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उसे सम्मानित किया। आगरा जिले के झरनापुरा हरलालपुर गांव निवासी किसान वीरभान चाहर के बेटे अजयराय को यह सम्मान मिला।

देश के अलग-अलग हिस्सों से आए 20 बच्चों को ये पुरस्कार दिए गए



### अजयराज ने दिखाया था साहस

जुलाई 2025 में अजयराज के पिता वीरभान आगरा-धौलपुर सीमा क्षेत्र के चंबल नदी के किनारे पानी लेने गए थे। उनके साथ उनका बेटा अजयराज भी था। इसी दौरान नदी में छिपे मगरमच्छ ने अचानक वीरभान के पैर को जबड़े में दबोच लिया और उन्हें गहरे पानी की ओर खींचने लगा। अजयराज ने साहस दिखाया और बिना समय गंवाए नदी किनारे ▸▸ शेष पेज 6 पर

### ◂ वीर बाल दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने बच्चों से किया संवाद

## ये आपके माता-पिता का, टीचर और मेंटर्स का भी सम्मान



सम्मानित बच्चों से संवाद करते पीएम

*भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि बीते चार वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाया है। वीर बाल दिवस ने साहसी और प्रतिभावान बच्चों के निर्माण के लिए एक मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों से आए 20 बच्चों को ये पुरस्कार दिए गए हैं। उन्होंने पुरस्कार जीतने वाले बच्चों से कहा कि आपका ये सम्मान आपके लिए तो है ही, ये आपके माता-पिता का, आपका टीचर और मेंटर्स का भी सम्मान है। पीएम मोदी ने एक-एक बच्चे के साथ वक्त गुजारा और उनके शौर्य और पराक्रम की सराहना की।* ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

### सीएम ने साहिबजादों की शहादत को किया नमन



गुरुद्वारे में संबोधित करते सीएम

## सिख वीरों के बलिदान की गाथाओं को स्कूल सिलेबस में शामिल करेंगे



वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा हमीदिया में मत्था टेका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार गुरु गोविंद सिंह और सिख वीरों के बलिदान की गाथाओं को स्कूल के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल करेगी। प्रथम गुरु गुरुनानक देव से लेकर 10 वें गुरु तक सिख धर्म के सभी गुरु महाराज और उनके परिवारों ने देश की रक्षा के लिए ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 05 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता की हत्या के आरोपी का मकान तोड़ा



**कटनी।** कैमोर में भाजपा नेता नीलेश उर्फ नीलू रजक की सरेराह गोली मारकर हत्या के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य आरोपी अकरम खान के अमरैया पार स्थित मकान पर बुलडोजर कार्रवाई की। एक दिन पहले ही प्रशासन ने अकरम के परिजनों को नोटिस जारी कर घर खाली करने के लिए कहा था। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे तहसीलदार के नेतृत्व में पुलिस की मौजूदगी में ये कार्रवाई हुई।

### फंदे पर झूलते मिले मां और उसके 2 मासूम बेटे



**सागर।** जिले के रहली क्षेत्र में एक महिला और उसके दो बच्चों के शव फांसी के फंदे पर घर के अंदर लटके मिले। महिला का पति और जेठ खेत से घर लौटे तो पूरी घटना का पता चला। घटना गुरुवार रात रहली के मैनाई गांव की है। मृत महिला के जेठ ब्रजेश लोधी ने बताया कि वह और उसका भाई राजेश (मृतका का पति) खेत से रात को घर लौटे तब पता चला। ये हत्या है या आत्महत्या पुलिस जांच कर रही है।

### सोना पहली बार 1.40 लाख के करीब, चांदी में भी तेजी



**नई दिल्ली।** नए साल से पांच दिन पहले सोना-चांदी की कीमतों ने एक बार फिर सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। वायदा बाजार में 24 कैरेट गोल्ड 1453 रुपए उछलकर 1,39,550 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया। जबकि चांदी ने 11457 रुपए की तूफानी तेजी दिखाई और 2,35,247 रुपए प्रति किलोग्राम के नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र है, जब चांदी मजबूत हुई है।

### दो दर्जन शहरों में बढ़ी ठिठुरन, 10 डिग्री से नीचे आया पारा, छाया घना कोहरा

# राजगढ़-पचमढ़ी में जमी ओस, रात का तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस

### ◂ रीवा में 5.5 डिग्री, शिवपुरी और खजुराहो में 6 डिग्री, नौगांव और दतिया में 6.2 डिग्री और उमरिया में 6.5 डिग्री रहा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में कड़ाके की ठंड के साथ कोहरे का असर बना हुआ है। पचमढ़ी और राजगढ़ में शुक्रवार सुबह पेड़ों के पत्तों पर ओस की बूंदें जम गईं। यहां रात का तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा।

इधर सुबह के समय भोपाल, मंडला, रीवा, सतना, पचमढ़ी, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, खजुराहो, नौगांव, अशोक नगर, झाबुआ, खंडवा, शाजापुर और सीहोर समेत कई जिलों में कोहरा छाया रहा। जिसकी वजह से वाहन चालकों को वाहनों की लाइन जलाकर चलना पड़ा। बीती रात प्रदेश के 25 से अधिक शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। राजगढ़, पचमढ़ी के अलावा रीवा में 5.5 डिग्री, शिवपुरी और खजुराहो में 6 डिग्री, नौगांव और दतिया में 6.2 डिग्री और उमरिया में 6.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे ठंडा ▸▸ शेष पेज 6 पर

◂ बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री दर्ज हुआ

◂ भोपाल में पारा 7 डिग्री, जबकि इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया



पचमढ़ी में सुबह का मनमोहक दृश्य

### मंगलवार से बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग का अनुमान है कि 27 दिसंबर से तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी, क्योंकि मालवा की ओर बना चक्रवात उत्तरी हवाओं को रोक देगा। 29 दिसंबर को फिर हल्की गिरावट संभव है, लेकिन 30 दिसंबर मंगलवार से तापमान दोबारा से बढ़ने लगेगा। जनवरी के पहले सप्ताह में मौसम खुला रहेगा और उत्तर-पूर्वी मप्र को छोड़कर बाकी हिस्सों में ठंड सामान्य रहेगी।

### गुना में भी पेड़-पौधों पर जमी ओस

प्रदेश में पचमढ़ी और राजगढ़ में पारा नीचे गिरने की वजह से लोग जब सुबह सोकर उठे तो उन्हें पेड़ों के पत्तों पर ओस जमी नजर आई। धूप निकलने पर यह ओस कांच की तरह चमक रही थी। इसी तरह गुना में भी लोगों ने पत्तों पर ओस जमी देखी।

### मावठा और बारिश का इंतजार

*फिलहाल, प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के आसार नहीं हैं। मौसम साफ होने से मावठा या बारिश की संभावना कम नजर आ रही है। उत्तर-पूर्वी प्रदेश में अगले चार से पांच दिनों तक कोहरा रह सकता है, लेकिन इसके बाद स्थिति सामान्य होने लगेगी। जबकि मावठा और बारिश होने से किसानों को गेहूं और चना की फसल में फायदा मिलेगा।*

### संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का बयान

## धर्म और विज्ञान में कोई टकराव नहीं है, दोनों की ही मंजिल एक



हमें सिर्फ सुपरपावर ही नहीं, बल्कि विश्वगुरु भी बनना चाहिए

एजेंसी ▸▸ तिरुपति

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत आंध्र प्रदेश के तिरुपति दौरे पर हैं। भारतीय विज्ञान सम्मेलन में उद्घाटन कार्यक्रम में शुक्रवार को भागवत ने कहा कि भारत का आगे बढ़ना तय है। लेकिन, हमें सिर्फ सुपरपावर ही नहीं, बल्कि विश्वगुरु ▸▸ शेष पेज 6 पर

### एएआई का यात्री संतुष्टि सर्वे

## खजुराहो एयरपोर्ट बना देश का नंबर 1 हवाई अड्डा



यात्रियों की संतुष्टि के आधार पर दिल्ली-मुंबई को पीछे छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खजुराहो

खजुराहो एयरपोर्ट ने देश के सभी हवाई अड्डों को पीछे छोड़ते हुए नंबर 1 स्थान हासिल किया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) द्वारा जारी 2025 के कस्टमर सैटिस्फेक्शन सर्वे में खजुराहो एयरपोर्ट को यात्रियों की संतुष्टि के आधार पर शीर्ष स्थान दिया ▸▸ शेष पेज 6 पर

### रायपुर एयरपोर्ट पर ऑन-ड्यूटी था

## पं. धीरेंद्र शास्त्री के पैर छूने वाला टीआई लाइन हाजिर




वीडियो सामने आने के बाद एक्शन

**रायपुर।** एयरपोर्ट पर ऑन-ड्यूटी थाना प्रभारी के बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पैर छूने का मामला अब प्रशासनिक कार्रवाई तक पहुंच गया है। टीआई मनीष तिवारी को लाइन अटैच कर दिया गया है। जब धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे थे, तब वहां ऑन-ड्यूटी टीआई मनीष तिवारी ने ▸▸ शेष पेज 6 पर

### योजनाओं का लाभ नहीं मिला

## ग्रामीण युवक ने पेट्रोल से जलाया पंचायत कार्यालय



आर्थिक तंगी के चलते उठाया कदम

**रतलाम।** सालाखेड़ी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मांगरोल में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक आक्रोशित ग्रामीण ने पंचायत कार्यालय में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने आरोपी गोपाल डामोर को हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे गोपाल डामोर सरकारी ▸▸ शेष पेज 6 पर

### वाराणसी, अयोध्या व मथुरा-वृंदावन में भारी भीड़

हर मंदिर में रोजाना पहुंच रहे करीब 3 लाख श्रद्धालु

## होटल, गेस्ट हाउस व होम स्टे फुल शहर से बाहर ही रोके जा रहे वाहन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नए साल के उत्सव से पहले ही वाराणसी, अयोध्या व मथुरा-वृंदावन में श्रद्धालुओं की बेशुमार भीड़ बढ़ रही है। उत्सव से पहले हर दिन करीब 3 लाख लोग पहुंच रहे हैं।

इन शहरों के होटल, गेस्ट हाउस व होम स्टे फुल हो चुके हैं। नए साल में तो हर जगह करीब 6 लाख तक श्रद्धालु पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, माता वैष्णो देवी में भी भीड़ बढ़ गई है। वृंदावन के कई प्रमुख होटलों और गेस्ट हाउसों में नए साल पर कमरे उपलब्ध नहीं हैं। लोगों ने पहले से ही एडवांस ▸▸ शेष पेज 6 पर

### नए साल पर श्रद्धालुओं का आंकड़ा दोगुना होगा



नए साल के पहले ही तीर्थस्थल पर ऐसी भीड़

### 5 जनवरी तक बाहरी वाहनों की नो एंट्री

25 दिसंबर से 5 जनवरी तक बाहरी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। छटीकरा से आने वाले वाहनों को रुक्मिणी विहार पार्किंग पर रोका जाएगा। श्रद्धालु यहां स्थाई और अस्थाई तौर पर बनीं पार्किंग पर खड़ा कर ई रिक्शा और गोल्फ कार्ट से मंदिर तक पहुंच सकेंगे।



### गुरुवार के दिन से साल की होगी शुरुआत, अंतिम दिन भी रहेगा बृहस्पतिवार, ऐसे में वर्ष भर रहेगी ग्रहों के देव बृहस्पति की कृपा

# नए साल पर सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र की युति से बना रहा चतुर्ग्रही योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साल 2026 की शुरुआत विशेष योग संयोग में होने जा रही है। तो वहीं यह साल गुरुवार के दिन से शुरू होगा, तो अंतिम दिन भी गुरुवार रहेगा। ऐसे में सालभर ग्रह के देव बृहस्पति की कृप्या सालभर रहेगी। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि नए साल का पहला दिन हर व्यक्ति के जीवन में विशेष महत्व भी रखता है। यह दिन कई उम्मीद खुशियां और उमंगों के साथ एक नई शुरुआत का भी संकेत देता है। नए साल के पहले दिन इस बार चतुर्ग्रही योग बन रहा है। नए साल के पहले दिन धनु राशि में चार ग्रहों-सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र की युति से चतुर्ग्रही योग का निर्माण होगा। इसमें जहां सूर्य और बुध के एक साथ होने से बुधादित्य योग भी बनेगा, जो बुद्धि और मान-सम्मान के लिए शुभ माना जाता है। तो वहीं इस दिन गुरु प्रदोष व्रत, रोहिणी नक्षत्र और अन्य शुभ योग भी रहेंगे। इसके अलावा सूर्य-बृहस्पति का वर्ष माना जा रहा है, जहां अधिकार, वंश, कर्म और कृपा एक साथ काम करेंगे, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों पर सकारात्मक और नकारात्मक तौर पर देखने को मिलेगा।

» ***मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. दुबे ने बताया कि नए साल का पहला दिन जीवन में रखता है विशेष महत्व***

» ***सूर्य-बृहस्पति का वर्ष माना जा रहा है, जहां अधिकार, वंश, कर्म और कृपा एक साथ काम करेंगे***

**भगवन शिव की पूजा करने से मनोवांछित फल की होगी प्राप्ति**


प्रतीकात्मक फोटो

गुरु प्रदोष व्रत के दिन यानी नए साल के पहले दिन शुभ और शुक्ल समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में भगवन शिव व विष्णु भगवान की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल प्राप्त होगा।

- सूर्योदय - सुबह 07 बजकर 14 मिनट पर
- सूर्यास्त - शाम 05 बजकर 35 मिनट पर
- चन्द्रोदय- शाम 03 बजकर 14 मिनट पर
- चन्द्रास्त- सुबह 06 बजकर 07 मिनट पर
- ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 05 बजकर 25 मिनट से 06 बजकर 19 मिनट तक
- विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 08 मिनट से 02 बजकर 50 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त - शाम 05 बजकर 33 मिनट से 06 बजे तक
- निशिता मुहूर्त - रात 11 बजकर 58 मिनट से 12 बजकर 52 मि.

**यह रहेगा शुभ मुहूर्त**

- **मेष राशिः** मेष राशि के जातक के लिए यह दिन खुशियों से भरा रहेगा भौतिक सुख सुविधा में बढ़ोतरी होगी, जमीन की खरीदारी करने में सफल होंगे।
- **कन्या राशिः** कन्या राशि के जातक के लिए यह समय संपत्ति खरीदने वाला रहेगा, कोर्ट कचहरी के मामले में उत्तम परिणाम हासिल होंगे।
- **मकर राशिः**मकर राशि के जातक के लिए साल का पहला दिन बेहद खास रहेगा, व्यापार में भी वृद्धि होगी, धन की लक्ष्मी प्रसन्न होंगी।
- **वृश्चिक राशि** :वृश्चिक राशि के जातकों पर सूर्य देव की विशेष अनुकंपा रहेगी। सूर्य देव आपके धन भाव को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कुंभ राशिः** कुंभ राशि के जातकों के लिए नया साल लाभ और प्रगति लेकर आएगा।

**1000 वर्षों का दुर्लभ संयोग**

## प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव के शाश्वत दर्शन 2 को

आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार भोपाल ने 2 जनवरी को शाम 4.30 बजे माधव बाल उद्यान साकेत नगर में श्री सोमनाथ महादेव के शाश्वत दर्शन और पंचोंपचार पूजा का आयोजन किया है। आर्ट ऑफ़ लिविंग के समन्वयक सुनील कुशवाह ने बताया कि 1000 साल बाद सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के शाश्वत दर्शन का सौभाग्य भोपाल शहर को मिल रहा हैं।


श्री सोमनाथ का शाश्वत दर्शन।

**खबर संक्षेप**

### छात्र-छात्राओं और वरिष्ठों का किया सम्मान



**भोपाल।** भूमिहार ब्राह्मण समाज का पटेल नगर में क्रेस्टन हाइट्स होटल में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भोजपुरी के गायक कलाकार मदन राय एवं कल्पनाथ आचार्य द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। समाज के सचिव पंकज ठाकुर ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने समाजजनों को वार्षिक सम्मेलन की बधाई दी। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में बैरागढ़ के एसडीएम रविशंकर राय मौजूद रहे।

### आयुर्वेद डॉक्टरों को मिले एलोपैथिक दवाई का अधिकार

**भोपाल।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन और निजी आयुर्वेद महाविद्यालय शिक्षक कल्याण संघ ने आयुर्वेद डॉक्टरों को इमरजेंसी में एलोपैथिक दवाइयां दिखने का अधिकार देने की मांग मध्यप्रदेश सरकार से की है। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि अभी भी ग्रामीण अंचलों में एमबीबीएस डॉक्टरों की संख्या में कमी है। आकस्मिक स्थिति में कई बार मरीजों को डॉक्टर्स के अभाव में मौत से जूझना पड़ता है। आवश्यकता पड़ने पर मरीज आयुर्वेद बीएएमएस डॉक्टरों की सेवा ले रहा है। यहां तक कि चालीस से पचास फीसदी तक आयुर्वेद डॉक्टर्स ग्रामीण सुदूर अंचलों में निजी रूप में सेवारत हैं। परंतु परेशानी वहां आ जाती है जब मरीज की जान बचाने हेतु एलोपैथिक दवाइयों की इमरजेंसी में आवश्यकता पड़ती है, तो आयुर्वेद डॉक्टरों के हाथ रुक जाते हैं।

### भौतिक चिकित्सक संघ ने सीएस को लिखा पत्र

**भोपाल।** भौतिक चिकित्सक कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील पाण्डेय ने फिजियोथैरेपिस्ट की लंबित मांग मध्य प्रदेश में 'स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल काउंसिल' लागू करने के लिए राज्यपाल मंगू भाई पटेल को पत्र लिखा था। भौतिक चिकित्सक संघ की मांग के निराकरण के लिए राज्यपाल कार्यालय से स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा गया है। राज्यपाल कार्यालय द्वारा प्रमुख सचिव को लिखे पत्र में मध्यप्रदेश में स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल काउंसिल प्रभावशाली करने को कहा गया है। संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील पाण्डेय ने बताया कि मप्र में स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल काउंसिल प्रभावशाली करने को लेकर संघ द्वारा सासंद वीडी शर्मा, मंत्री कृष्णा गौर, मंत्री लखन पटेल, विधायक रामेश्वर शर्मा सहित विधानसभा उप नेता प्रतिपक्ष से भी पत्र लिखवा कर समर्थन मांगा है। डॉ पाण्डेय ने बताया कि मप्र सरकार ने 14 मार्च 2024 को गजट नोटिफिकेशन जारी कर मप्र में स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल काउंसिल का गठन कर दिया गया है।

### मुख्यमंत्री, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

# हम सबका दायित्व जन-जन तक पहुंचाएं साहिबजादों के बलिदान की गाथाः सीएम


पुष्पांजलि अर्पित करते सीएम।

**राष्ट्र और धर्म के लिए सर्वोच्च त्याग का सिखाया अर्थ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर साहिबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम सर्वधर्म सम भाव की बात करते हैं और जरूर करनी भी चाहिए, लेकिन हमें यह भी देखना चाहिए कि जो व्यक्ति अपना धर्म छोड़ने और दूसरा धर्म अपनाने से इंकार करता है, उसके साथ क्या हो रहा है? उस पर क्या बीती है? आतताईयों को किसने यह छूट दी? और अगर अपने धर्म की रक्षा के लिए शहादत दी गई है, तो क्यों उसे याद नहीं करना चाहिए? आज वीर बाल दिवस के अवसर पर मैं साहिबजादों को नमन करता हूं और हम इस वृतांत को अपने पाठ्यक्रम में भी शामिल कर रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियां संघर्ष और बलिदान की गाथा को याद रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुगल शासकों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अपने धर्म की रक्षा के लिए गुरु श्री गोविन्द सिंह महाराज के परिवार एवं साहिबजादों ने जो सर्वोच्च शहादत दी, उसे दुनिया सदैव स्मरण करती रहेगी।

**भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय**

### साहिबजादों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकताः प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि 26 दिसंबर को मनाया जाने वाला वीर बाल दिवस सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की अमर शहादत की स्मृति में मनाया जाता है। मात्र 6 और 9 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने मुगल शासकों के अत्याचारों के सामने डटकर खड़े होकर अपने धर्म की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान दिया। गुरु गोबिन्द सिंह के साहिबजादों का बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जिसने राष्ट्र और धर्म के लिए सर्वोच्च त्याग का अर्थ सिखाया। साहिबजादों का साहस, शौर्य और आत्मबलिदान आज की पीढ़ी के लिए राष्ट्र भक्ति, आत्मसम्मान और धर्मनिष्ठा की अमिट प्रेरणा है। यह दिवस केवल स्मरण का नहीं, बल्कि संकल्प का दिवस है, जो हमें राष्ट्र प्रेम, धर्मरक्षा और आत्मसम्मान के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है।


हैरतअंगेज करतब देखते अतिथि।

**भोजपाल महोत्सव मेले में पहुंचे मुख्यमंत्री**

## मेला नागरिकों को जोड़ने की संस्कृति हैः सीएम डॉ. मोहन


भोजपाल महोत्सव मेले में मुख्यमंडी डॉ. यादव का स्वागत करते मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी और पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला में शुक्रवार को मेला देखने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भव्य आगवानी की। मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम और उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी सहित पूरी टीम ने ढोल-ताशों के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर भव्य अतिशबाजी की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्जवलन कर मंच पर चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रों की शुरुआत की। अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी ने शाल-श्रीफल, स्मृति चिह्न और त्रिशूल देकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नगर सहित मेला टीम मौजूद रही। मेला भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजा भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मेले में विभिन्न राज्यों से आए दुकानदारों के उत्पादों को देखा और उनसे चर्चा की। इस मौके पर दुकानदारों ने मुख्यमंत्री का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। भ्रमण के दौरान मेले में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और लोगों के कल्याण के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस सराहनीय पहल के लिए मेला समिति की तारीफ करते हुए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। इस दौरान मेले में आए नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारते हुए उनके साथ सेल्फी ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेला लोगों को जोड़ने की संस्कृति है। इस मेले के माध्यम से लोगों को स्वदेशी सामानों के साथ देश भर के छोटे-छोटे व्यापारियों को एक बेहतर मंच मिल रहा है। मेला समिति इस तरह के आयोजन कर लोगों के मनोरंजन और आनंद में सहभागी बन रही है।

**कार्यशाला में बोलीं महापौर मालती**

## बैरसिया को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने स्वच्छता के लिए दें समय



स्वच्छता कार्यशाला में उद्बोधन देतीं महापौर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल नगर निगम सहित स्वच्छ शहर जोडी बैरसिया नगर पालिका को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में नंबर-1 पर लाने के लिए महापौर मालती राय ने जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, व्यापारियों एवं शासकीय संस्थानों के प्रतिनिधियों से रोजाना दो घंटे का समय स्वच्छता के लिए देने के का आव्हान किया। वे बैरसिया में स्वच्छता कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। राय ने स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत बैरसिया नगर पालिका को स्वच्छता में नंबर-1 लाने के लिए वार्डों, मैरिज गार्डन, स्कूल, कॉलेज आदि में स्वच्छता की प्रतियोगिता आयोजित करने और स्वच्छता में अव्वल आने पर पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाजारों, रेस्टोरेंट आदि में डस्टबिन रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, सेंट्रल वर्ज की बेहतर साफ-सफाई करने का भी आव्हान किया।

**उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग का फैसला**

## भ्रामक पैकेजिंग पर ब्रिटानिया डी-मार्ट दोषी, लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डी-मार्ट से खरीदे गए ब्रिटानिया 50-50 जीरा बिस्कुट के पैकेट पर "4 स्नैक पैक इनसाइड अंकित होने के बावजूद अंदर केवल तीन स्नैक पैक पाए जाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल ने उपभोक्ता के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। यह मामला शिकायतकर्ता सुमित श्रीवास्तव बनाम ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड एवं डी-मार्ट के रूप में दर्ज था। मामले की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता अरुण गोस्वामी एवं अधिवक्ता स्वेक्षा प्रकाश ने आयोग के समक्ष तथ्यों एवं विधिक प्रावधानों के आधार पर प्रभावी पैरवी करते हुए यह स्थापित किया कि उत्पाद की मात्रा को लेकर किया गया दावा भ्रामक है, जो उपभोक्ता संरक्षण कानून के अंतर्गत सेवा में कमी एवं अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आता है। लंबी सुनवाई के पश्चात आयोग ने ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड तथा विक्रेता डी-मार्ट को दोषी मानते हुए शिकायतकर्ता को 50,000 रुपए का मुआवजा प्रदान करने का आदेश पारित किया है। आदेश का समय पर पालन न होने की स्थिति में 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा। यह मामला जनवरी 2024 से दिसंबर 2025 तक आयोग में विचाराधीन रहा। यह निर्णय उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा एवं कॉर्पोरेट जवाबदेही तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मिसाल माना जा रहा है।

**सटोरिए आजाद खान की क्रेडिट सोसाइटी पर मंत्री सारंग का एक्शन**

**भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अशोकनगर में सट्टा संचालन एवं अवैध आर्थिक गतिविधियों के आरोपी आजाद खान से जुड़ी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी पर सख्त एक्शन लिया है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए सारंग ने आजाद खान की केजीएन साख सहकारी संस्था मर्यादित वार्ड क्रमांक 10 अशोकनगर की सभी वित्तीय ट्रांजेक्शन पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए है। मंत्री सारंग ने प्रशासन को निर्देश दिए है कि मामले की गहन और निष्पक्ष जांच कर सात दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

■ तत्काल वितीय ट्रांजेक्शन बंद करने के दिए निर्देश

## बीएमएचआरसी में ग्रोइंग मप्र प्रदर्शनी का शुभारंभ


बीएमएचआरसी में प्रदर्शनी का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में नवाचार और कल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्रोइंग मध्यप्रदेश 2025 प्रदर्शनी का शुभारंभ बीएमएचआरसी में किया गया। परिसर में एक स्टॉल लगाया गया है, जिनमें स्वास्थ्य सेवाओं, अनुसंधान एवं राष्ट्रीय मिशनों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदर्शित की जा रही हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि बीएमएचआरसी गैस त्रासदी पीड़ितों के साथ-साथ आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ जनस्वास्थ्य जागरूकता एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार के वन हेल्थ मिशन से जुड़ी हुई है। विशेषज्ञों द्वारा सिकल सेल रोग की पहचान, उपचार एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई।

**बाघ, भालू के बाड़े में आवाजें निकालकर जानवरों को परेशान करते दिखे घूमने पहुंचे पर्यटक**

# वन विहार में पाइंट से गायब वनकर्मी, जानवरों को परेशान कर रहे पर्यटक

**छुट्टी के दिन बनते हैं इस तरह के हालात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन कर्मियों द्वारा गंभीर लापरवाही बरत रहे है। ऐसे में वन्यजीवों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे है। दरअसल इन दिनों जहां वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, जहां हर दिन सैकड़ों लोग प्रकृति और वन्यजीवों को देखने के लिए आ रहे है। तो वहीं अधिकांश पाइंट पर वनकर्मी नजर नहीं आ रहे है। इसके चलते पर्यटक जवानों कई तरह से परेशान कर रहे है। जिससे वह चिड़चिड़े हो रहे हैं। ऐसा ही नजारा फिर एक बार वन विहार में देखने को मिला। जहां


फाइल फोटो।

पर छुट्टी के चलते हजारों की संख्या में पर्यटक वन विहार पहुंचे थे। ऐसे में जानवरों की सुरक्षा के लिए तैनात वन्य कर्मी अपने पाइंट से गायब नजर आए। इसके चलते कई पर्यटक बाघ,टाइगर व भालू के बाड़ा में कई तरह की जोर-जोर से आवाज निकालकर व हाथों के इशारे कर परेशान करते नजर आए। ऐसे में वन्यजीवों की सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर सवाल खड़े करते हैं। उल्लेखनीय है कि पर्व में वन्यजीवों को पत्थर मारने सहित अन्य प्रकार की घटनाएं सामने आई थी। इसके बाद वन विहार प्रबंधन ने सख्त कदम उठाते हुए, ऐसे पर्यटकों को रोकने के लिए कैमरे लगाने के साथ बाडे के सामने पाइंटों पर वन्यकमियों को तैनात किया गया था।

**इलेक्ट्रिक वाहनों से वन विहार में हो रही खुली वसूली**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अक्टूबर में वन विहार वन्यजीव संरक्षण व पर्यटकों की सुविधा के लिए 40 इलेक्ट्रिक वाहनों की सौगात थी। लेकिन अब इन इलेक्ट्रिक वाहनों से पर्यटकों से खुली वसूली शुरू हो गई है। दरअसल नियमानुसार इलेक्ट्रिक वाहनों में बैठने वाली सावारियों (पर्यटकों) को तय किया गया किराया गेट पर ही देना होता है। लेकिन इनके चालक बीच में कहीं से भी सवारियों को बैठाकर गलत तरीके से पैसे वसूल रहे है। ऐसे में पर्यटकों की सुविधा के लिए शुरू की गई यह योजना परेशानी का सबब बन रही है।

**जांच कराएंगे**

सभी पाइंट पर वन्यकर्मी लगातार ड्यूटी कर रहे है। ऐसे में कोई पर्यटक अगर जानवरों को परेशान करते है। तो पहली बार में समझाइश देकर छोड़ते है। अगर गंभीर मामला होता है, तो सख्त कार्रवाई व जुर्माना लगाया जाता है। इलेक्ट्रिक वाहनों के ड्राइवरों द्वारा बीच में पैसे लेने की मुझे जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है, तो हम इसकी जांच कराते है।

**डॉ. रूही हक,**
**सहायक संचालक वन विहार**

4 दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में सिविल...



5 मृगनयनी, विंध्या वैली, कबीरा और प्राकृत...





## हाई लेवल कमेटी से मंजूरी मिलते ही तेजी से काटे गए पेड़, 2000-2500 पेड़ों का किया सफाया

# 16 किमी लंबे बायपास के दोनों तरफ लगा कटे पेड़ों के ठूंठ और डालियों का ढेर, रोड के बीचों-बीच शुरू हुआ निर्माण कार्य, ट्रैफिक डायवर्ट के बोर्ड लगाए

एमएम सिद्दिकी ⏭ भोपाल

गुरुवार को अयोध्या बायपास रोड से पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने के बाद शुक्रवार को रोड के दोनों तरफ बडी संख्या में काटे गए पेड़ों के ठूंठ और डगालें बिखरी पड़ी थीं। यहां एक तरह का सन्नाटा पसरा था न तो निगम के कर्मचारी थे न मशीनें। रोड से गुजरने वाले लोग बिखरे पेड़ों के ढेर जरूर आश्चर्य की नजरों से देखते हुए गुजर रहे थे। अयोध्या चौराहे से भानपुर ब्रिज तक दो जगह रोड के बीचोंबीच निर्माण कार्य जरूर चल रहा था, लेकिन यहां भी सन्नाटा नजर आया। इक्का-दुक्का मजदूर ही काम में लगे थे। इधर एनएचएआई के जिम्मेदारों का कहना है कि अब 8 दिसंबर के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल एनजीटी में अपना पक्ष रखने की तैयारी की जा रही है।

हरिभूमि लाइव

नगर निगम ने 16 किमी लंबे अयोध्या बायपास रोड से 21 दिसंबर को पेड़ों को काटने का काम शुरू किया था। 24 दिसंबर तक 2000 से 2500 पेड़ों को काटा जा चुका था। जबकि 22 दिसंबर को याचिकाकर्ता नितिन सक्सेना ने एनजीटी में आवेदन लगाया। 24 दिसंबर की दोपहर तक पेड़ काटने का दौर चला। एनजीटी ने पेड़ों की कटाई को 8 जनवरी तक रोकने के आदेश दिए, तब तक बड़ी संख्या में पेड़ काटे जा चुके थे। नगर निगम आयुक्त से निगम का पक्ष जानने के लिए उनसे मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कॉल अटैंड नहीं हुआ।

### एनजीटी की रोक से पर्यावरण प्रेमी हुए खुश, कहा- हरियाली उजड़ने से बची, पेड़ हमारे परिवार की तरह

### याचिकाकर्ता ने कहा- नगर निगम को इतनी जल्दी क्यों थी पेड़ कटवाने की!



फोटो जर्नलिस्टः गुरु अमृतपाल सिंह

अयोध्या बायपास रोड पर कटाई के बाद लगा लकड़ियों का ढेर।

याचिकाकर्ता नितिन सक्सेना ने हरिभूमि को बताया कि सीसी कमेटी की अनुशंसा मिलते ही निगम ने पेड़ों को काटने का काम तेजी से शुरू कर दिया। निगम को पेड़ों को काटने में इतनी जल्दी क्यों थी। जबकि एनजीटी में सुनवाई चल रही थी तो 10 से 15 दिन इंतजार करना चाहिए था। एनजीटी द्वारा 8 जनवरी-26 तक रोक को लेकर उन्होंने कहा कि पेड़ों को कुछ दिन जिंदगी मिल गई। यह रोक लगी रहे, ताकि हरियाली बची रहे।

#### 8 जनवरी तक पेड़ों की कटाई पर एनजीटी ने रोक लगाई

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर (पीआईयू) भोपाल देवांश नवल ने हरिभूमि को बताया कि 8 जनवरी तक पेड़ों की कटाई पर एनजीटी ने रोक लगाई है। फिलहाल कानूनी रूप से विचार-विमर्श किया जा रहा है। बायपास रोड पर बेरिकेडिंग की गई है और जो भी काम शुरू हुआ है, उसे भी रोकने पर विचार कर रहे हैं।

### एनएचएआई का तर्क- कानूनी रूप से विचार-विमर्श कर रहे हैं, निर्माण कार्य भी रोका जाएगा




अयोध्या बायपास रोड पर बेरिकेडिंग की गई है।

#### एनजीटी ने बनाई थी हाई लेवल कमेटी

एनजीटी द्वारा बनाई गई हाई लेवल कमेटी ने एनएचएआई को 7 हजार 871 पेड़ काटने की अनुमति दे दी थी। नगर निगम की उद्यानिकी शाखा की तीन टीमों ने बायपास रोड पर कई क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई शुरू कर दी थी। तभी पर्यावरण प्रेमी सक्रिय हुए और आंदोलन के साथ एनजीटी में याचिका लगाई। नगरीय विकास विभाग के एसीएस संजय शुक्ला की अध्यक्षता में हाई लेवल कमेटी की तीसरी मीटिंग में पेड़ काटने की मंजूरी दी गई।

### पर्यावरण प्रेमी बोले- हरियाली को बचाते हुए हो विकास

अयोध्या बायपास रोड निवासी इंजीनियर सुयश कुलश्रेष्ठ ने बताया कि बेरहमी से पेड़ों को काटा गया है। एनजीटी के निर्णय से प्रसन्नता है। यह निर्णय बरकरार रहना चाहिए। हरियाली को बचाते हुए विकास होना चाहिए। जिस बेरहमी से अयोध्या बायपास रोड पर पेड़ काटे गए, वे बेहद दुखद है। इससे पर्यावरण प्रेमियों को झटका लगा है। इसी तरह पेड़ों को काटने के विरोध में लगातार आंदोलन से जुड़े उमाशंकर तिवारी, दीपक गुप्ता, सचिन लारिया ने बताया कि पेड़ों को काटने के विरोध में आंदोलन जारी रहेगा। एनजीटी की रोक का निर्णय अच्छा है। यह रोक आगे भी बरकरार रहना चाहिए, ताकि हरियाली बची रहे। पेड़ हमारे परिवार के सदस्य जैसे हैं। इन्हें बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।



कटाई के बाद सड़क के किनारे पड़े हुए पेड़ों के ठूंठ।

---

## खबर संक्षेप

### एम्स को मिला दो करोड़ का कायाकल्प पुरस्कार




**भोपाल।** एम्स भोपाल को प्रतिष्ठित कायाकल्प पुरस्कार के अंतर्गत ग्रुप बी अस्पतालों की श्रेणी में दो करोड़ की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार स्वच्छता, साफ-सफाई और उच्च गुणवत्ता वाली रोगी देखभाल के मानकों को बनाए रखने के लिए दिया जाता है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानन्द कर ने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयासों को दिया।

### जनवरी के पहले सप्ताह में होगी परिषद की बैठक

**भोपाल।** नगर निगम की परिषद बैठक नए साल यानि जनवरी-26 के पहले सप्ताह में होगी। निगम की परिषद शाखा ने सभी एचओडी को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। पार्षदों की ओर से लगाए गए प्रश्नों को भी तैयार किया जा रहा है। इसी तरह अलग-अलग पार्षदों की ओर से लगाए गए प्रश्नों के जवाब भी तैयार किए जा रहे हैं।

### एक्सीडेंट रोकने 4 ई फार्मूले पर होगा काम

**भोपाल।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को एजुकेशन, इंजीनियरिंग, इन्फोर्समेंट और इमरजेंसी केयर (4ए फार्मूला) पर काम करने की ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षण में फील्ड स्टाफ की सतर्कता के जरिए एक्सीडेंट में जीरो डेथ का टारगेट हासिल करने पर विशेष फोकस किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को समझाइश दी गई कि सड़क पर पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों की सुरक्षा को हर हाल में प्राथमिकता दी जाए। दुर्घटना मुक्त सफर और सड़क हादसों पर नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस परिवहन शोध संस्थान द्वारा यातायात के अधिकारी-कर्मचारियों को यातायात रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शाहिद अबसार के निर्देश पर सड़क पर चलने वालों को सुरक्षित सड़क नेटवर्क उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

---

### यह दिक्कत भी: सबसे बड़ी समस्या पार्किंग, लोग जगह ढूंढते हैं कि वाहन कहां खड़े करें

# टिकट काउंटरों पर पहले दिन जैसी कतार नहीं, मेट्रो शुरू होने के बाद सुभाष नगर से एम्स तक सड़क पर ट्रैफिक दबाव भी नहीं हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में छह दिन पहले शुरू हुई मेट्रो में यात्रा करने वालों की पहले दिन जैसी अब काउंटरों पर कतार नहीं लग रही है। रविवार या किसी अवकाश के दिन मेट्रो में घूमने का आनंद लेने पहुंचने वालों की संख्या जरूर अधिक रहती है। पहले दिन तो यह आंकड़ा सात हजार पार कर गया था। आम दिनों में एक दिन में मेट्रो के 17 फेरों में औसत 1500 से 2000 लोग यात्रा करने पहुंच रहे हैं वो भी परिवार सहित। बडी संख्या में युवा और महिलाएं मेट्रो में घूमने के लिए पहुंच रही हैं।

हरिभूमि पड़ताल

पहले दिन मेट्रो में यात्रा करने वालों का आंकड़ा 7 हजार के पार पहुंच गया था, लेकिन दूसरे दिन ही यह संख्या घटकर 3 हजार पर पहुंच गई। जबकि अवकाश के दिन पांच हजार से ज्यादा लोग केवल मेट्रो में घूमने के लिए पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को मेट्रो के सभी स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या बेहद कम रही। लोग पहुंच रहे थे वो भी केवल घूमने के लिए। सुभाष नगर और एम्स मेट्रो स्टेशन पर सबसे अधिक यात्री पहुंच रहे हैं। सुभाष नगर से एम्स और एम्स से सुभाष नगर तक यात्री वापसी का टिकट लेकर मेट्रो में यात्रा कर उसे यादगार बनाना चाहते हैं।

### सभी आयु के लोग यात्रा करने पहुंच रहे हैं, इनमें युवा और महिलाएं अधिक

### इक्का-दुक्का यात्री ही काम से कर रहे हैं यात्रा

### शुक्रवार को मेट्रो के स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या बेहद कम रही



मेट्रो में यात्रा करने लोग बहुत कम संख्या में पहुंच रहे हैं।

एम्स से सुभाष नगर तक मेट्रो के आठ स्टेशन हैं, लेकिन पार्किंग की कहीं भी स्थाई व्यवस्था नहीं है। मेट्रो में यात्रा करने आने वाले लोग सबसे पहले पार्किंग देखते हैं। ऐसे में उन्हें जहां वाहन खडे मिलते हैं वहीं वाहन खडे कर रहे हैं। मेट्रो प्रशासन अब पार्किंग को लेकर एम्स, अल्कापुरी, बोर्ड ऑफिस, सुभाष नगर में पार्किंग के लिए प्लॉन बना रहा है।

#### दो जगह पर सड़क निर्माण पूरा, लोनिवि के हैंडओवर होंगी

केवी-1 मेट्रो स्टेशन के नीचे रोड बनाने का काम पूरा हो गया है, जबकि सुभाष नगर में भी रोड बनकर तैयार है, लेकिन यह रोड दो दिन बाद आम लोगों के आवाजाही के लिए खोली जाएगी। मेट्रो प्रशासन रोड को लोनिवि के हैंडओवर करेगा। इसके बाद पार्किंग का काम शुरू होगा।

### सुभाष नगर से प्रगति तक लग रहा ट्रैफिक जाम

मेट्रो शुरू होने राजधानीवासी जहां सड़कों पर ट्रैफिक दबाव कम होने की उम्मीद लगाए थे, लेकिन सुभाष नगर से एम्स तक सड़क पर जस का तस ट्रैफिक दबाव देखने को मिल रहा है। सुभाष नगर से प्रगति पेट्रोल पंप तक हर एक घंटे में औसतन 9 से 10 हजार वाहन निकलते थे। अभी उतने ही वाहन निकल रहे हैं। यातायात पुलिस अभी पहले की तरह ही ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे हैं। यातायात पुलिस के न होने पर सुभाष नगर से डीबी मॉल व प्रगति पेट्रोल पंप तक अभी आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। यातायात विशेषज्ञों का कहना है कि मेट्रो के शुरू होने से अभी ट्रैफिक दवाब कम नहीं हुआ है। हालांकि मेट्रो को शुरू हुए अभी छह दिन ही बीते है। ऐसे में ट्रैफिक दबाव कम हुआ यह कहना जल्दबाजी होगा। 15 दिन बाद सही आकलन हो सकेगा।

#### सुबह नौ बजे और शाम पांच बजे रेंगते रहते हैं वाहन

जानकारों के अनुसार सुभाष नगर से मेट्रो का सबसे पहले फेरे पर 9:40 बजे निकलती है। लेकिन इस दौरान सुभाष नगर, बीडीए ऑफिस, डीबी माल, बोर्ड ऑफिस व प्रगति पेट्रोल पंप तक सड़क पर पहले की तरह ही ट्रैफिक दबाव देखने को मिल रहा है। इसी तरह शाम करीब 5 बजे भी यहीं स्थिति है। इस पूरी रोड का 9 से 10 हजार पीसीयू (पैसेंजर कार यूनिट) के करीब ट्रैफिक दबाव रहता था। जो अभी जस का तस है।

### मेट्रो प्रशासन का तर्क- जांच करेंगे सख्त कार्रवाई होगी

शुक्रवार को भोपाल मेट्रो में अजीबो-गरीब नजारा देखने मिला। सख्त सुरक्षा इंतजामों के बावजूद कांग्रेस के कार्यकर्ता पोस्टर लेकर ट्रेन में पहुंच गए और चलती ट्रेन में प्रोटेस्ट किया। वे जो पोस्टर हाथ में लेकर सीएम से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की बात कह रहे थे उस पर लिखा था भारतीय युवा कांग्रेस मप्र भोपाल। दोषी को जमानत, पीड़िता पर अत्याचार, यही है भाजपा-आरएसएस का असली चेहरा। पांच से छह की संख्या में यह कार्यकर्ता शिवपुरी में हुई एक घटना के विरोध में मुख्यमंत्री तक मेट्रो के माध्यम से अपनी मांग पहुंचाने की बात कह रहे थे।

### सख्त सुरक्षा इंतजामों के बावजूद पोस्टर लेकर मेट्रो में पहुंच गए कांग्रेस कार्यकर्ता, चलती ट्रेन में किया प्रोटेस्ट




मेट्रो में विरोध प्रदर्शन करते भारतीय युवा कांग्रेस मप्र भोपाल के कार्यकर्ता।

#### बड़ा सवाल- सुरक्षा में कहां चूक

मेट्रो में यात्रा करने से पहले सुरक्षा चक्र से गुजरना होता है। इसके अलावा स्टेशन पर मौजूद लोग नजर रखते हैं। सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। इसके बावजूद चलती ट्रेन में प्रोटेस्ट करना और उन्हें रोकने-टोकने का कदम नहीं उठाना सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल है। जिस समय यह प्रोटेस्ट हो रहा था उस समय बड़ी संख्या में यात्री भी सवार थे।

#### मेट्रो प्रशासन का तर्क-जांच होगी, कार्रवाई करेंगे

मेट्रो में प्रोटेस्ट करने का मामला प्रकाश में आने के बाद मेट्रो प्रशासन का कहना है कि इसकी जांच करवाई जाएगी। मेट्रो संचालन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में कहां चूक हुई, इसकी भी जांच की जाएगी और आगे की कार्रवाई करेंगे।

### ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम को लेकर दिल्ली मप्र में एमओयू

भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए आटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम लागू करने दिल्ली मेट्रो और मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच एमओयू हुआ है। इसके लागू होने से यात्रियों को क्यूआर कोड, स्मार्ट कार्ड से टिकट की सुविधा मिलेगी। डीएमआरसी भोपाल और इंदौर मेट्रो के लिए यह एडवांस एएफसी सिस्टम स्थापित करेगा। यह सिस्टम सुरक्षित और संपर्क रहित किराया भुगतान की सुविधा देगा, जिससे यात्रियों को सुविधा होगी और राजस्व प्रबंधन बेहतर होगा। एमओयू के तहत डीएमआरसी तकनीकी और परिचालन में भागीदारी करेगा।

#### टिकट काउंटर पर नहीं लगेगी कतार

आधुनिक एएफसी सिस्टम के लागू होने से टिकट काउंटर पर कतार नहीं लगेगी। यात्री इस सिस्टम का उपयोग कर सीधे मेट्रो में सफर कर सकेंगे। दिल्ली मेट्रो की तर्ज पर भोपाल और इंदौर में यह सिस्टम लागू होगा। गुरुवार को एम्स स्टेशन पर 80 लोगों के एक ग्रुप को टिकट नहीं मिलने की पहली शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार को मेट्रो प्रशासन ने मिसेनेलिसय टिकट जारी करना शुरू कर दिए। मेट्रो के आठों स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यह सुविधा शुरू हो गई है। इसके लिए मेट्रो चलने के पांच मिनट पूर्व काउंटर पर पहुंचना होगा।

---

### एक दिन में दो घंटे ही होगी 50 नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई

# नोटिस तामीली के सात दिन बाद होगी सुनवाई, चार दिन गुजरे, नोटिस नहीं किए तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार 23 दिसंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट रोल जारी होने के साथ ही जिले के नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नोटिस बांटने का काम शुरू किया जाना था, लेकिन चार दिन गुजर जाने के बाद भी अब तक नोटिस तक तैयार नहीं किए गए हैं।

ऐसे में नोटिस बनाकर उन्हें मतदाताओं को तामील कराना और सात दिन का समय देने के बाद ही सुनवाई शुरू की जा सकेगी। भारत निर्वाचन आयोग के शेड्यूल के हिसाब से जिला निर्वाचन कार्यालय पीछे चल रहा है। हालांकि जिला निर्वाचन के अफसरों का तर्क है कि अब तक आयोग ने नोटिस का प्रोफार्मा ही तैयार नहीं किया है, जिसकी वजह से नोटिस जारी करने में देरी हो रही है। इधर वार्ड कार्यालय में 89 इंजीनियर सहित अन्य अफसरों को एईआरओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिन्हें सुनवाई करने के लिए जानकारी दी गई है। अफसरों से कहा गया है कि वह रोजाना दो घंटे ही वार्ड दफ्तर में सुनवाई करेंगे। इसके बाद वह अपने दफ्तर का काम निपटा सकते हैं।



#### गोविंदपुरा में 30 हजार नोटिस

जिले में एक लाख 16 हजार 925 लोगों को नो मैपिंग केटगरी में रखा गया है। जिसमें बैरसिया में दो हजार 134, उत्तर में दस हजार 80, नरेला 23 हजार 790, दक्षिण पश्चिम 16 हजार 596, मध्य में दस हजार 88, गोविंदपुरा 30 हजार 188 और हुजूर में 24 हजार 49 मतदाताओं को दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे।

#### 22 जनवरी तक मतदान केंद्रों पर बैठेंगे बीएलओ

एसआईआर का ड्राफ्ट रोल जारी होने के साथ ही बीएलओ ने मतदान केंद्रों पर बैठना शुरू कर दिया है। जिसके तहत मतदाता नया आवेदन और पता सहित अन्य संशोधन के लिए फार्म-8 भर सकते हैं। हालांकि अधिकतर मतदान केंद्रों पर बीएलओ दो बजे के बाद चले जाते हैं, जिससे दोपहर बाद केंद्रों पर पहुंचने वाले मतदाताओं को वापस लौटना पड़ रहा है।

#### यह दस्तावेज करना पड़ेंगे पेश

- किसी भी नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को किसी केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/पीएसयू द्वारा जारी पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश।
- भारत में सरकार/स्थानीय प्राधिकरण/बैंक/डाकघर/एलआईसी/पीएसयू द्वारा 01.07.1987 से पहले जारी कोई भी पहचान पत्र/प्रमाण पत्र/दस्तावेज।
- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र।
- पासपोर्ट
- मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन/शैक्षिक प्रमाण पत्र।
- सक्षम राज्य प्राधिकरण द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र।
- वन अधिकार प्रमाण पत्र।
- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी या किसी जाति प्रमाण पत्र।
- नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर (जहां कहीं भी मौजूद हो)।
- राज्य/स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा तैयार परिवार रजिस्टर।
- सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र।
- आधार
- वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट

### जनवरी माह में भोपाल आएगी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए टीम

**भोपाल।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। सर्वेक्षण के लिए जनवरी माह के अंत तक आ सकती है। बीते साल 2024 के सर्वेक्षण टीम फरवरी-2025 में आई थी। निगम इस साल स्वच्छता की नई पहल- बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ थीम पर काम कर रहा है। इसके लिए एक टूल किट जारी की गई है। जिसमें सफाई को लेकर नए पैरामीटर जोड़े गए हैं। नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए पूरी तैयारी कर रहा है और कई नए नवाचार किए गए हैं। नागरिक भागीदारी और नए मूल्यांकन मानक भी तय किए हैं।

भोजापुरा के आगे घाटी के पास हुई वारदात

# रास्ता रोककर बाइक और 30 हजार रुपए छीने, दो कार में की तोड़फोड़

## पुलिस ने किया चार अज्ञात लोगों पर लूट का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित भोजपुरा घाटी में गुरुवार दिनदहाड़े चार लोगों ने बाइक सवार भाइयों को रोक लिया। आरोपियों ने झूमाझटकी करते हुए उनसे बाइक और 30 हजार रुपए की नगदी छीनी हैं। उसी समय वहां से निकल रहे कार सवार रिश्तेदारों ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनकी कार में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया है। फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बताया जाता है कि जिन्होंने लूट की वारदात की है, वह रिकवरी एजेंट हैं और बाइक की किश्त नहीं चुकाने के कारण घटना की। जानकारी के अनुसार कमल सिंह मीणा (50) ग्राम परवरिया थाना बैरसिया में रहते हैं। कमल ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर वह अपने भाई रघुनाथ सिंह मीणा के साथ अपने परिचित की बाइक लेकर ग्राम खताखेड़ी में रहने वाले रिश्तेदार के यहां जाने के लिए निकले थे। दोपहर करीब ढाई बजे वह ग्राम भोजापुरा से आगे घाटी के पास पहुंचे, तभी बाइक सवार चार लोगों ने उनकी बाइक के आगे अपनी बाइक लगाकर रोक लिया। कमल ने जैसे ही बाइक रोकी, वैसे ही चारों ने उनकी बाइक की चाबी निकाल ली और जेब में रखे तीस हजार रुपए छीन लिए। इस दौरान पीछे से स्विफ्ट कार से आ रहे राकेश और ऑल्टो कार सवार राजेश ने उन लोगों को पकड़ना चाहा तो आरोपियों ने डंडा मारकर उनकी कार में तोड़फोड़ कर दी। उसके बाद उनकी बाइक और रुपए छीनकर भाग निकले। बाद में कमल सिंह ने थाने जाकर लूटपाट और तोड़फोड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई। लूटे गए सामान की कीमत अस्सी हजार रुपए बताई गई है।

### फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों पर शंका

आरोपियों ने बजाज कंपनी की जिस बाइक को छीना है, वह कमल सिंह के रायसेन में रहने वाले परिचित व्यक्ति की बताई गई है। पुलिस का अनुमान है कि उक्त बाइक फाइनेंस कराई गई होगी, जिसकी किस्त नहीं भरने पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने बाइक छीनी होगी। हालांकि घटना के सही कारणों का खुलासा आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगा। फरियादी ने पुलिस को आरोपियों के हुलिया और कुछ संभावित नाम भी बताए हैं। पुलिस इसी आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है।

## होटल की पार्किंग में खड़ी कार से बैग में रखा एक लाख का सामान चोरी, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही पुलिस

कमला नगर स्थित एक होटल की पार्किंग में खड़ी महिला की कार से बदमाश बैग चोरी कर ले गए। चोरी गए बैग में सोने की चेन और पैंडल समेत करीब एक लाख रुपए का सामान रखा हुआ था। काफी प्रयासों के बाद भी जब बैग का कुछ पता नहीं चला तो महिला ने थाने जाकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करवा दिया। पुलिस पार्किंग में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार अयोध्या नगर में रहने वाली सरिता चावला ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। बीती चार दिसंबर की रात वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए कमला नगर स्थित होटल पहुंची थी। उन्होंने अपनी कार होटल की पार्किंग में खड़ी की और कार्यक्रम में चली गईं। समारोह में शामिल होने के बाद वह अपने घर चली गईं। अगले दिन देखा तो कार के अंदर रखा उनका एक पर्स गायब था। पर्स के अंदर सोने की चेन और पेंडल समेत करीब एक लाख रुपए की ज्वेलरी रखी हुई थी। बाद में उन्होंने होटल वालों से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। कई दिनों तक प्रयास करने के बाद भी जब होटल वालों की तरफ से कोई मदद नहीं मिली तो सरिता ने थाने जाकर शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


फाइल फोटो

## खबर संक्षेप



### नगर में रोजाना लग रहा लंबा जाम

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद की सीएमओ पिछले तीन दिन से मुख्य सड़क का अतिक्रमण हटवाती हैं, इसके बावजूद बाजार में सड़कों पर वाहन, मकान बनने का मटेरियल, दुकानों का सामान सड़क पर आ जाता है, जिसके कारण नगर में रोजाना मुख्य चौराहे पर जाम लगता है। जाम में कई बार स्कूल बस भी घंटों फंसी रहती। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बताया कि मैं दिखवाता हूं। एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि नगर में जाम लगने की कई शिकायत मिली है। मैं खुद सड़क पर खड़े हुए वाहनों पर कार्रवाई कर हटवाऊंगी।

### हिंदू सम्मेलन कल, आज निकलेगी वाहन रैली

**मंडीदीप।** हिंदू समाज की एकता, संस्कृति, संस्कार और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सकल हिंदू समाज द्वारा मंडीदीप में 28 दिसंबर को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा है। इससे पूर्व शनिवार शाम 4 बजे भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। रविवार को हिंदू सम्मेलन के साथ धर्मसभा एवं उद्बोधन आदि कार्यक्रम सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के समापन के बाद दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक सहभोज का कार्यक्रम रखा गया है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर एकता, जागरण और राष्ट्रबोध का संदेश देना है।

### सरकारी जमीन पर बने चार अवैध मकान ढहाए

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने शुक्रवार को जिला प्रशासन की कार्रवाई में सहयोग करते हुए बैरागढ़ भौरी जमुनिया गांव में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने चार मकान ढहा दिए। यहां बने चार छप्पर भी तोड़े गए। निगम के अमले ने चूना भट्टी, कलियासोत नदी, कोलार डी मार्ट, बंजारी चौराहा, बागमुगालिया, ओम नगर चौराहा, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा, पालीटेक्निक चौराहा, भारत टॉकीज आदि क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

### तस्करी के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** मादक पदार्थ गांजा की उड़ीसा से भोपाल लाकर अवैध रूप से तस्करी करने के मामले के आरोपी मोनू अहिरवार (27) निवासी आगर मालवा मप्र को एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश डॉ. मुकेश मलिक के न्यायालय ने सुनवाई के बाद प्रकरण की गंभीर प्रकृति को देखते हुए जामनद आवेदन निरस्त कर दिया है। अभियोजन के अनुसार पुलिस थाना क्राइम ब्रांच भोपाल के उप निरीक्षक ने 19 सितंबर 2024 को यस बैंक के सामने एमपी नगर भोपाल से आरोपी के कब्जे से 2 किलोग्राम गांजा बरामद किया था।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2794 | | |
| दिनः | 260 | 84 | 789 |
| रातः | 135 | 97 | 458 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 348 | 53 | 670 |
| रातः | 570 | 27 | 340 |

कोलार थाना क्षेत्र के रातीबड़ जाने वाली सड़क पर हुआ हादसा


# दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में सिविल कांट्रेक्टर की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित अमरनाथ कॉलोनी से रातीबड़ जाने वाली सड़क पर छोटे पुल के पास गुरुवार शाम दो कार में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कार सवार सिविल कांट्रेक्टर की मौत हो गई, जबकि दूसरी कार में सवार दो लोग घायल हुए है। हादसे में दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सिविल कांट्रेक्टर कार में अकेले थे, जबकि दूसरी कार में तीन युवतियां और दो युवक थे। सभी शराब के नशे में धुत थे।

पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों कार जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार कान्हाकुंज फेस-टू कोलार निवासी अब्दुल रशीद खान (42) सिविल कॉंट्रेक्टर थे। गुरुवार शाम करीब साढ़े 6 बजे वह अपनी टोयोटा ग्लेंजा कार से अमरनाथ कॉलोनी के सामने से होते हुए नीलबड़ की ओर जा रहे थे। इस बीच छोटी पुलिया के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार वाक्स वेगन वेंटो कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रशीद खान की कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से चिपट गया। वह सीट और स्टीयरिंग के बीच फंस गए, जबकि दूसरी कार में सवार दो लोग भी घायल हो गए थे। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को हादसे की सूचना दी।

*जोरदार टक्कर लगने से स्टीयरिंग और सीट के बीच फंसे सिविल कांट्रेक्टर, अस्पताल में मौत*


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त दूसरी कार।

### वेंटो कार में सवार लोगों को बचाने में जुटी पुलिस

मृतक के बेटे ने बताया कि घटना के समय वह कोचिंग क्लास में था। जब वह मौके पर पहुंचा तो कुछ लोगों ने बताया कि वाक्स वेगन वेंटो कार में तीन लड़की और दो लड़के थे। वे नाबालिग थे और कार में शराब पार्टी कर रहे थे। उन्होंने रास्ते में भी दो तीन बार कार अन्य वाहनों को टक्कर मारने का प्रयास किया था। इधर पुलिस का कहना है कि वेंटो कार में चार लोग थे उनका अभी पता नहीं है। वह कार छोड़कर भाग निकले थे।

**कार में शराब की बोतल व डिस्पोजल पड़े मिले**

*लोगों का कहना है कि दूसरी कार में युवतियां व युवक सवार थे। वे नशे में धुत लग रहे थे। कार में शराब की बोतल व डिस्पोजल पड़े देखे गए। घायल रशीद खान को एंबुलेंस 108 की मदद से निजी अस्पताल रवाना किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।*

**एयरबैग खुलने के बाद भी नहीं बची जान**

*पुलिस ने बताया कि दूसरी कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। उसके भीतर के पार्ट्स टूटकर गिर गए। तेज रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दोनों कार के एयर बैग खुल गए। एयरबैग खुलने के बाद भी अब्दुल रशीद की जान नहीं बच सकी।*

### बेटे की मौत से दुखी मां ने जहर खाकर दी जान

**भोपाल।** परवलिया सड़क थाना क्षेत्र में एक महिला ने जहर खा लिया। परिजन उन्हें इलाज के लिए कुराना गांव स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर उनकी मौत हो गई। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उनके जवान बेटे की बीमारी से मौत हो गई थी। बेटे की मौत के बाद से ही वह दुखी रहने लगी थी।

अनुमान है कि बेटे की मौत से दुखी होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार रज्जा बाई कुशवाह पति भूरेलाल कुशवाह (55) कस्बा परवलिया सड़क में रहती थीं। उनके पति मजदूरी के साथ गांव में खेती किसानी करते हैं। रज्जो बाई ने गुरुवार दोपहर घर में रखा कोई जहर खा लिया।

## अखंड श्रीरामधुन के जाप से मन को शांति मिलती हैः सिद्ध भाऊ



**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर में चल रही अखंड श्रीरामधुन का समापन शुक्रवार को भोग साहिब के साथ हुआ। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण श्रीरामधुन का आनंद लेने पहुंचे। समापन पर सिद्ध भाऊ ने करते हुए कहा कि श्रीराम नाम एक एसा मंत्र है, जो भी इसका जाप करता है उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है मन को शांति मिलती है। इस अवसर पर दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी, सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, अनिल चोटरानी, नरेंद्र लालवानी, तुलसी आडवाणी, भाजपा नेता महेश खटवानी, मोहन मनवानी, परसराम आसनानी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

40 दिन से रोज़ निकाली जा रही है प्रभात फेरी

## झूलेलाल चालीहा प्रभात फेरी में शामिल होने से पूरी होती हैं सभी मनोकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब एवं 40 दिवसीय प्रभात फेरी का समापन 30 दिसंबर मंगलवार को किया जाएगा। प्रभात फेरी पूज्य बहिराणां साहिब के साथ संपन्न होगी।

बैरागढ़ पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत आसवानी ने बताया कि यह प्रभात फेरी नाहरी माह के पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब के निमित्त निकाली जा रही थी, जो भगवान झूलेलालजी के 26वें वंशज, सूर्यवंशी 1008 परम पूज्य ठकुर साईं मनीष लाल साहब (साईं भरूचवारा) के आह्वान एवं आज्ञा से प्रारंभ हुई थी। इस प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य सर्व समाज को सनातन धर्म से जोड़े रखना तथा विशेष रूप से युवाओं को अपने धर्म एवं सनातन संस्कृति से जोड़ना रहा। मान्यता है जो श्रद्धालु प्रभात फेरी में शामिल होता है उसकी मनोकामनाएं भगवान झूलेलाल जी की कृपा से अवश्य पूर्ण होती हैं।


40 दिवसीय प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग।

सांप, बिच्छू, गोहरे निकलने से लोगों में बना रहता है डर

# खाली प्लॉटों और सड़क पर भरा सीवेज का गंदा पानी, रहवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वार्ड दो महावीर कॉलोनी से लगी हुई कॉलोनी दिग्विजय नगर, विद्या नगर, विजय नगर, जानकी नगर में क्षेत्र के बड़े-बड़े नेता रहते हैं और नगर परिषद के तीन पार्षद भी रहते हैं। कांग्रेस के एवं भाजपा के एवं व्यापार महासंघ के नेता निवासरत हैं, इसके बावजूद यहां के हाल बेहाल हैं।

यहां पिछले एक साल से सिवेज का गन्दा पानी खाली प्लॉटों और सड़कों पर भरा रहता है और सांप, बिच्छू, गोहरे निकलते रहते हैं, जिसके कारण लोगों में डर बना रहता है। बारिश के दिनों में महावीर कॉलोनी की हर सड़क कीचड़ और पानी से भरी रहती है। स्थानीय रहवासियों ने कहा कि नगर परिषद अध्यक्ष, नगर परिषद सीएमओ, परिषद और इंजीनियर को कॉलोनियों की समस्याओं का निराकरण करना चाहिए, पर कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं देता। पार्षद भारती सेठी साढ़े तीन साल में 42 पत्र दे चुकी हैं, इसके बाद भी यहां के बरसात के पानी और सीवेज के पानी की निकासी की समस्या का समाधान नहीं हुआ। भाजपा नेता कांता पटेल कई बार शिकायत कर चुके हैं। व्यापार संघ के संरक्षक अशोक सेठी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मनीष गोसिंदे, बृजमोहन यादव, बसंत नामदेव, जीतू नंदवंशी, विनय जैन, भूपेंद्र नंदवंशी, कुंवर सिंह नागर, नवल मालवीय, सुनील साहू, सीताराम मालवीय, प्रेम नारायण सोनी, अंकित अग्रवाल, मौनी नागर, पंकज शर्मा आदि ने बताया कि नगर परिषद न जनता की और न ही पार्षदों की सुनती है। नगर पंचायत ने न तो रोड बनाए, न ही नाली बनाई, जिससे लोगों को परेशाानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने बताया कि महावीर कॉलोनी में निवास करता हूं, यहां अनेक समस्याएं हैं, जिसे नगर परिषद को देखना चाहिए पर अधिकारी ध्यान नहीं देते।


खाली प्लॉट में भरा गंदा पानी।


निकासी न होने से जमा नाली का गंदा पानी।

## व्यापार महासंघ का मिलन समारोह करने के लिए प्रयास जारीः अरोरा

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के सचिव एवं नगर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप अरोरा ने बताया कि हम व्यापार महासंघ के मिलन समारोह करने के लिए प्रयासरत हैं। अरोरा ने बताया कि अध्यक्ष जगदीश चंदानी के नेतृत्व में हम सब मिलकर व्यापार संघ को मजबूत बना रहे हैं। नगर के विकास के लिए भी प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, राजू भाई पटेल, दिनेश सेन, विवेक मित्तल, अमित राय, श्याम मालवीय, विजय जैन, रतन मेघानी, रमेश वासवानी आदि सदस्य व्यापार संघ को ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। ट्रेनों का स्टॉपेज के लिए व्यापार संघ प्रयासरत है। बसों में औबेदुल्लागंज की सवारियां भोपाल से और नर्मदापुरम से नहीं बिठाते है, इस समस्या के हल के लिए भी व्यापार संघ प्रयासरत है। नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, दिलीप मित्तल, संजय अग्रवाल, सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, गिरीश चावला, रवि कमल, बल्लू अरोरा का भी समय-समय पर सहयोग मिलने से व्यापार संघ मजबूत है।



टीटी नगर पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

## बेटे ने की थी मारपीट, बदला लेने पिता के ऑटो में लगा दी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित सुनहरी बाग में सीएनजी आटो में पेट्रोल छिड़कर आग लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, आरोपी टीटी नगर थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है। आटो चालक के बेटे ने इसी वर्ष मार्च में आरोपी से मारपीट कर दी थी। इसी का बदला लेने आरोपी ने उसके पिता के आटो में आग लगा दी। आटो जलने से उसके पास खड़ी पल्सर, हाथ ठेला और एक्टिवा जल गई थी।

पुलिस के अनुसार रामप्रसाद राही (42) सुनहरी बाग, ब्लाक नंबर-6 के सामने जवाहर चौक टी टी नगर में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि अपने घर से कुछ दूरी पर उन्होंने अपना सीएनजी आटो खड़ा किया था। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी उनके आटो में किसी ने आग लगा दी। आग लगने से आटो और पास खड़ा हाथ ठेला, पल्सर बाइक सहित एक्टिवा जल गई थी। पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज किया। पुलिस को घटनास्थल से एक सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी मिला था। फुटेज में आरोपी पेट्रोल छिड़कर आटो में आग लगाते हुए नजर आया था। उसकी पहचान विशाल उर्फ विस्सू पिता करोडीलाल वर्मा (52) सुनहरी बाग टीटी नगर के रूप में की गई। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सुनहरी बाग के पुराने खाली क्वार्टरों में छिपा है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

कोर्ट ने 4000 रुपए के अर्थदण्ड की भी सुनाई सजा

## व्यापमं के आरक्षक भर्ती परीक्षा के दोषी को 5 वर्ष का कारावास

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा वर्ष 2016 में भोपाल में आयोजित की गई आरक्षक भर्ती परीक्षा घोटाला मामले के आरोपी सुनील कुमार कुशवाहा आयु 37 वर्ष निवासी कमतरी मोड़. थाना जैतपुर जिला आगरा उत्तर प्रदेश को अपर सत्र न्यायाधीश प्रवीण पटेल ने भादंसं की धारा-419, 420,467, 468,471,120 बी एवं मप्र मान्यता पात्रता परीक्षा अधिनियम 1937 की धारा-3 घ(1) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 4000 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने प्रकरण के एक सहआरोपी अर्जुन कुमार यादव को फरार घोषित कर दिया है।

अभियोजन के अनुसार व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा 6 अगस्त 2016 को ट्रबा कॉलेज करोंद भोपाल में आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में आरोपी सुनील कुमार ने दलालों से मिली भगत कर अपने स्थान पर साल्वर अर्जुन कुमार को बैठाकर परीक्षा पास की थी। परीक्षा केंद्र के प्रभारी शालिग्राम विश्वकर्मा की शिकायत पर थाना निशातपुरा ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण की विवेचना की थी।

### साहिबजादों के बलिदान को याद कर छायाचित्र पर किया माल्यार्पण

संस्कार विद्यालय में वीर बाल दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

## जो धर्म के मार्ग पर चल रहा है, उनके उपदेशों को सदैव याद रखना है : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संस्कार विद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर चार साहिबजादों के बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, चन्दर नागदेव, राम बंसल द्वारा चार साहिबजादों की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की।

इस अवसर पर रामेश्वर शर्मा ने चार साहिबजादों को नमन करते हुए कहा कि आज हमने गुरुगोबिन्द सिंह के बलिदान को याद करने के लिए एकत्रित हुए हैं तथा उनके बलिदानों को हमें हमेशा याद रखना है, धर्म के मार्ग पर चलते रहना है और जो धर्म के मार्ग पर चल रहा है, उनके उपदेशों को सदैव याद रखना है। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक घर के बच्चों को वीर बाल दिवस के बारे में बताना है तथा चार साहिबजादों के बलिदान की कहानी उन्हें सुनानी है। भारत की मां की यह विशेषता रही है कि वह अपने बच्चों को तैयार कर युद्ध में भेजती है, वह अपने आंसुओं से उन्हें रोकती नहीं है, उन्हें वीरता एवं निडरता से परिपूर्ण करके घर से विदा करती है और कहती है कि जाओं और हिन्दू धर्म के लिए अपने प्राणों का न्यौछावर कर दो। संस्था के अध्यक्ष सुषील वासवानी ने कहा कि इस साल पहली बार हमारे विद्यालय में वीर बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, चार साहिबजादों के साथ हुई घटना के बारे में कल्पना करके ही हमारी रूह काँप जाती है, जो उन वीर बालकों के साथ हुआ हमें उन वीर बालकों की वीरता से सीखना चाहिए की धर्म की खातिर यदि जान भी चली जाए तो हमें नहीं घबराना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, सीमा शर्मा, प्रियांषी आडवानी, समस्त षिक्षक-षिक्षिकाएं मौजूद थी।


संस्कार विद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर विधायक शर्मा सहित अन्य।

### साड़ी वॉकथान इंदौर जैसे आयोजन प्रदेश के अन्य शहरों में भी किए जाएं, ताकि विकास को मिले गति

# मृगनयनी, विंध्या वैली, कबीरा और प्राकृत जैसे नामचीन ब्रांड के विक्रय केंद्रों का जिला स्तर तक किया जाएगा विस्तार


कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के कार्यों की जानकारी लेते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के आगामी 3 वर्ष की कार्ययोजना की जानकारी ली

प्रदेश के हैण्डलूम और हस्तशिल्प उत्पादों की सोशल मीडिया पर उपस्थिति बढ़ाएं

## महेश्वर के किले पर उकरे गए डिजाइन बनेंगे आधार, मुख्यमंत्री ने की कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हैण्डलूम और हस्तशिल्प से जुड़ी गतिविधियां महिलाओं की दक्षता और क्षमता का सदुपयोग करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हैं।

इन गतिविधियों से स्व-सहायता समूहों और लाड़ली बहनों को जोड़ते हुए मृगनयनी तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अन्य ब्राण्ड के विक्रय केन्द्रों का विस्तार जिला स्तर तक किया जाए। इन ब्राण्डों की फ्रेंचाइजी भी निजी उद्यमियों और समूहों को प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की 2 वर्ष की उपलब्धियों तथा आगामी 3 वर्ष की कार्य योजना के संबंध में शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**अंतरराष्ट्रीय मार्केट में दर्ज कराया जाए इन उत्पादों का महत्व**

### चयनित जिलों में पॉयलेट प्रोजेक्ट किए जाएं

*लाड़ली बहनों को लूम तथा चरखे उपलब्ध कराकर उत्पादन शुरू करने के लिए चयनित जिलों में पॉयलेट प्रोजेक्ट किए जाएं। इस गतिविधि में निजी पहल को भी प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश के हैण्डलूम और हस्तशिल्प की सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मार्केट में प्रस्तुति दर्ज कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हस्तशिल्प और हैण्डलूम से जुड़े विभाग के ब्राण्ड मृगनयनी, विंध्या वैली, कबीरा और प्राकृत के उत्पाद मप्र पर्यटन की इकाइयों और प्रदेश के प्रमुख धार्मिक केन्द्रों तथा लोकों में विक्रय के लिए आकर्षक रूप से प्रदर्शित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने साड़ी पहनने की गौरवशाली परम्परा को प्रोत्साहित करने के लिए इंदौर में हुए साड़ी वॉकथान जैसे आयोजन प्रदेश के अन्य शहरों में करने के निर्देश दिए।*

### निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेशम उत्पादन गतिविधियों का प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तार करने तथा इस गतिविधि में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न प्रकार के उत्पादों के जीआई टैग प्राप्त की जानकारी का संकलन एकीकृत रूप से किया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिथियों को भेंट करने के लिए प्रदेश के हेरिटेज महेश्वरी स्टोल का चयन किया गया है। विभाग की ओर से यह स्टोल विशेष रूप से गोंड पेंटिंग और बेलमेटल से सुसज्जित लकड़ी के बॉक्स में प्रदाय किए जा रहे हैं। इन स्टोल की मांग विदेशी दूतावासों से भी प्राप्त हुई है।

### कुल 63 करोड़ रुपए अनुदान राशि वितरित की

*बैठक में विगत दो वर्ष की उपलब्धियों के संबंध में बताया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 2568 ग्रामोद्योग इकाइयों को स्वीकृति प्रदान की गई। कुल 63 करोड़ रूपए अनुदान राशि वितरित की गई तथा बैंकों से 252 करोड़ रूपए का ऋण स्वीकृत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 6300 नवीन रोजगार सृजित हुए। कौशल उन्नयन विकास कार्यक्रम में 1710 लोगों को प्रशिक्षण तथा 1197 का प्लेसमेंट कराया गया। विभाग की ओर से 10 करोड़ रूपए की सामग्री का उत्पादन किया गया तथा एम्पोरियम से 23 करोड़ रुपए की सामग्री का विक्रय हुआ। भोपाल में जवाहर चौक और भोपाल हाट में नवीन एम्पोरियम शुरू किए गए।*

### 52 डिजाइन की साड़ियां तैयार कराई जा रही हैं

*बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मां अहिल्यादेवी की 300 वीं जयंती के उपलक्ष में महेश्वर के किले पर उकरे गए डिजाइन के अनुसार मां अहिल्यादेवी को समर्पित 52 डिजाइन की साड़ियां तैयार कराई जा रही हैं। रेशम समृद्धि योजना का विस्तार प्रदेश के सभी जिलों में किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि इंदौर में 7 मार्च को आयोजित साड़ी वॉकथान में 27 हजार महिलाओं की भागीदारी की गई। कुनो चीता अभ्यारण्य में विक्रय के लिए प्रदेश की 35 से अधिक क्रॉफ्ट पर चीता थीम पर नए गिफ्ट आयटम बनाए जा रहे हैं।*


पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री गौर।

### भोपाल में बनेगा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सिम्युलेटरी स्पेस सेंटर: गौर

मध्यप्रदेश के युवाओं को विज्ञान, सुरक्षा और राष्ट्रनिर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में राज्य सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत राजधानी भोपाल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सिम्युलेटरी स्पेस सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा रहा है। यह केंद्र युवाओं में स्पेस टेक्नोलॉजी के प्रति वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा विकसित करेगा। गौर ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से तैयार इस प्रस्तावित सेंटर में मिसाइल और सैटेलाइट विकास की पूरी यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही जीरो ग्रेविटी वातावरण का सिम्युलेटरी अनुभव देने वाली अधोसंरचना विकसित की जाएगी।

**शौर्य संकल्प' से सुरक्षा बलों तक युवाओं की सीधी राह:** कृष्णा गौर ने अत्यंत पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए प्रस्तावित शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2025 को भी ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत हर वर्ष करीब चार हजार युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**मुख्यमंत्री करेंगे आदर्श छात्रावास का शुभारंभ:** राज्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के ओबीसी छात्रावासों को आदर्श छात्रावास के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिम, पुस्तकालय, वाचनालय, वाई-फाई, कंप्यूटर कक्ष और खेल सुविधाओं से लैस इन छात्रावासों पर करीब 16 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग बनने के बाद पहली बार छात्रावासों में निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था शुरू की जा रही है।

**'सोशल इंपैक्ट बॉन्ड' के माध्यम से युवाओं को भेजेंगे विदेश :** कृष्णा गौर ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 7.5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को लाभ दिया गया है। विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना को पारदर्शी बनाकर हर वर्ष 50 छात्रों को सहायता दी जा रही है। इसके साथ ही बेरोजगार युवाओं को जापान और जर्मनी में रोजगार दिलाने की पहल की जा रही है। सोशल इंपैक्ट बॉन्ड के माध्यम से आगामी समय में 600 युवाओं को विदेश भेजने की योजना है।

**महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने गिनाई उपलब्धियां**

# महिला और बच्चे के पोषण की ऑनलाइन ट्रेकिंग, कुपोषण से मिलेगी निजात

**भोपाल।** प्रदेश में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण के लिए दिए जाने वाले पोषण आहार की ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जा रही है। जिसके तहत पोषण आहार को ट्रेकर से बांटा जा रहा है, ऐसे में कुपोषण को रोका जा सकेगा। इधर गर्भवती महिलाओं के पोषण के लिए भी फेस रिकॉग्निशन सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। महिला बाल विकास के डिजिटल नवाचारों से कुपोषण की दर को कम किया जा सकेगा। यह बात शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री निर्मला भूरिया ने मोहन सरकार के दो साल पूरा होने पर विभाग की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जागरुकता अभियानों की मदद से बाल विवाह की दर को दस फीसद तक कम किया जा सका है। आने वाले दिनों में इसे पूरी तरह से खत्म किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर संपर्क ऐप, पोषण ट्रैकर और फेसियल रिकॉग्निशन सिस्टम जैसे डिजिटल नवाचारों से निगरानी शुरु कर दी है।

### एक करोड़ 26 लाख महिलाओं को प्रतिमाह लाड़ली बहना की राशि

### शहरी क्षेत्रों में वर्किंग वूमन के लिए बनेंगे आठ नए हॉस्टल


पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया।

### 31 महीनों में लाड़ली बहनों को बांटे 48 हजार 632 करोड़

मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत जून 2023 से दिसंबर 2025 तक योजना की 31 किश्तों का भुगतान किया गया है। वर्तमान में 1 करोड़ 26 लाख से अधिक महिलाओं को अब तक 48 हजार 632 करोड़ रुपए से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में दी गई है।

**दो साल में साढ़े छह लाख बेटियां बनीं लाडली लक्ष्मी:** उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 52 लाख से अधिक बेटियों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। पिछले दो सालों में 6 लाख 40 हजार बेटियों को 350 करोड़ रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन राशि दी गई है।

### ढाई लाख महिलाओं को एक कॉल पर मिली मदद

प्रदेश में संचालित 57 वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। बीते दो वर्षों में 54 हजार 627 से अधिक महिलाओं को यहां स्वास्थ्य, परामर्श, विधिक और पुलिस सहायता दी गई। वहीं, महिला हेल्पलाइन 181 से 2 लाख 36 हजार महिलाओं को मदद दी गई। मंत्री ने बताया कि कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रदेश में पहली बार 284 करोड़ रुपए की लागत से 5 हजार 121 सीटर 8 नए वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाए जा रहे हैं।

### एसआईआर के मामले में कोर्ट जाएगी कांग्रेस

# वर्ष 2026 से नए जोश में कांग्रेस संगठन मजबूत करने का प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की। बैठक में संगठन सृजन अभियान, जनसंपर्क बढ़ाने और आने वाले राजनीतिक संघर्ष की रणनीति पर लंबा मंथन हुआ।

पार्टी ने साफ संकेत दिए कि 2026 में कांग्रेस प्रदेश से लेकर गांव और वार्ड स्तर तक पूरी ताकत से सक्रिय रहेगी। बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, विधायक, पूर्व मंत्री, सांसद और सभी जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। बड़ी संख्या में नेताओं की मौजूदगी को संगठनात्मक एकजुटता के तौर पर देखा जा रहा है।


प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का दृश्य।

### चुनावी निष्पक्षता पर उठे मुद्दे

*प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने एसआईआर प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। साथ ही भाजपा पर संविधान और गांधी के विचारों के विपरीत काम करने का आरोप भी लगाया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक पूरे प्रदेश में पंचायत, वार्ड और मंडल स्तर पर संगठन का पुनर्गठन पूरा कर लिया जाएगा।*

### आज सीएम सतना में देंगे विकास कार्यों की सौगात

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 दिसम्बर को सतना जिले को 652 करोड़ 54 लाख रुपए लागत के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री सतना शहर में 31 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अंतरर्राज्यीय बस टर्मिनल और 8 करोड़ 39 लाख रुपए लागत के नवनिर्मित धवारी क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आईएसबीटी सतना में आयोजित कार्यक्रम में सतना शहर के 168 लाख 33 हजार रुपए लागत के 6 कार्यो का लोकार्पण और 484 करोड़ 21 लाख रुपए लागत के 6 विकास कार्यो का भूमिपूजन भी करेंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। 650 बिस्तरीय नवीन चिकित्सालय भवन का भूमि-पूजन मुख्यमंत्री डॉ. यादव शासकीय मेडिकल कॉलेज सतना में आयोजित कार्यक्रम में 383 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 650 बिस्तरीय नवीन चिकित्सालय भवन के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे।

# डॉ. शंकर दयाल शर्मा की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश के पूर्व राष्ट्रपति, भोपाल के सपूत, राजनेता एवं संविधान के सजग प्रहरी स्वर्गीय डॉ. शंकर दयाल शर्मा की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को रेत घाट चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, अरुण श्रीवास्तव, डॉ. शर्मा के परिजन, अशोक मारन, पूर्व पार्षद वात्सल्य जैन, सोनू भावा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शंकर दयाल शर्मा के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान, संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट निष्ठा तथा उनके सादगीपूर्ण जीवन को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र नमन किया गया।


स्व. शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस नेता।



### राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन से उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने की भेंट

*भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के नव-नियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से नई दिल्ली में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शिष्टाचार भेंट की। पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।*

# वेदर इन्फोर्मेशन नेटवर्क से किसानों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में अनेक प्रतिनिधिमंडल मिले। इनमें विधायक अर्चना चिटनिस और मंजू दादू भी शामिल हैं। विधायक, बुरहानपुर अर्चना चिटनीस ने विकास कार्यक्रमों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया, वहीं विधायक नेपानगर श्रीमती मंजू राजेंद्र दादू ने वेदर इन्फोर्मेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टम (विंड्स) केंद्र की कैबिनेट की स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त किया। इस केन्द्र के संचालन से मौसम आधारित आंकड़े उपलब्ध होंगे और कृषकों के हित में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन तेजी से होगा। विधायक श्रीमती मंजू राजेंद्र दादू के साथ आए जनप्रतिनिधियों एवं प्रमुख नागरिकों में ग्राम कोरिया कौन के निवासी कृष्ण पटेल भी शामिल थे जो पहली बार राजधानी आए।


पोस्टर लांच करते सीएम डॉ. यादव।

### उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएगा मप्र जन अभियान परिषद

# मुख्यमंत्री ने किया ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का पोस्टर लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र जन अभियान परिषद स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती 12 जनवरी से गणतंत्र दिवस 2026 तक ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत ग्राम विकास पखवाड़ा आयोजित कर रहा है। इस अभियान के पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में किया। इस अवसर पर परिषद् के उपाध्यक्ष मोहन नागर एवं कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाइ सहित योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य परिषद् की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है।

## समाधान योजना का प्रथम चरण 31 दिसंबर तक, उठाएं सरचार्ज में सौ फीसदी तक छूट का लाभ

### योजना में अब तक 2 लाख 46 हजार 372 बकायादार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

# 255 करोड़ 53 लाख मूल राशि हुई जमा, 133 करोड़ 40 लाख रुपए का सरचार्ज हुआ माफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 का लाभ लाखों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में ही अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके सौ फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 का प्रथम चरण चल रहा है, जो कि 31 दिसंबर 2025 को समाप्त होगा। इस दौरान बकायादार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ मिल रहा है। हालांकि 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक दूसरा चरण चलेगा, लेकिन उसमें सरचार्ज माफी का प्रतिशत कम हो जाएगा इसलिए प्रथम चरण में ही योजना में शामिल होकर अधिकतम लाभ उठाएं।



अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 2 लाख 46 हजार 372 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 255 करोड़ 53 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 133 करोड़ 40 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है।

### समाधान योजना 2025-26 : एक नजर में

*समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में जो कि एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी, इसमें 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल हेतु portal.mpcz.in पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय एप एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) तथा एमपी ऑनलाइन पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। पंजीयन के दौरान अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं।*

### एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

## पेज एक का शेष...

### अजयराज ने...

पड़ा बबूल का मोटा डंडा उठाया और मगरमच्छ पर लगातार वार शुरू कर दिए। अचानक हुए इन प्रहारों से मगरमच्छ घबरा गया और कुछ ही क्षणों में वीरभान को छोड़कर वापस नदी में चला गया।

### राजगढ़-पचमढ़ी...

रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में पारा 7 डिग्री, जबकि इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि फिलहाल ठंड से राहत के आसार कम हैं। जबकि आने वाले दिनों में रात का तापमान और गिर सकता है।

### सिख वीरों के बलिदान...

कुर्बानियां दीं। वीर बाल दिवस, 10 वें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह के छोटे बेटों की असाधारण वीरता और शहादत की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को समर्पित वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा हमीदिया रोड पहुंच कर माथा टेका तथा संगत को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि साहिबजादा फतेह सिंह और जोरावर सिंह की शहादत पर हर वर्ष वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। बहुत छोटी उम्र में साहिबजादों ने अन्याय के सामने झुकने से इनकार कर दिया और धर्म व सच्चाई की रक्षा के लिए महान साहस दिखाया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्चाई, हिम्मत और आत्मसम्मान सबसे बड़ी ताकत हैं।

मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारे में मौजूद बच्चों के साथ बैठकर कीर्तन का श्रवण किया और बच्चों को दुलार भी किया। इस मौके पर गुरुद्वारा हमीदिया रोड के आयोजन में संपूर्ण व्यवस्थाओं का संचालन बच्चों ने किया। गुरुद्वारे में बच्चों की ओर से कीर्तन दरबार का संचालन किया गया और चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### धर्म और विज्ञान में कोई...

भी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म और विज्ञान में कोई टकराव नहीं है। बस, उनके रास्ते अलग हैं, मंजिल एक ही है। हमारे विकास की सोच का आधार धर्म है। धर्म सिर्फ मजहब नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और ब्रह्मांड के चलने का तरीका है। इससे पहले संघ प्रमुख ने भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन किए। डॉ. भागवत ने कहा कि हमें लोगों को पुरानी और नई अंधविश्वासों से बाहर निकालने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 10,000 साल तक पारंपरिक खेती से जमीन सुरक्षित रही, लेकिन ज्यादा रासायनिक खाद के इस्तेमाल से समस्याएं पैदा हुईं।

### खजुराहो एयरपोर्ट बना...

गया। इस सर्वे में यात्रियों ने सुविधाओं और स्टाफ के व्यवहार के लिए इसे सर्वोच्च अंक दिए। एएआई के कस्टमर सैटिस्फेक्शन सर्वे राउंड 2 में एयरपोर्ट का मूल्यांकन स्वच्छता, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं जैसे मानकों पर किया गया। सर्वे में यात्रियों से एयरपोर्ट स्टाफ के व्यवहार और उपलब्ध सुविधाओं पर प्रतिक्रिया ली गई। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा के हर पैमाने पर खजुराहो एयरपोर्ट को उच्चतम अंक प्राप्त हुए। यात्रियों ने खजुराहो एयरपोर्ट की साफ-सफाई, प्रतीक्षा क्षेत्रों में बैठने की सुविधा, सामान वितरण की तेज व्यवस्था और सुरक्षित माहौल की तारीफ की। एयरपोर्ट स्टाफ का मददगार रवैया भी इसे शीर्ष स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण रहा।

### पं. धीरेंद्र शास्त्री के...

पहले उन्हें सलामी दी और इसके बाद उनके पैर छू लिए। पुलिस विभाग के नियमों के अनुसार वर्दीधारी अधिकारी का ड्यूटी के दौरान इस तरह किसी धार्मिक गुरु के पैर छूना वर्दी की गरिमा और सेवा नियमों के खिलाफ माना जाता है। इसी को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया और नियमों के उल्लंघन के आधार पर टीआई तिवारी को लाइन हाजिर कर दिया।

### ग्रामीण युवक ने...

योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से नाराज होकर पंचायत कार्यालय पहुंचा था। ग्रामीणों का कहना है कि वह नशे की हालत में था। आरोप है कि उसने गाली-गलौज करते हुए पंचायत कार्यालय की टेबल पर पेट्रोल डालना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की और दरवाजा बंद कर दिया, लेकिन वह नहीं माना। कुछ ही देर बाद उसने दरवाजा खोलकर जलती माचिस की तीली टेबल पर फेंक दी, जिससे आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। डामोर ने बताया कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। आर्थिक तंगी के कारण उसके नाबालिग बेटे को हम्माली का काम करना पड़ रहा है। इसी मानसिक तनाव में उसने यह कदम उठाया।

### होटल,गेस्ट हाउस...

बुकिंग करा ली हैं। छोटे गेस्ट हाउस और होम स्टे भी भरे हैं। खाली हैं तो बहुत महंगे हैं। दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और हरियाणा के लोगों ने सर्वाधिक बुकिंग कराई है। ठाकुर श्री बांकेबिहारी मंदिर के साथ साथ इस्कॉन मंदिर, श्रीराधाबल्लभ मंदिर और श्री राधारमण मंदिर भी लोगों की भीड़ उमड़ती है। वहीं संत प्रेमानंद के दर्शन के लिए श्रद्धालु बेताब हो रहे हैं। जिले में 900 से अधिक होटल और गेस्ट हाउस हैं, जबकि 500 से अधिक आश्रम हैं।

# नौकरी दिलाने के बहाने यूनिवर्सिटी में युवती से ज्यादती, बाबू व प्यून को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जबलपुर में कृषि विश्वविद्यालय में नौकरी दिलवाने के नाम पर 22 साल की युवती से रेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी यूनिवर्सिटी का बाबू और प्यून हैं, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बाबू ने नौकरी दिलवाने का झांसा देकर युवती को यूनिवर्सिटी कैंपस में बुलाया और फिर प्यून के घर ले जाकर उसके साथ रेप किया। आरोपियों ने पीड़िता को धमकी भी दी थी कि अगर किसी को घटना के बारे में बताया तो नौकरी नहीं मिलेगी और बदनामी होगी। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद दोनों आरोपी अपने आप को निर्दोष बता रहे हैं।

22 साल की युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि करीब 20 दिन पहले उसे पता चला कि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में संविदा में नौकरी की पोस्ट निकली है। उसने नंबर तलाश कर जब कुलगुरु के दफ्तर में फोन किया तो कॉल दुर्गाशंकर सिंगरहा ने उठाया, जो यूनिवर्सिटी में अपर डिवीजन क्लर्क है। उसने नौकरी निकली होने की बात की पुष्टि करते हुए सारे दस्तावेज लेकर युवती को यूनिवर्सिटी बुलाया। युवती ने यूनिवर्सिटी पहुंचकर बाबू दुर्गाशंकर को संबंधित दस्तावेज दिए जिस पर बाबू ने नौकरी लगवाने की बात कही। इसके बाद एक से बार दोनों के बीच बीतचीत और मुलाकात भी हुई। पीड़िता के मुताबिक 25 दिसंबर को बाबू दुर्गाशंकर ने फोन कर उसे यूनिवर्सिटी बुलाया और कहा कि इंटरव्यू होने वाले हैं। वो शाम को यूनिवर्सिटी पहुंची तो बाबू ने उसे कैंपस में बने प्यून मुकेश सेन के घर पर बुलाया।

### घर का दरवाजा बंद कर भागा प्यून

पीड़िता ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि प्यून मुकेश सेन के घर में पहुंचने के बाद थोड़ी देर तो वो साथ में बैठे रहे और फिर प्यून मुकेश सेन कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर चला गया। इसके बाद बाबू दुर्गाशंकर सिंगरहा ने उसके साथ रेप किया। इस दौरान पीड़िता आरोपी से रहम की भीख मांगती रही, लेकिन आरोपी ने उस पर तरस नहीं खाया। बाद में आरोपी बाबू और प्यून और कैंपस के बाहर तक छोड़ने आए और धमकी दी कि अगर किसी को कुछ बताया तो नौकरी नहीं मिलेगी और बदनामी भी होगी। पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और शुक्रवार को पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कुछ ही घंटों में आरोपी बाबू दुर्गाशंकर सिंगरहा और प्यून मुकेश सेन को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## झाड़ियों में मिला मवेशी का कटा हुआ सिर, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के विदिशा रोड स्थित लाल कोठी इलाके में झाड़ियों के बीच शुक्रवार को मवेशी का कटा हुआ सिर मिला है। मौके पर पहुचे हिंदू संगठनों द्वारा इसके विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक घटना की तह तक पहुंचाने के लिए घटनास्थल के आसपास तमाम मुख्य मार्गों के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल अवशेष को फेंकने वाले की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं बड़ी संख्या में पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भी सर्चिंग की, लेकिन अन्य अवशेष नहीं मिल सके हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने नारेबाजी भी की।

# ट्रैक्टर फायनेंस कराकर लोन कराया माफ, दूसरा ऋण लिया फरार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



बैरसिया पुलिस ने चार साल से धोखाधड़ी के इनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी से ट्रैक्टर फायनेंस कराते हुए सात लाख रुपए का लोन कराया था। बाद में कूटरचित एनओसी तैयार कर आरटीओ में पेश की और लोन माफ करा लिया।

लोन माफ होने के बाद आरोपी ने श्रीराम फाइनेंस से एक बार फिर उसी ट्रैक्टर पर चार लाख रुपए फाइनेंस करा लिए थे। फर्जी तरीके से लोन लेने के बाद आरोपी किस्त नहीं चुका रहा था। कंपनी ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर किया। वर्ष 2022 में कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी, लेकिन आरोपी गांव छोड़कर भोपाल में फरारी काट रहा था। एसआई हरिशंकर वर्मा ने बताया कि आरोपी जीतेन्द्रसिंह यादव पिता पैजनसिंह यादव (41) साल निवासी ग्राम रोझिंया थाना बैरसिया में रहता है। उसने वर्ष 2017 मे महिन्द्रा एंड महिन्द्रा कंपनी से सात लाख रुपए का लोन कराते हुए महिन्द्रा कंपनी का एक ट्रेक्टर 575 डीआई लिया था। आरोपी द्वारा महिन्द्रा एंड महिन्द्रा कंपनी के लोन का भुगतान किए बिना फर्जी दस्तावेज बनाकर एनओसी तैयार कर ली। इसके बाद आरटीओं में दस्तावेज प्रस्तुत कर ट्रेक्टर का लोन माफ करा लिया। लोन माफ होने के बाद आरोपी ने श्रीराम फाइनेंस कंपनी से उक्त ट्रेक्टर पर फिर चार लाख रुपए का लोन ले लिया। महिन्द्रा एंड महिन्द्रा कंपनी ने बैरसिया कोर्ट में परिवाद दायर किया। बैरसिया कोर्ट के आदेश के बाद वर्ष 2022 मे आरोपी जीतेन्द्र सिंह यादव व उसके साथियों पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली गई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

एसआई हरिशंकर वर्मा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किए थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जीतेन्द्र सिंह यादव करोंद थाना निशातपुरा इलाके में किराए का मकान लेकर रह रहा है। थाना प्रभारी बैरसिया वीरेन्द्र सेन के नेतृत्व में टीम ने करोंद में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पति से अलग रह रही महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## घर के बाहर खेल रही थी साढ़े तीन साल की बच्ची, अंदर मां ने लगाई फांसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित झागरिया खुर्द में शुक्रवार सुबह एक महिला निकिता सूर्यवंशी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह पति से अलग साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ रह रही थी। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस को अनुमान है कि पति से अलग रहने के बाद वह दुखी थी और इसी कारण उसने फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार निकिता सूर्यवंशी पत्नी मनीष मनहर (25) झुग्गी नंबर 80, ग्राम झागरिया खुर्द, कटारा हिल्स में रहती थीं।

### घर के पास टहलते हुए नजर आई थी

आसपास के लोगों ने बताया कि करीब साढ़े 9 बजे तक निकिता घर के पास टहलते हुए नजर आई थी। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई। उसकी बेटी बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। टहलते समय वह किसी तरह से परेशान नजर नहीं दिखी। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त किया है।

### चार साल पहले हुई थी शादी

परिजन ने बताया कि निकिता की शादी 30 मई 2020 में लॉकडाउन के समय समरधा निवासी मनीष मनहर से हुई थी। करीब आठ महीने वह ससुराल में रह सकी। पति से विवाद होने के कारण वह अपनी साढ़े तीन साल की बेटी को लेकर मायके आ गई थीं। तभी से वह ससुराल नहीं गई। मृतका के परिवार में माता-पिता भाई और बहन है।

## हत्या के प्रयास के दोषी को सात वर्ष का कारावास

**भोपाल।** धारदार चाकू मारकर युवक को गंभीर रूप से घायल कर उसकी हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी आमिर खान को प्रधान सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-109 एवं आयुध अधिनियम 1959 की धारा- 25 (1-बी)(बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार थाना निशातपुरा भोपाल अंतर्गत 30 अक्टूबर 2024 को शाम 4 बजे 7 दुकान कलारी के पास करोंद भोपाल में आरोपी ने अंसार नामक व्यक्ति को बीच रास्ते में रोककर उसके पुत्र के काम पर नहीं आने की बात को लेकर विवाद करते हुए धारदार चाकू मारकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। साथियों द्वारा गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। अस्पताल की सूचना के आधार पर थाना निशातपुरा के उपनिरीक्षक शिवराज सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायल अंसार के बयान दर्ज किए थे।

## महेश ने एक करोड़ का राजस्व किया अर्जित

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में टिकट चेकिंग में इटारसी डिपो में पदस्थ महेश लिंगायत, उप मुख्य टिकट निरीक्षक ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। लिंगायत ने 1 जनवरी से 26 दिसंबर 2025 की अवधि में टिकट जांच के दौरान 14,195 यात्री पकड़े। इस मामले से एक करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। उल्लेखनीय है कि महेश लिंगायत जनवरी 2014 से टिकट जांच स्टाफ के रूप में कार्यरत हैं और अपने कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं अनुकरणीय कार्यशैली के लिए सदैव प्रशंसित रहे हैं।



















R- 04/12/25 to 17/01/26

**CHANGE OF NAME**

I. KUMARI BHASHYATI MORANG is wife of No. 14662108N Rank HAV Name PULAK BORI presently serving at 672 EME BN That I have change my name from KUMARI BHASHYATI MORANG to BHASWATI BORI due to erronesouly mentioned my name as KUMARI BHASHYATI MORANG in service document of my husband. That, I am producing this Affidavit for the purpose of evidence for change of my name.AFFIDAVIT BF 345425

**CHANGE OF DOB**

I, KUMARI BHASHYATI MORANG is wife of No. 14662108N Rank HAV Name PULAK BORI. My husband Presently serving at 672 EME BN My actual date of birth is 10.11.1992 and the same is mentioned in all other documents. But in my husband Army sheet roll/Army record my date of birth is NATHAN mentioned as 10.01.1991. I have changed my date of birth from 10.01.1991 to 10.11.1992 That I am producing this Affidavit for the purpose of evidence of my date of birth AFFIDAVIT BF 345426

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष:** कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन:** कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक:** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन:** परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6090



**बाएँ से दाए-**
1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -6089 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6100

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6099 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# अगरबत्तियों के लिए नया बीआईएससी मानक, सुरक्षा, बाजार को बढ़ावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व में अगरबत्ती का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक भारत उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक नया गुणवत्ता मानक लेकर आया है जिसके तहत अगरबत्ती निर्माण में कुछ कीटनाशक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस कदम से करीब 8,000 करोड़ रुपए के अगरबत्ती बाजार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उपभोक्ता सुरक्षा, घर के अंदर वायु गुणवत्ता, पर्यावरणीय स्थिरता और नियामकीय अनुपालन पर बढ़ते जोर के मद्देनजर अगरबत्तियों के लिए एक अलग से भारतीय मानक 'आईएस 19412:2025' विकसित किया गया है।

■ कीटनाशक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया

## भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक

### ये आवश्यकताएं तय की गई

*इसमें कच्चे माल, जलने की गुणवत्ता, सुगंध प्रदर्शन और रासायनिक मानकों से जुड़ी आवश्यकताएं तय की गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और समान गुणवत्ता वाले उत्पाद मिल सकें। मंत्रालय ने कहा, /"इससे उपभोक्ता विश्वास बढ़ेगा, नैतिक और टिकाऊ विनिर्माण पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा, पारंपरिक कारीगरों को समर्थन मिलेगा और वैश्विक बाजारों तक पहुंच बेहतर होगी।/"*

### 150 से अधिक देशों को निर्यात

*लगभग 8,000 करोड़ रुपये वार्षिक आकार वाले भारतीय अगरबत्ती उद्योग से हर साल 1,200 करोड़ रुपये मूल्य की अगरबत्तियों का निर्यात होता है। भारत अमेरिका, मलेशिया, नाइजीरिया, ब्राजील और मेक्सिको सहित 150 से अधिक देशों को अगरबत्तियां निर्यात करता है।*



### निषिद्ध पदार्थों की सूची तय की

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अगरबत्ती में उपयोग के लिए निषिद्ध पदार्थों की एक सूची भी तय की है। सूची में एलेथ्रिन, पर्मेथ्रिन, साइपरमेथ्रिन, डेल्टामेथ्रिन और फिप्रोनिल जैसे कुछ कीटनाशक रसायन शामिल हैं। इसके अलावा बेंजिल सायनाइड, एथिल एक्रिलेट और डाइफिनाइल एमीन जैसे कृत्रिम सुगंध मध्यवर्ती रसायनों पर भी रोक लगाई गई है।

### वैश्विक प्रतिबंधों को ध्यान में रखा गया

यह मानक कुछ सुगंधित यौगिकों और रसायनों पर वैश्विक स्तर पर लगाए गए प्रतिबंधों को भी ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नए मानक का अनुपालन करने वाले उत्पाद बीआईएस मानक चिन्ह भी ले सकते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आत्मविश्वास के साथ सूचित विकल्प चुनने में मदद मिलेगी।

### कई श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया

इन पदार्थों में से कई मानव स्वास्थ्य, घर के अंदर वायु गुणवत्ता और पर्यावरणीय सुरक्षा पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित हैं। नए गुणवत्ता मानक के तहत अगरबत्तियों को मशीन निर्मित, हाथ से बनी और पारंपरिक मसाला अगरबत्ती की श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

## खबर संक्षेप

### टाइटन बीऑन ब्रांड के बने हीरे के कारोबार में उतरेगी




**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी आभूषण निर्माता कंपनी टाइटन ने शुक्रवार को 'बीऑन' ब्रांड नाम के तहत प्रयोगशाला में बने हीरे के कारोबार में प्रवेश की घोषणा की। कंपनी प्रयोगशाला में बने किफायती हीरे पर ध्यान केंद्रित करते हुए 29 दिसंबर को मुंबई में एक स्टोर खोलेगी। टाटा समूह द्वारा संचालित कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

### रुपया 15 पैसे कमजोर होकर 89.86 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी के दबाव में रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 89.86 के भाव पर बंद हुआ। आयातकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग आने और व्यापार समझौते से जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया।

### भ्रामक विज्ञापनों के लिए 'विजन आईएएस' पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने शैक्षणिक संस्थान 'विजन आईएएस' पर यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अपने छात्रों के प्रदर्शन के बारे में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 11 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कानूनों के तहत बार-बार अपराध करने पर जुर्माना लगाने का यह पहला मामला है।

### सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की आईपीओ लाने योजना नहीं




**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की फिलहाल भारत में अपने कारोबार को सूचीबद्ध करने की कोई योजना नहीं है। इसके बजाय कंपनी अपने उत्पादों में कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने में तेजी लाने और सबसे महत्वपूर्ण विकास बाजारों में से एक में बिक्री बढ़ाने के लिए अपनी उपभोक्ता वित्त इकाई का विस्तार करने पर ध्यान देगी।

### सेम्बकॉर्प ने रिन्यू सन ब्राइट का अधिग्रहण किया पूरा




**नई दिल्ली।** ऊर्जा और शहरी समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की अनुषंगी कंपनी सेम्बकॉर्प ग्रीन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने रीन्यू प्राइवेट लिमिटेड से रीन्यू सन ब्राइट प्राइवेट लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। रिन्यू सन ब्राइट राजस्थान के पास फतेहगढ़ में 300 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना है।

### कोल इंडिया ने साईराम को नियुक्त किया सीईओ

Coal India Ltd

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक बी साईराम को कंपनी का सीईओ नियुक्त किया है। यह निर्णय शुक्रवार को हुई कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया। सीएमडी और सीईओ की दोहरी भूमिका में साईराम की नियुक्ति कोयला क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी में तेज और प्रभावी प्रबंधन को बढ़ावा देने के केंद्र सरकार के प्रयासों को दर्शाती है।

## स्थापित क्षमता हासिल करने के अंतिम पांच वर्षों में भारत का प्रवेश

# वर्ष 2026 में सरकार का इस्पात उत्पादन बढ़ाने, कच्चे माल की सुरक्षा पर होगा जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार आने वाले वर्ष में इस्पात उत्पादन बढ़ाने और कच्चे माल की सुरक्षा को प्राथमिकता देती रहेगी, क्योंकि भारत 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता हासिल करने के अंतिम पांच वर्षों में प्रवेश कर चुका है।

क्षमता विस्तार के साथ ही कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाने, हरित इस्पात क्षमता को बढाने और घरेलू उद्योगों तथा निर्यात बाजारों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष और उच्च-स्तरीय इस्पात के उत्पादन पर जोर बना रहेगा। इस्पात मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



■ भारत को 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित क्षमता हासिल करना है

■ क्षमता विस्तार के साथ कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर

■ निर्यात करने के लिए उच्च-स्तरीय इस्पात के उत्पादन पर जोर बना रहेगा

### एशियाई बाजार से आयात चिंता का विषय

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक है और सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण इस्पात की मांग को लगातार समर्थन मिल रहा है। हालांकि उद्योग के सामने चुनौतियां भी हैं, जिनमें बढ़ता आयात, कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताएं शामिल हैं। पहले से लागू सुरक्षा और एंटी-डंपिंग उपायों के बावजूद एशियाई बाजारों से आयात, घरेलू उत्पादकों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

### भारत ने अच्छी प्रगति की : जिंदल

जिंदल स्टील के चेयरमैन और भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने कहा कि भारत ने अच्छी प्रगति की है, लेकिन इसे और तेजी से लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगे का मार्ग निरंतर मांग सृजन, नीतिगत स्थिरता और साहसिक निवेश की मांग करता है।

### बाधाएं इस क्षेत्र में दबाव बना रही

उद्योग निकाय एसोचैम ने कहा कि सरकार का समर्थन महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन कोकिंग कोयले की बढ़ती लागत, ऊंचे लॉजिस्टिक खर्च, रेलवे रेक की सीमित उपलब्धता और अवसंरचना की बाधाएं अब भी इस क्षेत्र पर दबाव बना रही हैं। एसोचैम को नए साल में इस्पात की मांग बढ़ने की उम्मीद है और उसके मुताबिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों में आगे ढील दिए जाने की संभावना नहीं है।

### निर्यात पर दूसरे देश प्रतिबंध बढ़ा रहे

उद्योग निकाय ने कहा, ''भारतीय इस्पात निर्यात पर दूसरे देश व्यापार प्रतिबंध बढ़ा रहे हैं। यदि यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते होते हैं, तो कुछ राहत मिल सकती है, जिससे घरेलू उद्योग को समर्थन मिलेगा।''

### नए कोल भंडारों की खोज जारी

*'कोकिंग कोयले के नए भंडारों की खोज की जा रही है और आपूर्ति में विविधता लाने के लिए हम संसाधन समृद्ध देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं।'' लौह अयस्क के लिए नीलामी पहले से ही चल रही है।*

# वर्ष 2025 के दौरान घरों की बिक्री 14 प्रतिशत घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




घरों की कीमतों में उछाल और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में छंटनियां होने से देश के सात प्रमुख शहरों में वर्ष 2025 के दौरान आवासीय संपत्तियों की बिक्री में 14 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। एनारॉक ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक की रिपोर्ट कहती है कि बिक्री घटने के बावजूद घरों की कीमतों में बढ़ोतरी होने से इस साल कुल बिक्री मूल्य छह प्रतिशत बढ़कर छह लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता, हैदराबाद और चेन्नई के आवासीय बाजारों में कुल 3,95,625 घरों की बिक्री हुई जबकि 2024 में 4,59,645 इकाइयों की बिक्री हुई थी। सलाहकार कंपनी ने बताया कि घरों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी, आईटी क्षेत्र में छंटनी का दौर शुरू होने, भू-राजनीतिक तनाव और अन्य आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण आवासीय मांग पर इस साल दबाव बना रहा। वर्ष 2025 के दौरान छह प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। अकेला चेन्नई ही ऐसा आवासीय बाजार रहा जहां घरों की बिक्री में बढ़ोतरी देखने को मिली।

### पुणे में बिक्री 20 फीसदी घटी

शहरवार आंकड़ों के मुताबिक, एमएमआर में आवासीय बिक्री 18 प्रतिशत घटकर 1,27,875 इकाइयों पर आ गई। पुणे में बिक्री 20 प्रतिशत गिरकर 65,135 इकाइयों रही, जबकि बेंगलुरु में यह पांच प्रतिशत घटकर 62,205 इकाइयों पर पहुंच गई।

# कोयला, लिग्नाइट की खदानें खोलने के लिए मंजूरी की प्रक्रिया में बदलाव



■ अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा

■ प्रक्रियात्मक दोहराव हटाकर संचालन तेज करने की सुविधा मिलेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने कोयला और लिग्नाइट खदानों को खोलने से संबंधित अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए नियमों को संशोधित कर दिया है।

कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन संशोधनों से प्रक्रियात्मक दोहराव हटाकर संचालन को तेज करने की सुविधा मिलेगी जबकि नियामकीय निगरानी जारी रहेगी। कोलियरी नियंत्रण नियम, 2004 के नियम-9 के तहत खदान मालिकों को किसी भी खदान या उसकी परत को खोलने से पहले कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ) की मंजूरी लेनी होती थी। यदि कोई खदान 180 दिन या उससे अधिक समय के लिए बंद रहती थी, तो दोबारा संचालन शुरू करने के लिए भी यह मंजूरी होती थी। अब सरकार ने इस प्रक्रिया में दोहराव को कम करने, कोयला उत्पादन बढ़ाने और अनुमोदन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए नियम-9 को संशोधित कर दिया है। अब खदानों या उनकी परत को खोलने की मंजूरी संबंधित कोयला कंपनी के निदेशक मंडल से ही ली जा सकती है। मंत्रालय ने कहा, "हालांकि सुरक्षा के तौर पर यह प्रावधान रखा गया है कि संबंधित खदान/ परत को खोलने के लिए निदेशक मंडल केवल तभी मंजूरी देगा।

# विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 367 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू स्तर पर किसी बड़े सकारात्मक संकेत के अभाव में शुक्रवार को स्थानीय मानक बीएसई सेंसेक्स 367 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 100 अंकों के नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 367.25 अंक गिरकर 85,041.45 अंक पर बंद हुआ जो इसकी गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा।


## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 20/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र) / वर्ष 2025-26 — भोपाल, दिनांक 19/12/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसारट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | ईएमडी राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_469495_1 | मुरैना | पुल कार्य | मुरैना जिले में कटेलापुरा से दोहाटी मार्ग पर बरगंवा के पास क्वारी नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | द्वितीय | 1851.28 | केवल ऑन-लाईन |
| 2 | 2025_PWDRB_469550_1 | मुरैना | पुल कार्य | मुरैना जिले में ग्राम पंचायत चौकी पलिखिनी के बीच क्वारी नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | द्वितीय | 1774.67 | केवल ऑन-लाईन |
| 3 | 2025_PWDRB_469551_1 | शिवपुरी | पुल कार्य | शिवपुरी जिले में मिहावरा व दोनी के बीच सिंध नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | द्वितीय | 1768.45 | केवल ऑन-लाईन |
| 4 | 2025_PWDRB_469496_1 | मुरैना | पुल कार्य | मुरैना जिले में ग्राम पंचायत देवरी नगावनी के बीच कुवारी नदी पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | द्वितीय | 1586.15 | केवल ऑन-लाईन |
| 5 | 2025_PWDRB_469497_1 | भिण्ड | पुल कार्य | भिण्ड जिले के अंतर्गत बबेडी से नदरौली अकोडा मे वैशली नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | द्वितीय | 1239.66 | केवल ऑन-लाईन |
| 6 | 2025_PWDRB_469498_1 | बालाघाट | पुल कार्य | बालाघाट जिले के अंतर्गत खोंगाटोला से मुरझड मार्ग में सर्राटी नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्च जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | प्रथम | 939.88 | केवल ऑन-लाईन |
| 7 | 2025_PWDRB_469499_1 | सिवनी | पुल कार्य | सिवनी जिले के अंतर्गत ग्राम भाटमतरा से पांडीवारा मार्ग में वैनगंगा नदी पर पहुँचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | प्रथम | 860.44 | केवल ऑन-लाईन |
| 8 | 2025_PWDRB_469500_1 | सागर | पुल कार्य | सागर जिले के एस.एच.-14 से पडरिया मार्ग के कि.मी. 2/8 में सिलार नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य सहित। | प्रथम | 676.23 | केवल ऑन-लाईन |
| 9 | 2025_PWDRB_469501_1 | बालाघाट | पुल कार्य | बालाघाट जिले अंतर्गत निम्देवाडा से केशलवाडा तिवडी मार्ग में नरसिंहा नाले पर पहुँच मार्ग सहित उच्च जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | प्रथम | 507.70 | केवल ऑन-लाईन |
| 10 | 2025_PWDRB_469502_1 | भोपाल | पुल कार्य | भोपाल जिले में भोपाल कोलार डेम के कि.मी. 11/4 में केरवा नदी पर पहुँचमार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य । | तृतीय | 501.56 | केवल ऑन-लाईन |
| | | | | योग | | 11706.02 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 09/01/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

G-23410/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## कार्यालय सेनानी 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल

ई-मेल:- co7bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक-7वी बटा/बिसबल./एसक्यूएम/188/2025 — दिनांक: 24/12/2025

// विज्ञप्ति सूचना //

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड समारोह-2026 में सम्मिलित होने वाले म.प्र. पुलिस बल की टुकडियों, हाक फोर्स एवं एसटीएसफ की वर्दी में एकरूपता हेतु शीतकालीन पुलिस वर्दीयां, केमोफ्लाईज वर्दीयां क्रय किये जाने हेतु दरें (प्रति जोड सिलाई सहित) प्राप्त किये जाने हेतु www.mptenders.gov.in पर खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र.पु. की वेवसाईट www.mppolice.gov.in तथा www.mptenders.gov.in पर उपलबध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन एवं परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। इस हेतु उक्त ई-निविदा पोर्टल पर अदयतन रहें।

सहा. सेनानी
हेतु-सेनानी
7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल

G-23376/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

**ई–निविदा नोटिस सं०– 54 ऑफ 2025–26/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०–28–डीडीयू–व०मं०इंजी०–I– 25–26,** **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/बिक्रमगंज के तहत आरा–सासाराम (एसएल)– सीटीआर(पी) द्वारा 36.00 ट्रैक किलोमीटर 60 किलोग्राम आर260 रेल पैनल और स्लीपर री स्पेसिंग के साथ 1660 घनत्व, 7 सेट तथा अन्य ट्रैक कार्य। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹37471144.75, **(iii) धरोहर राशि :** ₹337400.00, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 16.01.2025 को 12:00 बजे तक, **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in

**नोट–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1521/डीडीयू/इंजी०/टी/25–26/36

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल
फोन: 0755-4045435 Mobile : 7247770078

### अनुलग्नक -1 रिडमशन नोटिस

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और/या नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना**

**संदर्भ:- 1. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी दिनांक 15.05.2024 का मांग नोटिस**
**2. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत जारी दिनांक 24.07.2024 का कब्जा नोटिस**

प्रिय महोदय/महोदया,

चूँकि **बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल** के प्राधिकृत अधिकारी, जो एक सुरक्षित सिक्यूटर्ड क्रेडिटर है ने सरफेसी अधिनियम 2002 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा जाएगा) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (जिसे आगे 'नियम' कहा जाएगा) के नियम 3 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथियों पर मांग सूचना जारी की है, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/ बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त मांग सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर चुकाने का अनुरोध किया गया है।

और चूंकि आप राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 4 और/या नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित सुरक्षित संपत्तियों (जिन्हें आगे उक्त संपत्तियों के रूप में संदर्भित किया गया है) का कब्जा ले लिया है। सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने उपरोक्त कब्जा नोटिस में उल्लिखित बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आपका ध्यान सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि इस नोटिस की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर लागू ब्याज, लागत, शुल्क और खर्चों के साथ कब्जा नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें और नीचे उल्लिखित अनुसार सुरक्षित संपत्ति को छुड़ा लें। यदि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान करने और सुरक्षित संपत्ति को भुनाने में विफल रहते हैं, तो बैंक ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रकाशित करके सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने के लिए बाध्य होगा। ई-नीलामी की तिथि, समय और संपत्ति का आरक्षित मूल्य आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी- **राधेश्याम चौहान कान्ट्रेक्टर** प्रोपराइटर- श्री राधे श्याम चौहान श्री राधे श्याम चौहान पुत्र पता (1) 488/9ए, साकेत नगर, भोपाल पता (2) 1, बस स्टैंड, बकतरा, जिला- सीहोर म.प्र पता (3) मकान नंबर 339, कमला देवी कॉम्प्लेक्स, मधुवन विहार कॉलोनी, मिसरोद (इंटरनेशनल स्कूल के पास) गांव छान, 11 मील, भोपाल (म.प्र.) 462026 **जमानतदार : श्री प्रेम नारायण चौहान पुत्र श्री भोलेलाल चौहान** पता (1) मकान नंबर 339, कमला देवी कॉम्प्लेक्स, मधुवन विहार कॉलोनी, मिसरोद (इंटरनेशनल स्कूल के पास) गांव छान, 11 मील, भोपाल (म.प्र.) 462026 पता (2) जी-5, झरनेश्वर (इंटरनेशनल स्कूल के पास) गांव छान, 11 मील, भोपाल-462026 | बंधक संपत्ति व्यावसायिक डायवर्टेड भूमि क्षेत्रफल- 0.679 हेक्टेयर स्थित खसरा नं. 259/3/2 ग्राम- गजखेड़ा तहसील-बाड़ी, जिला-रायसेन संपत्ति मालिक- राधेश्याम चौहान पुत्र भोलेराम चर्तुसीमाएं- पूर्व-हाईवे (बाड़ी + होशंगाबाद एस.एच. रोड) पश्चिम- श्री करन सिंह की जमीन, उत्तर- श्री रामप्रसाद की जमीन, दक्षिण- ग्राम- गजखेड़ी की तरफ रोड पश्चात नाला एवं स्कूल | 15.05.2024 / 24.07.2024 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 26.07.2024 |

स्थान: भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी

Website-www.mppwd.gov.in/pwdmp, emall-eepwdsidhi@mp.nic.in

नि.सू क्र. 18/2025-26 — सीधी, दिनांक 16.12.2025

// निविदा सूचना //

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रू लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_PWDRB_468822 | उपसंभाग सीधी अंतरगर्त जमोड़ी सेगरान में रेड क्रॉस अस्पताल भवन निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सिनेट्री फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। लो.नि.वि., भवन एस.ओ.आर. 01.01.24 | 227.30 | 1. 227300 2. 15000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2025_PWDRB_468823 | उपसंभाग चुरहट अंतरगर्त ग्राम चकडौर में आयुर्वेदिक औषधालय भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। आर.ई. एस, एस.ओ.आर. 11.04.2022 | 16.95 | 1. 33900 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | 2025_PWDRB_468825 | उपसंभाग सीधी मुख्यालय सीधी अन्तर्गत जिला न्यायालय भवन में विभिन्न स्थानों पर 04 नग शौचालय एवं अधिवक्ता संघ लायब्रेरी के बगल में स्थित टायलेट का निर्माण कार्य । लो.नि.वि., भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 15.17 | 1. 30340 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 4. | 2025_PWDRB_468826 | उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत तहसील भवन रामपुर नैकिन में सामान्य महिला पुरुष एवं दिव्यांगजन के लिए टायलेट निर्माण कार्य । लो.नि.वि., भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 5.95 | 1. 11900 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 5. | 2025_PWDRB_468827 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत सिविल न्यायालय मझौली में दिव्यांगजन के लिए टायलेट निर्माण कार्य । लो.नि.वि., भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 1.83 | 1. 3660 2. 1000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 6. | 2025_PWDRB_468830 | उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत सिविल न्यायालय चुरहट में दिव्यांगजन के लिए टायलेट निर्माण कार्य । लो.नि.वि., भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 1.89 | 1. 3780 2. 1000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 7. | 2025_PWDRB_468842 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत उकसा हिनौती मार्ग में आर.सी.सी. स्लैब कलवर्ट का निर्माण कार्य । आर.ई.एस. एस.ओ.आर. 11.04.2022 | 16.95 | 1. 33900 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग | 286.04 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल **http://mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 22.12.2025 सुबह 10.00 से 07.01.2026 शाम 6.00 तक है। 2 अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य तकनीकी विड से संबंधित अभिलेख (लिफाफा-अ एवं ब) सरल क्र. 1 हेतु, सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है। 3. उक्त सभी कार्य म.प्र. शासन लो.नि.वि. मंत्रालय भोपाल के आदेश क्र. एफ 53/02/2011/यो/19/524 भोपाल, दिनांक 14.02.2025 के अनुसार एस.ओ.आर. से 20 प्रतिशत से अधिक कम, दर **(Rates Below SOR Beyond 20%)** डालने पर दोगुनी दर से अतिरिक्त परफारमेन्स गारंटी की राशि जमा करनी होगी, जो कि सिर्फ एफ.डी.आर. के रूप में मान्य होगी। 4. म.प्र. शासन राज्य पत्र दिनांक 09.09.2025 के अनुसार शपथ पत्र रू. 50 के स्थान पर रू. 200.00 के स्टाम्प पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 5. निविदां से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी। 6. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

(एम.के.परते)
कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.संभाग सीधी (म.प्र)

G-23367/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# गंभीर प्रदूषण में साफ हवा, सबका अधिकार

वायु प्रदूषण ने लोगों की समस्या बढ़ा दी है। लोग जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इससे महिलाएं, बच्चे, बूढ़े और जवान हर कोई परेशान है। प्रदूषण के कारण कई गंभीर बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। अब नया विवाद बढ़ा है एयर प्यूरीफायर पर 18 फीसदी जीएसटी को लेकर। इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है, क्योंकि गंभीर प्रदूषण के समय यह लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि जब सरकार शुद्ध हवा उपलब्ध नहीं करवा सकती तो एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है। याचिकाकर्ता इसे मेडिकल डिवाइस मानकर जीएसटी घटाकर 5% करने की मांग कर रहे हैं, ताकि आम आदमी इसे खरीद सके, जबकि केंद्र सरकार जीएसटी काउंसिल के अधिकार क्षेत्र का हवाला दे रही है, जिससे साफ हवा के अधिकार और सरकारी जवाबदेही पर बहस छिड़ गई है। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि अगर आप स्वच्छ हवा नहीं दे सकते, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी तो कम कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि एयर प्यूरीफायर को विलासिता की वस्तु नहीं माना जा सकता है, खासकर जब दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक हो। चूंकि देश के हर नागरिक को स्वच्छ हवा का अधिकार है और एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने से लोगों को स्वच्छ हवा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक है। एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने से लोगों को प्रदूषण से बचने में मदद मिलेगी। सरकार को लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने के लिए कदम उठाने चाहिए। इससे लोगों को गंभीर प्रदूषण से कुछ राहत मिलेगी। बता दें कि भारत में वायु प्रदूषण का 51% औद्योगिक प्रदूषण, 27% वाहनों से, 17% फसलों को जलाने से और 5% अन्य स्त्रोतों से होता है। वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष 20 लाख भारतीयों की असमय मृत्यु हो जाती है। वहीं, दुनिया की बात करें तो हर साल प्रदूषण से 35 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है। प्रदूषण इस समय भारत ही नहीं, दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में वायु प्रदूषण कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन चुका है। आने वाले सालों में प्रदूषण से लोगों की सेहत और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल और ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या हर साल और गंभीर होती जाएगी। पिछले 10 सालों में हृदय रोगों में बढ़ोतरी को अक्सर मोटापे से जोड़ा गया, लेकिन इसमें कारों और विमानों से निकलने वाले जहरीले तत्वों की बड़ी भूमिका है। इंग्लैंड स्थित लिवरपूल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट और भारत सरकार की कोविड-19 एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य मनीष गौतम ने कहा कि वायु प्रदूषण पर सरकार का नया फोकस जरूरी है, लेकिन इसमें काफी देरी हो चुकी है। प्रदूषण को लेकर तमाम देश प्रयास कर रहे हैं, कई बार सम्मेलन भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक सभी प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं। प्रदूषण एक विनाशकारी समस्या है जो हमारे अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। इसे रोकने के लिए सरकार, उद्योग और प्रत्येक नागरिक को मिलकर काम करना होगा। स्वच्छ हवा, पानी और स्वस्थ पृथ्वी हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित और सुखी जीवन जी सकें।

## मिर्जा गालिब



श्वेता गोयल

# कलम का जादूगर, जो वक्त की बेड़ियों में न बंध सका

दिल्ली की पुरानी गलियों में आज भी अगर ध्यान से सुना जाए तो कहीं न कहीं एक ठहरी हुई उदासी, एक बगावती मुस्कान और एक गहरी दार्शनिक आहट सुनाई देती है। यह आहट मिर्जा गालिब की है। 27 दिसंबर 1797 को आगरा के काला महल में जन्मे मिर्जा असदउल्लाह बेग खान, जिन्हें दुनिया 'गालिब' के नाम से जानती है, केवल एक शायर नहीं थे बल्कि अपने समय की विडंबनाओं, मनुष्य की टूटन, प्रेम की असफलताओं और जीवन की तल्ख सच्चाइयों के सबसे प्रखर गवाह थे। उनकी शायरी पढ़ते हुए ऐसा लगता है, मानो शब्द नहीं बल्कि अनुभव बोल रहे हों; मानो हर शेर के पीछे कोई टूटी हुई उम्मीद, कोई अधूरी मोहब्बत या कोई असह्य सच खड़ा हो। गालिब की जिंदगी स्वयं एक लंबी गजल थी, कभी उसमें दुख झलकता था, कभी संघर्ष की कहानी सुनाई देती थी। बचपन में ही पिता का साया उठ जाना, फिर कम उम्र में विवाह, संतान-सुख का अभाव और आर्थिक असुरक्षा, इन सबने उनके व्यक्तित्व को भीतर तक झकझोर दिया। सात संतानें हुई लेकिन नियति ने एक को भी उनके पास नहीं छोड़ा। यह निजी त्रासदी कभी दर्द बनकर, कभी दर्शन बनकर उनकी शायरी में बार-बार लौटती है। गालिब का दुख रोना नहीं बनता, वह सवाल बनता है जिंदगी से, खुदा से और खुद से भी। भाषा के स्तर पर गालिब का प्रयोग अपने आप में क्रांतिकारी था। वे मूलतः फारसी के शायर थे और फारसी को ही श्रेष्ठ मानते थे लेकिन उर्दू में उन्होंने जो



रचा, उसने उर्दू को नई ऊंचाइयां दी। उनकी उर्दू में फारसी की गहराई है, दर्शन की जटिलता है और अनुभूति की तीव्रता है। यही कारण है कि उनकी शायरी पहली नजर में कठिन लगती है लेकिन जैसे-जैसे पाठक उसमें उतरता है, वह अपनी ही जिंदगी के सवालों से रूबरू होने लगता है। गालिब किसी आसान दिलासा के शायर नहीं हैं बल्कि वे सोचने पर मजबूर करते हैं। दिल्ली गालिब की रचनात्मक आत्मा का सबसे बड़ा मंच रही। किशोरावस्था में ही वे दिल्ली आ गए थे और यहीं उनकी शायरी ने आकार लिया। मुगल दरबार में उनकी मौजूदगी केवल एक दरबारी शायर की नहीं थी बल्कि एक स्वतंत्र चेतना की थी। आखिरी मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर स्वयं शायर थे और गालिब की प्रतिभा को पहचानते थे। दरबार में उन्हें सम्मान मिला, खिताब मिले लेकिन गालिब का स्वभाव किसी भी सत्ता के आगे पूरी तरह झुकने का नहीं था। वे अपनी शर्तों पर जीने वाले फनकार थे, थोड़े बेपरवाह, थोड़े विद्रोही और पूरी तरह ईमानदार। 1857 का विद्रोह गालिब की जिंदगी में निर्णायक मोड़ लेकर आया। दिल्ली उजड़ गई, मुगल साम्राज्य का अंत हो गया और गालिब की आर्थिक रीढ़ भी टूट गई। जो पेंशन और संरक्षण उन्हें दरबार से मिलता था, वह एक झटके में खत्म हो गया। यह दौर उनकी जिंदगी का सबसे कठिन समय था लेकिन इसी समय उनकी शायरी में वह तीखापन आया, जिसने उन्हें 'आम आदमी का शायर' बना दिया। भूख, तंगी और अपमान के बीच लिखे गए उनके शेर किसी व्यक्तिगत पीड़ा तक सीमित नहीं रहे बल्कि वे पूरे समाज की टूटन का बयान बन गए। गालिब का व्यक्तित्व जितना जटिल था, उतना ही मानवीय भी। शराब और जुए की आदतें, जेल जाना, आर्थिक बदहाली, ये सब उनकी छवि के ऐसे पहलू हैं, जिन्हें अक्सर नैतिकता के चश्मे से देखा गया। लेकिन गालिब को समझने के लिए उस नैतिकता से बाहर आना पड़ता है। वे अपने दोषों को छिपाते नहीं थे बल्कि उन्हें स्वीकार करते थे। यही स्वीकार्यता उन्हें आधुनिक बनाती है। गालिब की शायरी प्रेम की भी है लेकिन वह पारंपरिक इश्क नहीं है। उनके यहाँ मोहब्बत आदर्श नहीं, अनुभव है जिसमें चाहत है, धोखा है, तड़प है और आत्म-संघर्ष भी है। उनका प्रेम ईश्वर तक पहुंचता है, फिर उससे सवाल करता है और अंततः मनुष्य की सीमाओं पर आकर ठहर जाता है। इसीलिए गालिब आज के युवा को भी उतने ही अपने लगते हैं, जितने अपने समय में थे। 1954 में बनी फिल्म मिर्जा गालिब ने उनके जीवन और संघर्ष को परदे पर उतारा, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। बाद में 1988 में गुलजार द्वारा निर्मित टीवी श्रृंखला मिर्जा गालिब ने उनकी शायरी और व्यक्तित्व को घर-घर पहुंचा दिया। इन प्रस्तुतियों ने यह साबित किया कि गालिब किसी एक युग के नहीं हैं बल्कि वे हर युग में नए अर्थों के साथ लौटते हैं। गालिब आज भी इसलिए जिंदा हैं क्योंकि उन्होंने मनुष्य को उसके पूरे सच के साथ देखा, बिना सजावट, बिना झूठे दिलासे के और यही गालिब की अमरता है।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# एआई का ग्लोबल हब बनता भारत

वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नए वर्ष 2026 में भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा और भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले एआई इंपैक्ट समिट से भारत का एआई बाजार और ऊंचाई लेगा। हाल ही में प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। उम्मीद करें कि देश के तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान देश को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मद्देनजर नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर प्रकाशित हो रही वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नए वर्ष 2026 में भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा और भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले एआई इंपैक्ट समिट से भारत का एआई बाजार और ऊंचाई लेगा। हाल ही में प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। 2023 में भारत सातवें स्थान पर था। खास बात यह है कि इस रैंकिंग में भारत को यूके और दक्षिण कोरिया जैसे उच्च तकनीकी वाले देशों से आगे रखा जाना इस बात का प्रतीक है कि भारत एआई के क्षेत्र में नई उभरती हुई शक्ति और एआई का ग्लोबल हब हुए दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि 10 दिसंबर को विश्व प्रसिद्ध अमेरिका की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एमेजोन ने 2030 तक भारत में एआई को लेकर 35 अरब डॉलर के नए निवेश करने का ऐलान किया है। इसके एक दिन पहले 9 दिसंबर को माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 17.5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया था। ये कंपनी द्वारा पूरे एशिया में अभी तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। इनके अलावा पिछले दो महीनों में गूगल और टीपीजी ने भी भारत में 16 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका की वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक कंपनी ब्रुकफील्ड ऐसेट मैनेजमेंट ने मुंबई के पवई में एशिया का सबसे बड़ा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) बनाने पर एक अरब डॉलर का निवेश किए जाने का ऐलान किया है।

एआई को लेकर नई निवेश प्रतिबद्धताओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब एआई की बात आती है तब दुनिया भारत को लेकर आशावादी है। भारत के युवा ऐसे एआई निवेश का फायदा उठाकर नवाचार करेंगे और एआई की शक्ति का उपयोग आर्थिक और सामाजिक विकास में करेंगे। इस समय भारत में एआई पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। फॉर्च्यून बिजनेस इनसाइट्स के मुताबिक भारत में एआई का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। जहां वर्ष 2025 में भारत का एआई बाजार 13.05 अरब डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है, वहीं यह बाजार आकार 2032 में 130.63 अरब डॉलर मूल्य का अनुमानित है। भारत में प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में 60 लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं, और पिछले वर्ष शुरू किए गए नए स्टार्टअप में से लगभग 89 फीसदी ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया है। एआई अपनाने वाले अग्रणी क्षेत्रों में औद्योगिक और ऑटोमोटिव, उपभोक्ता वस्तुएं और खुदरा क्षेत्र, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं तथा बीमा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी मिलकर एआई के कुल मूल्य में लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फ़ीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच





जाने की उम्मीद है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। अब उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य, सर्विस सेक्टर तथा अन्य क्षेत्रों में एआई के अधिक उपयोग से भारत को 2030 तक 33.8 लाख करोड़ का आर्थिक लाभ हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत जैसे-जैसे रणनीतिक रूप से एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारत की नई पीढ़ी एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। 26 दिसंबर को ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन ने कहा कि कहा कि अब ऊंचे वेतन वाली नई नौकरियां सिर्फ एआई पेशेवरों को मिलते हुए दिखाई देंगी। उनके मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राष्ट्रीय, श्रम शक्ति नीति 2025 के मसौदे के तहत स्वीकार किया है कि भारत का श्रम बाजार ढांचागत बदलाव से गुजर रहा है और अब एआई और नए कौशल विकास पर जोर देना जरूरी है। नीति आयोग की रिपोर्ट रोडमैप फॉर जॉब क्रिएशन इन द एआई इकोनॉमी 2025 के मुताबिक एआई के बढ़ते प्रभाव से जहां 2031 तक बड़ी संख्या में पारंपारिक नौकरियां खत्म हो सकती हैं, वहीं एआई से जुड़ी करीब 40 लाख नई नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। जहां भारत की नई पीढ़ी के लिए देश में एआई से जुड़ी नौकरियाँ बढ़ रही हैं, वहीं एआई स्किल्स से प्रशिक्षित भारतीय युवाओं के लिए विदेशों में भी मौके बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से देश की नई पीढ़ी के लिए एआई आधारित नौकरियों के बढ़ते अवसरों के बीच नई पीढ़ी को एआई पेशेवर के रूप में सुसज्जित करने की बड़ी चुनौती भी सामने खड़ी हुई है।

अगर इस परिप्रेक्ष्य में तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो भारत न केवल दूसरे देशों से एआई प्रतिभा के क्षेत्र में पीछे हो जाएगा, बल्कि एआई से होने वाले बहुआयामी विकास में भी पिछड़ जाएगा। ऐसे में हमें देश की नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। यह सराहनीय कदम है कि शिक्षा मंत्रालय ने नई पीढ़ी को प्रारंभिक स्तर से ही भविष्य की तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़े जाने के मद्देनजर आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से देशभर के सभी स्कूलों में तीसरी कक्षा से ही एआई पढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि हैदराबाद स्थित उसका 'इंडिया साउथ सेंट्रल क्लाउड रीजन' साल 2026 के मध्य में शुरू हो जाएगा, जिसका कुल आकार लगभग दो ईडन गार्डन स्टेडियम के बराबर है। उम्मीद करें कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में आगामी वर्ष में भारत तीसरी रैंकिंग से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। देश के तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मद्देनजर नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## भक्ति करने से चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है




संकलित

दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

## गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती हैं दूर



संकलित

प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाट खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## बर्फबारी का मजा



**शोपियां।** जम्मू और कश्मीर के शोपियां में शुक्रवार को इस मौसम की ताजा बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बाद, शोपियां जिले को पुंछ-राजौरी से जोड़ने वाली बर्फ से ढकी मुगल रोड का एक नजारा। स्थानीय नागरिक बर्फबारी का मजा लेते हुए।

## आज की पाती

### मुंबई की सियासत में बदलाव

कट्टर हिंदुत्ववादी और मराठी अस्मिता के प्रखर प्रतीक बाला साहेब ठाकरे के जाने के बाद जिस शिवसेना की राजनीति बिखराव, टूट और आपसी संघर्ष की मिसाल बन गई थी, वही राजनीति अब एक बार फिर एकता के सूत्र में बंधती दिखाई दे रही है। वर्षों तक एक-दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने 'बंटेंगे तो बिखरेंगे' की सोच के साथ आगामी महानगरपालिका चुनाव एक साथ लड़ने का निश्चय कर महाराष्ट्र की राजनीति में नया अध्याय खोल दिया है। यह फैसला सिर्फ एक चुनावी समझौता नहीं, बल्कि बाला साहेब की विरासत को फिर से जीवित करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। बाला साहेब ठाकरे के जीवित रहते शिवसेना एक मजबूत कैडर आधारित पार्टी थी, जिसकी जड़ें मुंबई से लेकर महाराष्ट्र के कोने-कोने तक फैली थीं।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

## करंट अफेयर

# पाक में अब भी रह रहे 20 लाख अफगान शरणार्थी

पाकिस्तान से वर्ष 2025 में 10 लाख से अधिक लोगों के स्वदेश लौटने के बावजूद वहां अब भी 20 लाख से ज्यादा अफगान शरणार्थी रह रहे हैं। 'डॉन' समाचार पत्र ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के आंकड़ों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। 'डॉन' समाचार पत्र ने एजेंसी के आंकड़ों के हवाले से बताया कि केवल नवंबर महीने में ही 1,71,055 अफगान नागरिक अपने देश लौटे, जिनमें से 37,899 को चमन, तोरखम और बाराबचा सीमाओं के जरिये निर्वासित किया गया। इसी महीने यूएनएचसीआर के प्रत्यावर्तन केंद्रों के माध्यम से 31,500 से अधिक 'प्रूफ ऑफ रजिस्ट्रेशन' (पीओआर) कार्डधारकों को भी अफगानिस्तान भेजा गया। नवंबर में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर



बढ़े तनाव के कारण मानवीय सहायता कार्यों में बाधा आई और सीमा पार आवाजाही प्रतिबंधित रही। इसके चलते संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों को चमन सीमा क्षेत्र से अस्थायी रूप से हटना पड़ा। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में 'अवैध विदेशी प्रत्यावर्तन योजना' (आईएफआरपी) के तीसरे चरण के कड़े कार्यान्वयन के बावजूद, यूएनएचसीआर और उसके सहयोगियों ने आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित कीं। इनमें महिलाओं, लड़कियों और बच्चों के लिए सुरक्षित स्थानों की बहाली के साथ-साथ कानूनी और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जारी रखना शामिल है।

## ऑफ बीट

# तैराकी के बाद कान से पानी कैसे निकाला जा सकता है


तैराकी गर्मियों के दिनों की सबसे मजेदार गतिविधियों में से एक है। लेकिन पानी से बाहर आने पर शरीर सूख जाने के बावजूद आप को यह लग सकता है कि



कान में पानी रह गया है। ऐसी स्थिति में कान भरा-भरा या बंद सा महसूस हो सकता है, आवाजें धीमी या दबी-दबी सुनाई दे सकती हैं, और कभी-कभी गुड़गुड़ाहट या सरसराहट जैसी आवाजें भी सुनाई देती हैं। आम तौर पर पानी खुद-ब-खुद निकल जाता है। आप सोचते होंगे कि कान की नली सीधी होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। यह दो जगह मुड़ी होती है, और कुछ लोगों की कान नली स्वाभाविक रूप से अन्य लोगों के मुकाबले अधिक पतली होती है। कान की नली के अंदर बाल और 'वैक्स' सुरक्षा के लिए मौजूद होते हैं। अपने कान के निचले हिस्से (ईयरलोब) को हल्के-से ऊपर-नीचे खींचें और जिस कान में पानी भरा है, उसे अपने कंधे की ओर झुका लें। इससे कान की नली सीधी हो जाती है और गुरुत्वाकर्षण बल के कारण पानी बाहर निकलने लगता है। करवट लेकर लेटें : एक तौलिये पर कुछ मिनटों के लिए उसी साइड करवट लेकर लेटें, जिस कान में पानी है, फिर दूसरी करवट पलट जाएं। यहां भी गुरुत्वाकर्षण पानी निकालने में मदद करता है। गर्मियों में धूप और तौलिये की गर्मी कान के अंदर के पानी को और जल्दी सुखाने में मदद करती है।

## ट्रेंड

### पराक्रम को नमन



वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के अमर साहिबजादों के अद्वितीय साहस और अपूर्व त्याग का राष्ट्रीय स्मरण है, जिन्होंने अन्याय के सामने झुकने के बजाय स्वाभिमान और सत्य का मार्ग चुना। उनके अतुलनीय त्याग और पराक्रम को नमन।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### वीर बाल दिवस



वीर बाल दिवस साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान, माता गुजरी के साहस और गुरु गोविंद सिंह के शाश्वत मूल्यों को नमन करता है। उनकी विरासत हमें मूल्य-प्रेरित बच्चों के पालन-पोषण के प्रति प्रेरित करती है।

**- अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री**

### विनम्र श्रद्धांजलि



पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। अपने दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया। देश के वंचितों और गरीबों के लिए उनके ऐतिहासिक प्रयासों और साहसिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर एक नई पहचान दिलाई।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### जयंती पर नमन



शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि की अस्मिता, गौरव और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनका अद्वितीय साहस, अटूट संकल्प और बलिदान भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में सदैव अंकित रहेगा।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित

# बाल चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को वितरित किए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सप्तवर्णी कला-साहित्य सृजन-शोध पीठ एवं राजाराम रूप ध्वनि कला-दीर्घा के संयुक्त निर्देशन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित बाल चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को शुक्रवार को पुरस्कार प्रदान किए गए।



प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कार के साथ फोटो शूट कराते हुए।

प्रतियोगिताओं का आयोजन 25 दिसंबर को किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में किशोर वय के प्रतिभागियों ने अटल जी के व्यक्तित्व, विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को केंद्र में रखते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। वहीं बाल चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने मनपसंद विषयों को रंगों के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् डॉ. भागीरथ कुमरावत रहे, जबकि कला-साहित्य जगत की जानी-मानी हस्ती अर्चना मुखर्जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। संस्था की निदेशक डॉ. बिनय राजाराम ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में कला और संस्कृति के माध्यम से संस्कारों का विकास करना है।

# अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर दो दिवसीय सांस्कृतिक नाटक 'अटल स्वप्न' ने दर्शकों को किया भावविभोर

» ***कॅरियर कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया नाटक का मंचन***

» ***सहयोग वेलफेयर सोसाइटी ने दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सहयोग वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भारत सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॅरियर कॉलेज के सभागार में संपन्न हुआ।

रंगक्षितिज थियेटर द्वारा 'अटल स्वप्न' का प्रभावशाली मंचन कार्यक्रम के अंतर्गत रंगक्षितिज थियेटर एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नाटक 'अटल स्वप्न' का मंचन किया गया, साथ ही अटल के विचारों, संघर्षों और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

प्रेम प्रकाश अष्ठाना ने निभाया अटल जी का सशक्त किरदार नाटक में अटल बिहारी वाजपेई की भूमिका को प्रेम प्रकाश अष्ठाना ने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। उनके प्रभावशाली संवाद और भाव-भंगिमाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर किरती बौरा और सतीश रे के अभिनय को भी खूब सराहा मिली

### गीत-संगीत ने बढ़ाई नाटक की गरिमा

नाटक का गीत-संगीत सतीश रे द्वारा तैयार किया गया, जिसने मंचन को और अधिक प्रभाव शाली बना दिया। संगीत के माध्यम से अटल जी के विचारों और भावनाओं को सशक्त अभिव्यक्ति मिली। अटल जी के नारों से गूंज उठा सभागार बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने नाटक की मुक्तकंठ से सराहना की। मंचन के दौरान अटल जी के नारों से पूरा सभागार गूंज उठा, जिससे वातावरण देशभक्ति और प्रेरणा से भर गया।



### साहित्य और सिनेमा पर वक्ताओं ने कहा- साहित्य फिल्मों का प्राण

# दुष्यंत संग्रहालय में तीन पुस्तकों का लोकार्पण साहित्य और सिनेमा के संबंधों पर हुआ विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहित्य एवं कला परिषद के नेतृत्व में दुष्यंत संग्रहालय में वरिष्ठ लेखक सुरेश पटवा की चर्चित पुस्तक 'हिंदी सिनेमा का स्वर्णयुग (कालजयी कलाकारों की दास्तान)' सहित तीन पुस्तकों का लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर साहित्य और सिनेमा पर विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि साहित्य फिल्मों का प्राण है। जिन फिल्मों ने साहित्य का आधार लिया, वे सशक्त और कालजयी बनीं, जबकि साहित्य से दूरी बनाने पर सिनेमा कमजोर पड़ा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोकुल सोनी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. मोहन तिवारी आनंद और सारस्वत अतिथि डॉ. राजेश श्रीवास्तव रहे। लोकार्पित पुस्तकों में सुरेश पटवा की 'हिंदी सिनेमा का स्वर्णयुग (कालजयी कलाकारों की दास्तान)' सरोज लता सोनी का काव्य संग्रह 'साथ कहां तक निभाओगे' और डॉ. रेणु श्रीवास्तव की 'बुंदेली गीता' शामिल रहीं। संगीता भरद्वाज की सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।




पुस्तक का लोकार्पण करते मुख्य अतिथि डॉ. मोहन तिवारी आनंद और अतिथि डॉ. राजेश श्रीवास्तव व अन्य।

**स्वागत उद्बोधन अरुण गुप्ता ने दिया**

पत्रकार एवं लेखक विनोद नागर ने सुरेश पटवा की पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए इसे शोधपरक और प्रामाणिक कृति बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी सिनेमा का एक शास्त्रीय और कलात्मक स्वरूप भी है, जिसे समझना आवश्यक है। साधना शुक्ला ने 'साथ कहां तक निभाओगे' की समीक्षा करते हुए इसे सामाजिक समरसता और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कृति बताया। डॉ. मोहन तिवारी आनंद ने 'बुंदेली गीता' की सराहना करते हुए कहा कि गीता को बुंदेली बोली में प्रस्तुत कर लेखक ने साहित्य को नया आयाम दिया है।

# प्यालों और पानी की संगत में गूंजा संगीत

## नब्बे बरस पुराने जलतरंग ने रचा सुरों का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेजान से दिखने वाले प्याले और उनमें ठहरा पानी जब सुरों की भाषा बोलने लगे, तो संगीत का चमत्कार साकार हो उठता है। ऐसा ही अद्भुत अनुभव शहरवासियों ने टैगोर कला केन्द्र में किया। जहां सुप्रसिद्ध जलतरंग वादक पंडित मिलिन्द तुलणकर ने अपने संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



सुप्रसिद्ध जलतरंग वादक पंडित मिलिन्द तुलणकर चर्चा करते हुए।

### टैगोर कला केंद्र में सुरीली दावत

रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के शारदा सभागार में आयोजित इस विशेष संध्या में पंडित तुलणकर ने विरासत में मिले दुर्लभ वाद्य जलतरंग पर राग भीमपलासी और किरवानी की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ ही कुछ चिर-परिचित धुनों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। यह आयोजन टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केन्द्र, विश्वरंग फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से सम्पन्न हुआ, जिसमें शहर के अनेक संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

### जलतरंग पर संवाद कर किया अनुभव साझा

कार्यक्रम के दौरान जलतरंग उपन्यास के लेखक एवं कुलाधिपति संतोष चौबे और कला समीक्षक विनय उपाध्याय ने पंडित तुलणकर से उनके संगीत-सफर, जलतरंग की तकनीक और वादन शैली पर रोचक संवाद किया। सधी हुई संगत और सम्मान तबले पर गणेश तानवड़े ने अत्यंत सधी और संवेदनशील संगत कर प्रस्तुति को ऊंचाई दी। इस अवसर पर संस्कृतिविद विनीता चौबे, विश्वरंग की निदेशक अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलपति आर.पी. दुबे एवं रजिस्ट्रार संगीता जौहरी ने पंडित मिलिन्द तुलणकर का सम्मान किया।

### पुस्तक 'अनुनाद' का लोकार्पण

कार्यक्रम में संगीत पर केंद्रित पुस्तक 'अनुनाद' के नवीन संस्करण का भी लोकार्पण किया गया, जिसे संगीत प्रेमियों ने विशेष सराहना दी। नाना की विरासत और जी-20 का स्मरणपंडित तुलणकर ने बताया कि वे अपने साथ अपने नाना द्वारा भेंट किया नब्बे वर्ष पुराना जलतरंग लेकर आए।

कोलंबो में लाइव परफॉर्मेंस से मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

# भोपाल के सिंगर करनदीप मट्टू ने श्रीलंका में बिखेरा सुरों का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की राजधानी के प्रतिभाशाली सूफी, पंजाबी और बॉलीवुड गायक करनदीप मट्टू ने संगीत की दुनिया में अपनी अलग और मजबूत पहचान बना ली है। हाल ही में उन्होंने श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित एक भव्य कॉर्पोरेट शो में लाइव कंसर्ट के दौरान अपनी शानदार प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिली। उनकी गायकी में सूफी, पंजाबी और बॉलीवुड संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला।

भोपाल में जन्मे करनदीप मट्टू को बचपन से ही संगीत में गहरी रुचि रही है। निरंतर अभ्यास, समर्पण और मेहनत के बल पर उन्होंने आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी आवाज का जादू बिखेरा है। वे भोपाल के लोकप्रिय सूफी बैंड 'अधिरोह' के प्रमुख गायक भी हैं और अपनी दमदार लाइव परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं।



प्रस्तुति देते करनदीप मट्टू।

### 500 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के शो में दे चुके हैं प्रस्तुति

करनदीप मट्टू अब तक देशभर में 500 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर अपनी गायकी का प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने रिवायत, आईआईटीडीएम जबलपुर सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों और सांस्कृतिक आयोजनों में प्रस्तुति दी है। उनके गीतों में सूफी संगीत की गहराई, बॉलीवुड की लोकप्रियता और पंजाबी संगीत की ऊर्जा का सुंदर मेल देखने को मिलता है।

### हर वर्ग के श्रोताओं से जुड़ने का प्रयास

अपने संगीत सफर के बारे में करनदीप का कहना है कि मध्यप्रदेश में पंजाबी कलाकार कम हैं, इसलिए वे हर तरह के पंजाबी गीतों को अपनी आवाज़ देते हैं। वे फोक, देसी पंजाबी, बॉलीवुड और सूफी गीतों को समान रूप से प्रस्तुत करते हैं, जिससे हर आयु और वर्ग के श्रोताओं से जुड़ सकें। **दिग्गज कलाकारों के साथ साझा किया मंच:** करनदीप मट्टू को वर्ष 2014 में 'आईडिया रॉक्स इंडिया' शो के दौरान प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका सुनिधि चौहान द्वारा सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्होंने मशहूर संगीतकार जोड़ी सलीम–सुलेमान के कॉन्सर्ट में ओपनिंग परफॉर्मेंस देने का अवसर प्राप्त किया।

विश्व संवाद केन्द्र में अटल स्मृति काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

# अटलजी के राष्ट्र निर्माण में दिए अमूल्य योगदान का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व संवाद केन्द्र में शुक्रवार को अखिल भारतीय कला मंदिर भोपाल द्वारा 'अटल स्मृति काव्य गोष्ठी' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं अतिथि इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. गौरीशंकर शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे उपस्थित रहे। मंच पर संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष हरिवल्लभ शर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।




'अटल स्मृति काव्य गोष्ठी' में अतिथि।

## अटल बिहारी वाजपेयी की राजनीति पर प्रकाश डाला

स्वागत संबोधन में डा. गौरीशंकर शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री, कुशल राजनीतिज्ञ एवं प्रखर वक्ता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अवदानों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्य अतिथि विकास दवे जी ने अपने संबोधन में अटल बिहारी वाजपेयी के विराट व्यक्तित्व, उनके साहित्यिक, राजनीतिक एवं मानवीय पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अटलजी को विचार, कविता और संवेदनाओं का अद्भुत संगम बताया। काव्य पाठकाव्य गोष्ठी में उपस्थित कवियों ने अटल जी के व्यक्तित्व, राष्ट्रप्रेम और मानवीय मूल्यों पर आधारित अपनी-अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कविताओं के माध्यम से अटलजी के विचारों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### ध्रुपद संस्थान, भोपाल में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

# इंडिपेंडेंट सिनेमा के उत्सव 'सिनेकारी' का 7वां संस्करण 2 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वतंत्र फिल्म निर्माण (इंडी सिनेमा) को प्रोत्साहित करने और सार्थक सिनेमा को दर्शकों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला सिनेमा का उत्सव 'सिनेकारी' अपने सातवें संस्करण के साथ 2 जनवरी 2026 को ध्रुपद संस्थान, भोपाल में आयोजित किया जाएगा। सुदीप सोहनी फ़िल्म्स के मुख्य संयोजन और ध्रुपद संस्थान के सहयोग से होने वाला यह आयोजन भोपाल में इंडिपेंडेंट सिनेमा का एक प्रमुख और विशिष्ट मंच माना जाता है।'जग्गू और मागाहारी' का पोस्टर-ट्रेलर होगा। लॉन्चइस संस्करण का मुख्य आकर्षण निर्देशक सुदीप सोहनी की बाल फिल्म 'जग्गू और मागाहारी' का पोस्टर और ट्रेलर लॉन्च रहेगा। ख्यात अभिनेता वीरेंद्र सक्सेना और बाल कलाकार लावण्या राठोर अभिनीत इस फिल्म का चयन कोलकाता चिल्ड्रन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए हुआ है।



### भोपाल के तीन फिल्मकारों की फिल्मों का प्रदर्शन

फेस्टिवल में भोपाल के युवा फिल्मकार आकाश ईखारे निर्देशित फिल्म 'उम्मीद' और लेखक-निर्देशक अक्षत पाठक की फिल्म 'गमन' की स्क्रीनिंग भी होगी। दोनों ही फिल्में देश के विभिन्न फिल्म समारोहों में सराही जा चुकी हैं। साहित्य, सिनेमा और संवाद के सत्रदो सत्रों में आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल में कविता पाठ, फिल्मकारों से संवाद, बिहाइंड द सीन्स और सिने-यात्रा प्रदर्शनी जैसे आयोजन शामिल होंगे, जो सिनेमा और साहित्य के आपसी संवाद को मजबूत करेंगे।

# लेखिका विनीता चौबे के नए संग्रह 'परछाईं' का लोकार्पण

### स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के सभागार में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईसेक्ट पब्लिकेशन एवं वनमाली सृजन पीठ के संयुक्त निर्देशन में मंगलवार को स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के सभागार में वरिष्ठ लेखिका विनीता चौबे के कहानी एवं कविता संग्रह 'परछाईं' का गरिमामय लोकार्पण साहित्यिक और आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार मुकेश वर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बलराम गुमास्ता उपस्थित रहे।

विशिष्ट वक्ताओं में नीलेश रघुवंशी, निरंजन श्रोत्रिय एवं डॉ. अनीता सक्सेना शामिल रहे। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे का विशेष सान्निध्य भी प्राप्त हुआ। मंच पर संग्रह की रचयिता विनीता चौबे स्वयं उपस्थित रहीं।




कहानी एवं कविता संग्रह 'परछाईं' का लोकार्पण करते हुए अतिथि।

### कविता पाठ से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

लेखिका विनीता चौबे के कविता पाठ से हुआ, जिसने श्रोताओं को संग्रह की संवेदनात्मक पृष्ठभूमि से परिचित कराया। स्वागत वक्तव्य वनमाली सृजन पीठ की अध्यक्ष ज्योति रघुवंशी ने प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने रखे सारगर्भित विचार डॉ. अनीता सक्सेना ने कविताओं के आंतरिक रस और भाव सौंदर्य की सरस व्याख्या की। निरंजन श्रोत्रिय ने समकालीन पारिवारिक विघटन के संदर्भ में कविताओं में संचित जीवन की स्मृतियों और संवेदनाओं को रेखांकित किया। नीलेश रघुवंशी ने कहा कि विनीता चौबे की रचनाओं में घर-परिवार के बिंबों के माध्यम से स्त्री जीवन की आशाओं, अपेक्षाओं और संघर्षों का सूक्ष्म चित्रण मिलता है।

### बिप्लब कुमार डे बहुमत से निर्वाचित होकर पूर्व छात्र संघ के प्रथम अध्यक्ष बने

अब शीर्ष पांच छात्रों को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रस्ताव

# मैनिट की उन्नति के लिए आगे आया पूर्व छात्र संघ, 20 करोड़ का दिया महत्वपूर्ण योगदान

## 20 सदस्यों की एक परिषद का गठन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के इतिहास में पहली बार अप्रैल 2023 में पूर्व छात्रों द्वारा विधिवत एवं लोकतांत्रिक चुनाव आयोजित किए गए। इस ऐतिहासिक चुनाव में विश्वभर में फैले मैनिट, भोपाल के पूर्व छात्रों ने ऑनलाइन मतदान के माध्यम से सक्रिय सहभागिता की, जिसमें बिप्लब कुमार डे (1984, मैकेनिकल) भारी बहुमत से निर्वाचित होकर पूर्व छात्र संघ के प्रथम अध्यक्ष बने। उनके नेतृत्व में 20 सदस्यों की एक परिषद का गठन किया गया, जिसे ग्लोबल मैनिट एलुमनी एसोसिएशन के नाम से जाना जाता है।

### ढाई वर्षों में एलुमनी एसोसिएशन ने ऐतिहासिक कार्य किए

राजधानी स्थित मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष बिप्लब कुमार डे के नेतृत्व में गत ढाई वर्षों में एलुमनी एसोसिएशन ने कई अभूतपूर्व, दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि ग्लोबल मैनिट एलुमनी एसोसिएशन को एक कानूनी एवं पंजीकृत संस्था के रूप में स्थापित करना है। इस अवसर पर एलुमनी समुदाय द्वारा मैनिट, भोपाल को लगभग 20 करोड़ के प्रमुख योगदान दिए गए हैं। इसके साथ ही अब प्रत्येक बैच की प्रत्येक शाखा के शीर्ष पांच छात्रों को उनके संपूर्ण 4/5-वर्षीय शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रस्ताव है। यह पहल मैनिट भोपाल को श्रेष्ठ एवं प्रतिभाशाली युवा मस्तिष्कों को आकर्षित करने में, शैक्षणिक उत्कृष्टता को और अधिक सुदृढ़ करने में, सकारात्मक एवं सतत चक्र स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



बिप्लब कुमार डे

**मैनिट की उन्नति के लिए यह बेहतर प्रयास**

### मैनिट की उन्नति और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए प्रदान की सहायता राशि

पॉलीक्लिनिक (2.5 करोड़) निर्माणाधीन, अब्दुल हुसैन (1975, इलेक्ट्रिकल) द्वारा स्टील डोम ऑडिटोरियम (1.5 करोड़) डिज़ाइन चरण में, वेंकटेश शुक्ला (1975, इलेक्ट्रॉनिक्स) द्वारा एडवांस्ड थर्मल लैब (4 करोड़) वी. पी. राठी (1971, इलेक्ट्रिकल) द्वारा एडवांस बैटरी सिमुलेशन एवं परीक्षण प्रयोगशाला के लिए (1.5 करोड़) तथा ई-मोबिलिटी हेतु उन्नत अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (1.7 करोड़) प्रस्तावित, डॉ. मिकदाद थानून यूनिस (1971, इलेक्ट्रिकल), इराक द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा के लिए उत्कृष्टता केंद्र, कैलाश मकवाना (1986, सिविल), पुलिस महानिदेशक, मप्र द्वारा घोषित कैंपस लैंडस्केपिंग एवं सौंदर्यीकरण परियोजनाएं श्री अंकुर चौरसिया (2009, आईटी) द्वारा 11 छात्राओं को सशुल्क इंटर्नशिप, संदीप बडजातिया (1988, मैकेनिकल) द्वारा 18 लाख की वित्तीय प्रायोजन सहायता मैनिट के विभिन्न छात्र कार्यक्रमों के समर्थन के लिए वहीं एलुमनी द्वारा हॉस्टल पुस्तकालय को 5 कंप्यूटर, कंक्रीट के बेंच व टेबल, छात्रवृत्तियां एवं लैपटॉप, विभिन्न विभागों के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को प्रदान किए गए हैं।

केरल में भाजपा की बड़ी छलांग

# 45 साल पुराना लेफ्ट का किला ढहा, राजेश बने तिरुवनंतपुरम के मेयर

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के नगर निकाय चुनाव के दौरान तिरुवनंतपुरम में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली भाजपा ने आखिरकार मेयर का चुनाव जीत लिया। तिरुवनंतपुरम में वीवी राजेश भाजपा से मेयर चुने गए हैं। हालांकि सेवानिवृत्त डीजीपी आर श्रीलेखा को महापौर पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। केरल विधानसभा चुनाव के पहले ये जीत भाजपा के लिए संजीवनी बन सकती है। राजेश के तौर पर तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा ने पहली बार परचम लहराया है। यहां 45 सालों से लेफ्ट पार्टियों के शासन का अंत हुआ है।भाजपा ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में 50 सीटें जीतकर इतिहास रचा था। साथ ही 45साल पुराने लेफ्ट के गढ़ ढहा दिया था। यहां यूडीएफ को 19 जबकि एलडीएफ को 29 सीटें ही मिल पाई थीं।

राजेश के तौर पर तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा ने पहली बार परचम लहराया है। यहां 45 सालों से लेफ्ट पार्टियों के शासन का अंत हुआ है। भाजपा ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में 50 सीटें जीतकर इतिहास रचा था

## तिरुवनंतपुरम को देश के एक विकसित शहर में बदलेंगे: राजेश

101 सीटों वाले तिरुवनंतपुरम नगर निगम में मेयर के चुनाव में एलडीएफ उम्मीदवार आरपी शिवाजी को 29 और यूडीएफ प्रत्याशी को 17 वोट ही हासिल हुए। जीत के बाद राजेश ने कहा, हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे, सबको साथ लेकर चलेंगे। सभी 101 वार्डों में विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे। तिरुवनंतपुरम को देश के एक विकसित शहर में बदलेंगे।


तिरुवनंतपुरम के मेयर राजेश

### महासचिव सुरेश ने की घोषणा

नगर निगम के नवनियुक्त भाजपा पार्षदों और जिले के नेताओं की शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें केरल भाजपा के महासचिव एस सुरेश ने इसकी घोषणा की। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में भाजपा इसे अपने लिए बड़ी जीत मान रही है।

### भाजपा के लिए नए अध्याय की शुरुआत

एलडीएफ के लगभग चार दशकों के शासन के बाद अब कॉर्पोरेशन पर भाजपा का कब्जा है। राजेश का मेयर बनना केरल की शहरी राजनीति में भाजपा के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। राज्य की राजधानी में इस जीत ने शहर के नगर निकाय पर सीपीएम के 45 साल के कंट्रोल को खत्म कर दिया।

### राजेश का परिचय

तमाम चर्चा के बाद भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की राय से राजेश के नाम पर मुहर लगी। राजेश दो बार पार्षद, केरल भाजपा सचिव, पूर्व भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष और तिरुवनंतपुरम जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### सीपीएम ने कांग्रेस से मिल शहर को बर्बाद किया था : चंद्रशेखर

राजेश के मेयर बनने पर केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा सीपीएम ने कांग्रेस की मदद से शहर को बर्बाद कर दिया। उसे भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। चुनाव प्रचार के दौरान हमने दिखाया कि इस निगम ने पैसे बर्बाद किए।



केरल कांग्रेस की पार्षद का बड़ा दावा

### 'मेयर पद के बदले लिए 'पैसों के बैग'

केरल में मेयर पद के बदले पैसे लेने के एक बड़े घोटाले ने कांग्रेस में हलचल मचा रखा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने अधिकांश सीटें जीतकर पार्टी का मान बढ़ाया था। जीत के बाद शुक्रवार को स्थानीय चुनावों के मेयर/अध्यक्ष चुनने को लेकर वोटिंग होगी। त्रिशूर कॉरपोरेशन में चार बार की पार्षद रही लैली जेम्स ने आरोप लगाए कि उनके साथी पार्षद डॉ. निजी जस्टिन ने मेयर पद के लिए वरिष्ठ नेताओं को पैसे दिए हैं, इसलिए उन्हें मेयर बनाया गया है।



## खबर संक्षेप

### अभिनेता प्रकाश भी हो गए ठगी के शिकार

**चेन्नई।** साउथ सिनेमा के जाने-माने संगीतकार और अभिनेता जीवी प्रकाश कुमार एक चौंकाने वाली ऑनलाइन ठगी की वजह से सुर्खियों में हैं। जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने वाले प्रकाश की दरियादिली का इस बार गलत फायदा उठाया गया। एक फर्जी अकाउंट ने झूठी तस्वीर के सहारे 20 हजार रुपए ऐंठ लिए।



### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्किंग शुल्क घटा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रीडेवलपमेंट काम के कारण, पहाड़गंज साइड की पार्किंग बंद कर दी गई है। फीस में बदलाव किया गया है। प्राइवेट गाड़ियों के लिए 8 मिनट तक की फ्री ड्रॉप-ऑफ सुविधा जारी रहेगी। कैब ड्राइवरों को 30 रुपए देने होंगे। सभी गाड़ी ड्राइवरों को 9 से 15 मिनट के लिए 50 रुपए की फीस देनी होगी।



### गैंगरेप में सीईओ व महिला एग्जीक्यूटिव हेड रिमांड पर

**उदयपुर।** शहर में एक महिला मैनेजर के साथ चलती कार में कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक आईटी कंपनी का सीईओ, महिला एग्जीक्यूटिव हेड और उसका पति शामिल हैं। उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।



### हिमाचल में डॉक्टर सामूहिक अवकाश पर

**शिमला।** आईजीएमसी शिमला में मरीज से मारपीट पर आरोपी डॉक्टर को बर्खास्त करने के बाद यह मामला गरमा गया है। गुस्साए चिकित्सक संगठनों ने शुक्रवार को एक दिन का सामूहिक अवकाश करने का निर्णय लिया है। मांगें न मानने पर शनिवार से हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है।



पीएम मोदी ने वीर बाल दिवस पर भारत मंडपम में बच्चों को किया संबोधित

# वीर साहिबजादे अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा, मजहबी कट्टरता-आतंक का वजूद हिलाया

## बाल वीरों को बताया देश का गौरव, जेन जी ही देश को आगे ले जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया। भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने की वीडियो भी सामने आया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने सारी सीमाओं को तोड़ दिया। वे क्रूर मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए।

औरंगजेब की कट्टरता भी उन्हें नहीं हिला पाई

उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया

### गुलामी की मानसिकता से देश को आजाद नहीं होने दिया गया


बच्चों को संबोधित करते पीएम मोदी

उन्होंने कहा कि बलिदान की गाथा देश में जन-जन की जुबान पर होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता हावी रही। इस गुलामी का बीज अंग्रेज राजनेता मैकाले ने 1835 में बोया था। उस मानसिकता से देश को आजादी के बाद भी मुक्त होने नहीं दिया गया। आजादी के बाद भी देश में ऐसी सच्चाईयों को दबाने की कोशिश की गई।

### वीर साहिबजादों को कोई हिला नहीं पाया

पीएम ने कहा कि वीर साहिबजादों को छोटी सी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा। वो लड़ाई भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच थी। वो लड़ाई सत्य बनाम असत्य के बीच थी। उस लड़ाई की एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी थे, दूसरी ओर क्रूर औरंगजेब की हुकूमत थी। हमारे साहिबजादे उस समय छोटे ही थे, लेकिन औरंगजेब की क्रूरता को इससे फर्क नहीं पड़ा। वो जानता था भारत के लोगों को डराकर उनका धर्मांतरण कराना है तो मनोबल तोड़ना होगा। इसलिए उसने साहिबजादों को निशाना बनाया। लेकिन, हमारे वीर साहिबजादों को कोई हिला नहीं सका। वे अडिग रहे।

### जेन-जी और जेन अल्फा विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे

पीएम मोदी ने जेन-जेड और जेन-अल्फा को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी जेनरेशन ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएगी। मैं जेन-जेड की योग्यता, आपका आत्मविश्वास देखता हूं, समझता हूं और इसलिए आप पर बहुत भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले युवा सपने देखने से भी डरते थे, क्योंकि पुरानी व्यवस्थाओं में ये माहौल बन गया था।

**साहसी और प्रतिभावान बच्चों को मिला मंच**

उन्होंने कहा कि बीते 4 वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाया है। वीर बाल दिवस ने साहसी और प्रतिभावान बच्चों के निर्माण के लिए एक मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों से आए 20 बच्चों को ये पुरस्कार दिए गए हैं।

### 2022 से हुई वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत पीएम मोदी ने बताई अहमियत

मोदी ने सिखों के गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का ऐलान किया था। उन्होंने आज वीरता पुरस्कार से नवाजे गए बच्चों से मुलाकात के पहले एक्स हैंडल पर लिखा, वीर बाल दिवस श्रद्धा का दिन है, जो वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। इसकी शुरुआत 2022 को हुई थी।

### अन्नपूर्णा ने इसे सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों की पहचान बताया


केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हर वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीर पुरस्कारों के लिए आवेदन की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब हम इन बच्चों की उपलब्धियां देखते हैं तो मन गर्व से भर उठता है। भविष्य के प्रति हमारा विश्वास और मजबूत होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीर पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से कहा कि यह पुरस्कार आपके सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों की पहचान है। जो लाखों बच्चों को प्रेरित करेगा।

राजस्थान के चौमू में सांप्रदायिक तनाव

# धार्मिक स्थल से पत्थर हटाने पर पुलिस पर पथराव, इंटरनेट बंद



पुलिस की तैनाती

एजेंसी ▶▶ चौमू

जयपुर जिले के चौमू कस्बे में गुरुवार आधी रात के बाद अचानक सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। एक मस्जिद से जुड़े विवाद के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस पर पत्थरबाजी कर दी, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसमें पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठीचार्ज करना पड़ा। कड़ी कार्रवाई के बाद स्थिति पर काबू पा लिया गया। मस्जिद परिसर के पास सड़क किनारे पड़े पत्थरों को हटाने का कार्य चल रहा था। यह पत्थर लंबे समय से आबादी क्षेत्र में सड़क पर पड़े थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। पत्थर हटाने की कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। इसमें 75 से ज्यादा उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है।

■ कई पुलिसकर्मी घायल हो गए

### पुलिस को आंसू गैस और लाठीचार्ज करना पड़ा

विरोध के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने अचानक पुलिस बल पर भारी पत्थरबाजी शुरू कर दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल ऑपरेशन कमिश्नर राहुल प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. राजीव पचार और मनीष अग्रवाल मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए हालात को नियंत्रण में लिया।

### बस स्टैंड और स्थल बना पुलिस छावनी

घटना के बाद एहतियातन चौमूं बस स्टैंड और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है।

### इंटरनेट सेवा पर अस्थायी बैन

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संभागीय आयुक्त ने आदेश जारी करते हुए चौमू क्षेत्र में 26 दिसंबर सुबह 7 बजे से 27 दिसंबर सुबह 7 बजे तक इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका

# हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से 10 दिन में जवाब तलब किया, अब 9 को होगी अगली सुनवाई

## राजधानी में खराब हवा की क्वालिटी पर नागरिक परेशान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने राजधानी में खराब हवा की क्वालिटी को देखते हुए एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका पर केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस विकास महाजन और विनोद कुमार की वेकेशन बेंच ने केंद्र सरकार को याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 जनवरी की तारीख तय की।

### जीएसटी कम करने को कहा था



दिल्ली हाईकोर्ट

बुधवार को हाईकोर्ट ने राजधानी में खराब होती वायु गुणवत्ता को देखते हुए जीएसटी काउंसिल को निर्देश दिया था कि एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी को कम या पूरी तरह खत्म करने पर विचार करें। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की बेंच ने आदेश दिया था।

**जीएसटी को 5 प्रतिशत स्लैब में लाएं**

कोर्ट ने कहा था एयर प्यूरीफायर पर टैक्स छूट देने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। अगर साफ हवा नहीं दे सकते, तो जीएसटी कम करें। इसे मेडिकल डिवाइस मानकर जीएसटी को 5 प्रतिशत स्लैब में लाने की मांग की गई है।

### एयर प्यूरीफायर लग्जरी आइटम नहीं: वकील

वकील कपिल मदान की दाखिल याचिका में कहा कि दिल्ली में गंभीर प्रदूषण की अत्यधिक इमरजेंसी संकट स्थिति में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम नहीं माना जा सकता। साफ इनडोर हवा स्वास्थ्य और जीवित रहने के लिए आवश्यक हो गई है। तर्क दिया गया कि एयर प्यूरीफायर पर सबसे ऊंची स्लैब में जीएसटी लगाना बड़ी आबादी के लिए पहुंच से बाहर कर देता है, जो असंवैधानिक है।

उन्नाव दुष्कर्म केस में दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन

पीड़िता की मां ने कहा

# उच्च न्यायालय से विश्वास उठ गया हत्यारे को तुरंत फांसी देना चाहिए

## पुलिस ने दी चेतावनी, मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उन्नाव रेप केस के दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफ शुक्रवार को हाईकोर्ट के बाहर लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने फैसले की कड़ी निंदा की और न्याय की मांग की। पीड़िता की मां ने फैसले पर दुख जताया। सेंगर की जमानत रद्द होनी चाहिए। हाईकोर्ट से हमारा विश्वास उठ गया है, अगर सुप्रीम कोर्ट में भी न्याय नहीं मिला तो हम दूसरे देश चले जाएंगे। हत्या करने वाले को तुरंत फांसी दें।




### नाइंसाफी को वापस लिया जाए

कांग्रेस नेता मुमताज पटेल ने हाईकोर्ट के फैसले को बड़ा झटका बताते हुए कहा, यह बहुत बड़ा झटका है, जिस तरह हाईकोर्ट ने तकनीकी आधार पर सेंगर को खुली छूट दे दी। इससे देश में बहुत गलत मिसाल कायम हो रही है, इससे न केवल पीड़िता परिवार का, बल्कि पूरे देश की महिलाओं का विश्वास टूटा होगा। महिला अधिकार कार्यकर्ता योगिता भयाना ने कहा कि आज हम शांतिपूर्वक हाईकोर्ट आए हैं। हमें न्याय मिले। सीबीआई सुप्रीम कोर्ट पहुंची है।

मुख्य सचिवों का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

# 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' पर कौशल व विकास को गति देने पर होगा विचार मंथन

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे 2 दिनी बैठक की अध्यक्षता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 27 और 28 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। यह सम्मेलन राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर केंद्रित है और सतत संवाद के माध्यम से केंद्र-राज्य साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम है। पीएमओ के अनुसार सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित यह सम्मेलन एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करता है, जहां केंद्र और राज्य मिलकर भारत की मानव पूंजी क्षमता को अधिकतम करने और समावेशी, विकास को गति देने के उद्देश्य से एकीकृत रणनीति तैयार करते हैं।



### रोजगार अवसरों के सृजन के लिए रणनीति बनेगी

साझा विकास एजेंडा को अंतिम रूप देने के लिए गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य भारत की जनसंख्या को केवल जनसांख्यिकीय लाभांश के रूप में देखने के बजाए नागरिकों को मानव पूंजी के रूप में स्थापित करना है। शिक्षा प्रणालियों को मजबूत करने, कौशल विकास को आगे बढ़ाने और रोजगार अवसरों के सृजन के लिए ठोस रणनीतियां तैयार की जाएंगी। सम्मेलन का मुख्य विषय 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' रखा गया है।

20 बच्चों को राष्ट्रपति ने दिया प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

# हमारे वीर बालकों ने समाज और पूरे देश का गौरव बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर देश के 20 प्रतिभाशाली बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 5 से 18 वर्ष की आयु के उन बच्चों को दिया जाता है, जिन्होंने साहस, खेल, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान एवं नवाचार, समाज सेवा, कला और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान देकर देश का नाम रोशन किया है। राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार,समाज और पूरे देश का गौरव बढ़ाया है।



सभी पुरस्कार विजेता बच्चों को बधाई दी

इसे देशप्रेम और राष्ट्र एकता का उत्सव बताया

### असाधारण योगदान को किया रोशन



सम्मानित बच्चों के साथ राष्ट्रपति

**तो मानवता और भविष्य सुरक्षित**

राष्ट्रपति ने कहा कि जिस देश के बच्चे उच्च आदर्शों और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होते हैं, उस देश की मानवता और भविष्य दोनों सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह की जयंती का उल्लेख किया।

### यह इतिहास का एक अत्यंत प्रेरक अध्याय

राष्ट्रपति ने कहा कि 2022 से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसका इतिहास अत्यंत प्रेरक अध्याय जुड़ा हुआ है। उन्होंने सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके चार साहिबजादों के बलिदान को स्मरण किया।

**अन्य बच्चे भी इनसे प्रेरणा लें**

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि देश के अन्य बच्चे भी उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।


डीआरडीओ द्वारा विकसित एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूएंडसी) सिस्टम 'नेत्र'

डीएसी सेना के लिए हथियार खरीदने की मंजूरी देने वाली सबसे बड़ी कमेटी है। इसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख (थल सेना, वायु सेना और नौसेना), चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और रक्षा सचिव शामिल होते हैं। तीनों सेनाओं के लिए किसी भी प्रकार के हथियार की खरीद के लिए डीएसी से अनुमति होना जरूरी है

देश की सीमाओं को सुरक्षित करने में बड़ी पहल

# 80,000 करोड़ के रक्षा सौदों को मिल सकती है मंजूरी, अगले हफ्ते होगी बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार देश की सीमाओं को और सुरक्षित बनाने के लिए एक बहुत बड़ा कदम उठाने जा रही है। रक्षा मंत्रालय के डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी), करीब 80,000 करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दे सकती है। यह बैठक पहले शुक्रवार को होनी थी, लेकिन सूत्रों के मुताबिक अब यह अगले हफ्ते हो सकती है। इस बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह बैठक तय करेगी कि भारत आने वाले समय में कौन से आधुनिक हथियार और सैन्य उपकरण खरीदेगा। भारत सरकार की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा हथियार और तकनीक भारत में ही विकसित की जाए, जिससे घरेलू कंपनियों को बढ़ावा मिले।

*आधुनिक हथियार और सैन्य उपकरणों की खरीद पर होगा फैसला*

## डीएसी की सहमति होना जरूरी

डीएसी सेना के लिए हथियार खरीदने की मंजूरी देने वाली सबसे बड़ी कमेटी है। इसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख (थल सेना, वायु सेना और नौसेना), चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और रक्षा सचिव शामिल होते हैं। तीनों सेनाओं के लिए किसी भी प्रकार के हथियार की खरीद के लिए डीएसी से अनुमति होना जरूरी है। जब तक डीएसी हरी झंडी नहीं देती, तब तक सेना कोई बड़ा हथियार नहीं खरीद सकती।

*आत्मनिर्भर भारत के तहत हथियारों का देश में ही निर्माण करने पर जोर*

## बैठक में एईडब्ल्यूएंडसी पर जोर

*इस मीटिंग को साल 2025 की सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक माना जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से इन चीजों पर चर्चा होगी। पहला, आसमान में 'तीसरी आंख' यानी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूएंडसी) सिस्टम। भारत एम्ब्रेयर विमानों पर आधारित एईडब्ल्यूएंडसी खरीदने की योजना बना रहा है। इसे सरल भाषा में 'आसमान में उड़ने वाला रडार' कहते हैं, जो दुश्मन के विमानों या मिसाइलों को बहुत दूर से ही पहचान लेता है।*

### स्वदेशी 'नेत्र' खरीदेंगे

भारत अपने स्वदेशी 'नेत्र' एईडब्ल्यूएंडसी प्रणाली के उन्नत संस्करणों को खरीदने की तैयारी में है, जिसके लिए दो अलग-अलग परियोजनाएं चल रही हैं। ये प्रणालियां रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित की जा रही हैं, और इन्हें विभिन्न विमान प्लेटफार्मों पर स्थापित किया जाएगा। भारत के अपने 'नेत्रा' रडार सिस्टम को और भी एडवांस बनाने और नए विमानों में फिट करने पर चर्चा होगी।
**नेत्र एमके-1ए:** नेत्र एमके-1ए (एम्ब्रेयर प्लेटफॉर्म पर): भारतीय वायुसेना पहले से संचालित तीन 'नेत्र' प्रणालियों के अलावा, छह अतिरिक्त प्रणाली खरीदने की योजना बना रही है।


### खबर संक्षेप

**1000 करोड़ के क्लब में शामिल हुई धुरंधर**



**मुंबई।** 5 दिसंबर का वो दिन जब सिनेमाघरों में धुरंधर रिलीज हुई तब से अब तक फिल्म की कमाई रुकने का नाम नहीं ले रही है। वहीं हिंदी सिनेमा में कमाई करने वाली फिल्मों के इतिहास में अपना नाम दर्ज करवा रही है। धुरंधर साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है तो वहीं अब 21 दिनों की दुनियाभर में कमाई के साथ 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है।धुरंधर ने इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में कांतारा चैप्टर 1 और छावा के बॉक्स ऑफिस को धुरंधर ने पछाड़ दिया है।

**मक्का में मस्जिद से खुदकुशी की कोशिश**



**नई दिल्ली।** मक्का में मस्जिद अल-हरम में ऊपरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या की कोशिश की। मस्जिद के सिक्योरिटी फोर्स के एक सदस्य ने कोशिश करते हुए इस शख्स की जान बचा ली। हालांकि इसे थोड़ी चोट जरूर लग गई। एक्स पर शेयर किए गए एक बयान में, मक्का क्षेत्र के अमीरात ने कहा कि ग्रैंड मस्जिद की सुरक्षा के लिए स्पेशल फोर्स ने उस आदमी के ऊपरी मंजिल से कूदने की कोशिश करने के तुरंत बाद कार्रवाई की। इसमें यह भी कहा गया कि घायल अधिकारी को फ्रैक्चर हुआ है और लागू नियमों के अनुसार सभी जरूरी कानूनी कदम पूरे कर लिए गए हैं।

विदेश मंत्रालय को मिली कई शिकायतें जायसवाल बोले

## एच1बी वीजा को लेकर परिवारों की चिंता जायज, भारत ने मामले को अमेरिका के समक्ष उठाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते वक्त में अमेरिका की तरफ से एच1बी वीजा से जुड़े पुराने रैंडम लॉटरी सिस्टम को खत्म करने और इसके लिए पूर्व निर्धारित नियुक्ति साक्षात्कारों की तारीख में किए गए अचानक बदलाव के मामले पर भारत ने अपना पक्ष सार्वजनिक किया है। मामला बेहद गंभीर है, क्योंकि इस वीजा के कुल 71 फीसदी लाभार्थी भारतीय हैं। इसलिए शुक्रवार को इस मुद्दे पर विदेश मंत्रालय की नियमित मीडिया ब्रीफिंग में भी पत्रकारों द्वारा पूछे गए कई प्रश्नों की गूंज सुनाई दी। जिनके जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने एच1बी और एच-4 वीजा के लिए नियुक्ति साक्षात्कारों के लिए तय की गई तारीखों में किए गए बदलाव या पूर्व निर्धारित तारीखों को रद्द करने के मामले को यहां नई दिल्ली समेत वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष उठाया है। मामले में प्रभावित लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर मंत्रालय को कई शिकायतें की हैं। जिन्हें हमने औपचारिक रूप से देश के भीतर और बाहर अमेरिका में बैठे हुए अधिकारियों के सामने उठाया है। हमारी कोशिश बस यही है कि हम इस विषय को अमेरिकी पक्ष के सामने रखकर यह चाहते हैं कि उक्त बदलावों का हमारे देश के नागरिकों पर कम से कम प्रभाव पड़े।

**संबंधित देश के संप्रभु क्षेत्र का मामला:** रणधीर ने कहा कि नई दिल्ली की तरफ से मामले और उससे प्रभावित लोगों की शिकायतों को अमेरिका के सामने उठाया गया है। लेकिन वीजा संबंधी कोई भी मामला संबंधित देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आता है।




**अमेरिका से बाहर जाएंगे अवैध प्रवासी**

बता दें, अमेरिका ने बीते 15 दिसंबर को एच1बी वीजा के लिए पहले से तय की गई अगले साल फरवरी महीने की साक्षात्कार की समय सीमा को आगे बढ़ाकर 2026 की अंतिम तिमाही के पहले महीने अक्टूबर तक स्थानांतरित करने की घोषणा की है। जिससे बड़े पैमाने पर वीजा की प्रतीक्षा में बैठे देश के नागरिकों और उनके परिजनों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। इसके पूर्व में अमेरिकी प्रशासन ने इस वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दी थी। उसके साथ ही आवेदकों को वीजा देने से पहले उनके सभी सोशल मीडिया खातों की भी व्यापकता से जांच करने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार का कहना है कि इस पूरी कवायद के जरिए वह अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर नकेल कस सकती है। साथ ही हमें ये भी पता चलेगा कि कौन व्यक्ति हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से हमारे देश के लिए सही है या नहीं।

ढाका में हिंदुओं की हत्या और अत्याचार पर भारत का सख्त संदेश

# बांग्लादेश पल्ला नहीं झाड़ सकता, न्याय के कठघरे में दोषियों को लाए अंतरिम सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*रणधीर जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश में हो रही हिंसा और बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए मौजूदा अंतरिम सरकार जिम्मेदार है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर हम सतर्क हैं। हम इसे करीबी से निगरानी कर रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदू, ईसाई बौद्ध और सिखों की सुरक्षा चिंताजनक है। उनके साथ लगातार हिंसा हो रही है*

भारत ने शुक्रवार को पहली बार बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में बीते दिनों हुई एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या समेत अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार बढ़ती जा रही कट्टरपंथियों की हिंसा के मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि पड़ोसी देश में हिंदू अल्पसंख्यक युवक की हाल ही में चरमपंथियों की भीड़ द्वारा की गई हत्या के मामले की भारत कड़ी निंदा करता है। हम उम्मीद करते हैं कि इस घटना से जुड़े हुए सभी दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाएगा। इसके अलावा भारत पड़ोसी देश में हिंदुओं के साथ-साथ ईसाई और बौद्ध धर्म से जुड़े बाकी अल्पसंख्यकों के खिलाफ भी बढ़ती हिंसा को लेकर अति-गंभीर हैं। इस प्रकार की सभी घटनाएं हमारे लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और हम चाहते हैं। कि इनके लिए जिम्मेदार दोषियों को जल्द सख्त सजा दी जाएगी।

■ **यूनुस सरकार में अल्पसंख्यकों के साथ हुईं 2900 घटनाएं**


विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

◆ *भारत के खिलाफ गलत धारणाओं को बढ़ावा दिया जा रहा*

### घटनाओं को नहीं कर सकते नजरअंदाज

*विदेश मंत्रालय ने कहा कि जो घटनाएं अल्पसंख्यकों के साथ और हिंदुओं के साथ हो रही हैं, उसे दूसरा रूप दे दिए जाने से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। रणधीर जायसवाल ने कहा कि हाल में एक हिंदू युवक की हत्या हुई, उसकी हम निंदा करते हैं। साथ ही हम उम्मीद करते हैं कि अपराधियों को जल्द कठघरे में लाया जाए। उग्रवादियों द्वारा अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यह गहरी चिंता का विषय है। अल्पसंख्यकों के साथ जो जुल्म और हिंसा की घटनाएं बांग्लादेश में हो रही हैं, उनको नजरंदाज नहीं किया जा सकता।*

### बांग्लादेश में स्वतंत्र, पारदर्शी और समावेशी चुनाव हों

मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के कार्यकाल में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की अब तक कुल 2 हजार 900 घटनाएं हुई हैं। जिसमें हत्या, जिंदा जलाने और जमीन हथियाने के मामले प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन्हें लेकर बांग्लादेश द्वारा फैलाए जा रहे झूठे या मनगढंत प्रचार को अपने कई बयानों के जरिए विदेश मंत्रालय ने खारिज किया है। रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान की 17 साल बाद हुई वतन वापसी के सवाल के जवाब में कहा, भारत बांग्लादेश में स्वतंत्र, पारदर्शी और समावेशी चुनाव का स्वागत करता है।

**समझाया 'समावेशी' शब्द का अर्थ**

रणधीर ने बताया कि बांग्लादेश को लेकर हमारा रुख बिलकुल स्पष्ट और अडिग है। जिसमें हम अपने निकट पड़ोसी देश में शांति और स्थिरता के साथ वहां पर निष्पक्ष और समावेशी (सभी पक्षों की भागीदारी सहित) चुनाव की मांग करते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर चुनाव न लड़ने को लेकर लगाए गए यूनुस सरकार के प्रतिबंध से जुड़े प्रश्न के जवाब में भी उन्होंने बांग्लादेश में स्वतंत्र और समावेशी चुनाव के अपने पुराने पक्ष को मजबूती से दोहराया और कहा कि समावेशी शब्द में सभी पक्ष शामिल होते हैं।

### खुदा बख्श ने दिया इस्तीफा



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को बड़ा झटका लगा है। होम अफेयर्स स्पेशल असिस्टेंट खुदा बख्श चौधरी ने 24 दिसंबर को इस्तीफा दे दिया है, जिसे राष्ट्रपति ने तुरंत मंजूर कर लिया है। पूर्व पुलिस प्रमुख खुदा बख्श चौधरी को जुलाई में हुए विद्रोह के बाद 10 नवंबर, 2024 को युनूस सरकार में विशेष सहायक नियुक्त किया गया था।

**बांग्लादेशी पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध**

पश्चिम बंगाल के होटल व्यवसायियों के एक संघ ने पड़ोसी देश में राजनीतिक उथल-पुथल को देखते हुए सिलीगुड़ी और उसके आसपास के इलाकों में बांग्लादेशियों को आवास प्रदान करना अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। ग्रेटर सिलीगुड़ी होटलियर्स वेलफेयर एसोसिएशन के मुताबिक यह फैसला उन घटनाओं से जुड़ा है जिन्होंने भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव पैदा किया है।

जापान की फैक्ट्री में बड़ा हादसा

## शख्स ने धारदार चाकू से भीड़ पर किया हमला, 15 घायल

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

मध्य जापान में शुक्रवार को एक फैक्ट्री में चाकू से किए गए हमले में कई लोग घायल हो गए। यह घटना टोक्यो के पश्चिम में शिजुओका प्रांत के मिशिमा शहर स्थित योकोहामा रबड़ कंपनी में हुई। यह कंपनी कारों के लिए टायर बनाती है। एक व्यक्ति ने फैक्ट्री परिसर के अंदर चाकू से हमला किया, जिसमें कम से कम 15 लोग घायल हो गए।

इसी दौरान हमलावर ने स्प्रे जैसा तरल पदार्थ भी इस्तेमाल किया गया। हमलावर द्वारा चाकू से किए गए हमले में 8 लोग तथा 7 अन्य लोग शरीर पर रसायन फेंके जाने से झुलस गए। फिलहाल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फुजिसान नांतो फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी टोमोहारु सुगियामा ने बताया कि 15 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।


फैक्ट्री परिसर में जांच करते अधिकारी


सीसीटीवी फुटेज आया सामने

## अनंतनाग में दिखे लश्कर के दो संदिग्ध आतंकी, सेना चला रही है सर्च ऑपरेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीर के अनंतनाग इलाके में लश्कर के लिए काम करने वाले दो संदिग्ध आतंकियों को देखा गया है। लश्कर आतंकवादी मोहम्मद लतीफ भट को एक अन्य पाकिस्तानी लश्कर आतंकी के साथ देखा गया है। लतीफ भट कुलगाम जिले के ख्रेवन का रहने वाला है।

लतीफ नवंबर में लश्कर-ए-तैयबा के शैडो संगठन कश्मीर रिवोल्यूशन आर्मी में शामिल हुआ था। इन दोनों आतंकियों को सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। सेना और पुलिस की कई टीमें फिलहाल दोनों आतंकियों की तलाश में जुटी है। दोनों आतंकियों की तलाश के लिए सेना इलाके में बीते 20 घंटे से तलाशी अभियान चला रही है। सेना इस फुटेज के आधार पर संबंधित इलाकों में लोगों से पूछताछ कर इन आतंकियों को पता लगाने में जुटी है। स्थानीय पुलिस की टीम भी सेना के साथ सर्च ऑपरेशन को आगे बढ़ा रही है।


सीसीटीवी फुटेज में दिखे आतंकी

**डेंजरपोरा और काजीबाग को घेरा**

*आतंकी को पैदल चलते हुए देखा गया, जिसके बाद डेंजरपोरा और काजीबाग इलाकों को पूरी तरह घेर लिया गया। आसपास के इलाके में हर घर और गली की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तरह का खतरा तुरंत खत्म किया जा सके। लतीफ भट कुलगाम का रहने वाला है और वह पहले से ही सक्रिय आतंकियों की सूची में शामिल है। सुरक्षा बलों ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अफसरों को दें।*

**शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी**

*ऑपरेशन के दौरान शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हर चौहारा, सड़क और बाज़ार पर सुरक्षाबल तैनात हैं। यह ऑपरेशन राज्य में आतंकवाद के खिलाफ लगातार चल रहे अभियानों का हिस्सा है और किसी भी संभावित खतरे को पहले ही रोकने की कोशिश की जा रही है।*

शिवांक की मौत पर भारतीय दूतावास ने जताई संवेदनाएं

## कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में भारतीय छात्र की हत्या

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा के यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो के स्कारबोरो परिसर के पास हुई गोलीबारी में भारतीय मूल के 20 वर्षीय छात्र शिवांक अवस्थी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अवस्थी को 23 दिसंबर को हाईलैंड क्रीक ट्रेल और ओल्ड किंग्स्टन रोड इलाके में गोली मारी गई थी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने गोली लगने से घायल हुए भारतीय छात्र को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। शिवांक को वहीं पर ही मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही संदिग्ध फरार हो गए थे। टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बयान में कहा कि इस घातक गोलीबारी की घटना में युवा भारतीय डॉक्टरेट छात्र शिवांक अवस्थी की दुखद मृत्यु पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं। इस मुश्किल वक्त में दूतावास शोक संतप्त परिवार के संपर्क में है और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में सभी जरूरी सहायता दे रहा है। टोरंटो में इस साल की 41वीं हत्या दर्ज की गई है।



पासपोर्ट धारकों को झटकाः नए साल से पहले भारतीय पासपोर्ट हुआ कमजोर

# 85वें स्थान पर खिसकी रैंक, 12वें नंबर पर आया अमेरिका

*सिंगापुर लगातार अपनी पहली रैंक बरकरार रखे हुए, हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की दुनिया की सूची जारी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए साल से पहले भारतीय पासपोर्ट को झटका लगा है। ग्लोबल रैंक में अब भारतीय पासपोर्ट 85वें नंबर पर खिसक गया है। पहले इसकी रैंक 80 थी। भारत के साथ अमेरिका को भी झटका लगा है।

हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 ने नई सूची जारी की है। इसमें अमेरिकी पासपोर्ट को भी झटका लगा है। अब अमेरिका का पासपोर्ट 12वें नंबर पर पहुंच गया। पहले इसकी रैंक 10 थी। इसे पासपोर्ट धारकों के लिए बुरी खबर माना जा रहा है।


भारतीय पासपोर्ट

**सिंगापुर के नागरिक 193 देशों में यात्रा कर रहे**

*सिंगापुर के नागरिक 193 देशों, दक्षिण कोरिया के नागरिक 190 देशों, जापान के नागरिक 189, जर्मनी, इटली, स्पेन और स्विट्जरलैंड के नागरिक 187 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं।*

**भारतीय 59 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर रहे**

दुनिया में भारतीय पासपोर्ट की स्थिति कमजोर हुई है। पिछले साल कर भारत ग्लोबल रैंकिंग में 80वें स्थान पर था। इस साल 5 पायदान गिरकर भारतीय पासपोर्ट 85वें नंबर पर पहुंच गया है। हालांकि सिंगापुर लगातार अपनी पहली रैंक बरकरार रखे हुए है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की लिस्ट ने दुनियाभर के पासपोर्ट की रैंकिंग जारी की है। भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग गिरने से अब भारतीय नागरिक दुनिया के 56 से 59 देशों में ही बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं।

**वीजा नियम हुए सख्त**

जानकारों की मानें तो इंडेक्स में भारतीय पासपोर्ट की गिरावट का एक बड़ा कारण दुनिया के कुछ देशों ने वीजा नियम सख्त किए हैं। भारत ने भी अपनी वीजा नीति में बदलाव कर पासपोर्ट को सख्त किया। ग्लोबल रैंकिंग में अमेरिका का पासपोर्ट अब 12वें स्थान पर है। जानकारों ने बताया कि सख्त वीजा नियम, फीस में बढ़ोतरी और अलगाववादी नीतियों ने अमेरिका की पासपोर्ट ताकत को कमजोर किया है।

कलाम के बाद ऐसा करने वाली दूसरी राष्ट्रपति हैं मुर्मू

## रविवार को कर्नाटक के कारवार में करेंगी पनडुब्बी यात्रा, पहले उड़ान भर चुकी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश की तीनों सशस्त्र सेनाओं की शीर्ष कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस सप्ताह के अंत में रविवार (28 दिसंबर) को कर्नाटक के कारवार बंदरगाह पर तैनात नौसेना की पनडुब्बी की यात्रा करेंगी। राष्ट्रपति भवन के मुताबिक, पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के बाद वह देश की दूसरी राष्ट्रपति होंगी।

जो भारत की समुद्री सेना की पनडुब्बी की यात्रा करेंगी। डॉ. कलाम ने 13 फरवरी 2006 को आंध्र-प्रदेश के विशाखापट्टनम में सबसे पहले पनडुब्बी यात्रा की थी। वहीं, अपने तय कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति मुर्मू 27 दिसंबर की शाम को गोवा के लिए निकलेंगी। इसके अगले दिन यानी 28 तारीख को वह कर्नाटक के कारवार पहुंचेंगी और वहां अपनी पनडुब्बी यात्रा की शुरुआत करेंगी।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश की पहली राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरी है। जिसमें राफेल और सुखोई-30 एमकेआई मुख्य हैं। उनकी यह उड़ान 2023 में हुई थी। उक्त कार्यक्रम को पूरा करने के बाद राष्ट्रपति झारखंड की यात्रा करेंगी।




# एशेज : बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन विकेटों का पतझड़, ऑस्ट्रेलिया के बाद इंग्लिश टीम धराशायी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

आस्ट्रेलियाई टीम 152 रन पर आउट हो गई लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड पर पहली पारी में 42 रन की बढ़त बना ली और चौथे एशेज टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकॉर्ड 20 विकेट गिरे। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के लिए रिकॉर्ड 94199 दर्शक पहुंचे थे जबकि पिछला रिकॉर्ड 93013 का था, जो आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2015 विश्व कप फाइनल के दौरान दर्ज किया गया था।

आस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के चार रन बनाए थे और उसके पास अब 46 रन की बढ़त है। जोश टंग ने 45 रन देकर पांच विकेट लिए और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड ने मेजबान टीम को सस्ते में आउट कर दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 29.5 ओवर में 110 रन पर आउट हो गई। माइकल नेसेर ने 45 रन देकर चार विकेट लिए। आस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर श्रृंखला 11 दिन के भीतर ही अपने नाम कर ली है।

## मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पहुंचे रिकॉर्ड 94199 दर्शक

### आस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में बनाए 27 रन

आस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में 27 रन बनाए। इसके बाद ट्रेविस हेड (12) को गुस एटकिंसन ने सस्ते में आउट किया। टंग ने जेक वेदराल्ड (10) को पवेलियन भेजा और उनका अगला शिकार मार्नस लाबुशेन (छह) बने, जो पहली स्लिप में कैच देकर लौटे। आस्ट्रेलिया के तीन विकेट 34 रन पर गिर गए थे।कप्तान स्टीव स्मिथ को टंग ने जब आउट किया तब स्कोर 51 रन था। अनुभवी उस्मान ख्वाजा 29 रन बनाकर एटकिंसन की गेंद पर आउट हुए। उस समय स्कोर पांच विकेट पर 89 रन था और दो रन बाद एलेक्स कैरी ने गली में कैच थमा दिया। नेसेर (35) और कैमरन ग्रीन (17) ने 52 रन की साझेदारी की लेकिन ग्रीन के रन आउट होने पर यह साझेदारी टूट गई। टंग ने नेसेर और स्कॉट बोलैंड (0) को अपने 12वें ओवर की पहली दो गेंदों पर आउट किया।



### स्मिथ ने द्रविड़ को छोड़ा पीछे

स्मिथ ने पहली पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉली और बेन स्टोक्स का कैच लपका और वो अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। इससे पहले इस मामले में दूसरे नंबर पर राहुल द्रविड़ थे, लेकिन वो अब तीसरे नंबर पर खिसक गए। टेस्ट क्रिकेट में स्मिथ के नाम पर अब कुल 212 कैच हो गए जबकि द्रविड़ ने कुल 210 कैच लिए थे। टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने का रिकॉर्ड जो रूट के नाम पर दर्ज है, जिन्होंने 214 कैच लिए थे।

### इंग्लैंड ने आठ रन पर गंवाए 3 विकेट

जवाब में इंग्लैंड ने पांचवें ओवर में तीन विकेट आठ रन पर गंवा दिए थे। जैक क्रॉली (पांच), जैकब बेथेल (दो) और बेन डकेट (दो) जल्दी आउट हो गए। जो रूट खाता भी नहीं खोल सके। हैरी ब्रूक ने 34 गेंद में 41 रन बनाए और पांचवें विकेट के लिए बेन स्टोक्स के साथ 50 रन जोड़े। बोलैंड ने ब्रूक, जैमी स्मिथ (दो) और विल जैक्स (पांच) को लगातार तीन गेंदों पर आउट किया। स्टोक्स 16 रन बनाकर स्लिप में कैच देकर लौटे।

### 116 साल बाद पहले दिन 20 विकेट गिरे

एशेज में 116 साल बाद पहले दिन 20 विकेट गिरे। इससे पहले 1909 में ओल्ड ट्रैफर्ड में ऐसा हुआ था। छठी बार एशेज टेस्ट सीरीज में पहले दिन 20 से उससे ज्यादा विकेट गिरे। मेलबर्न में चौथी बार पहले दिन 20 या उससे विकेट गिरे। इंग्लैंड के लिए पहली पारी में हैरी ब्रूक ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 3468 गेंदों पर 3000 रन पूरे किए।

### गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड टूटा

ब्रूक टेस्ट में गेंद के हिसाब से सबसे 3000 रन पूरा करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने इसके लिए 3610 गेंद लिए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश टंग ने भी इतिहास रचा। टंग 21वीं सदी में मेलबर्न में टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने वाले पहले इंग्लैंड के गेंदबाज बन गए हैं। डैरेन गॉफ और डीन हेडली ने आखिरी बार ऐसा किया था। तब 1998 में इंग्लैंड ने 12 रन से जीत हासिल की थी।

## खबर संक्षेप



### टी20 विश्व कप पर कमिंस की नजरें

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस की नजरें अब अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हैं। कमिंस जून-जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर लगी कमर की चोट के कारण पहले दो एशेज टेस्ट से बाहर थे लेकिन एडीलेड में तीसरे मैच में वापसी करके छह विकेट लिए। आस्ट्रेलिया ने पहले तीनों टेस्ट जीत लिए हैं लिहाजा कमिंस को आखिरी दो मैचों से बाहर रखने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा,' बेहतर लग रहा है। कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा होता। अब टी20 विश्व कप से पहले कुछ आराम करूंगा।' आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलना है ।

### अय्यर को एकादश में जगह मिलना मुश्किल : कुंबले

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मिनी नीलामी में वेंकटेश अय्यर के लिए सात करोड़ रुपए खर्च किए लेकिन पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इस



आकर्षक टी20 लीग के शुरुआती चरण में इस तेज गेंदबाजी हरफनमौला को एकादश में जगह मिलना मुश्किल होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने इस महीने की शुरुआत में नीलामी में अय्यर की पूर्व टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को पीछे छोड़कर इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने 16 दिसंबर को अबू धाबी में हुई नीलामी में अय्यर, जैकब डफी और मंगेश यादव समेत कई खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को और मजबूत किया।

### मुंबई सिटी ने हिस्सेदारी संस्थापक साझेदारों को बेची

**नई दिल्ली।** मुंबई सिटी एफसी ने पुष्टि की कि क्लब में बहुसंख्यक हिस्सेदारी रखने वाले सिटी फुटबॉल ग्रुप ने आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के मद्देनजर अपनी पूरी हिस्सेदारी फ्रेंचाइजी के संस्थापक साझेदारों को बेच दी है। सिटी फुटबॉल ग्रुप के पास इंग्लिश प्रीमियर लीग की बड़ी टीम मैनचेस्टर सिटी सहित विश्व स्तर पर कई शीर्ष क्लबों का स्वामित्व है।

## विजय हजारे ट्राफी : विराट ने गुजरात के खिलाफ खेली 77 रन की पारी

# कोहली ने 29 गेंदों में लगाया अर्धशतक, खेली लगातार छठी बार 50 रन से ज्यादा की पारी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विराट कोहली इस समय जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। इस समय वह दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं। पिछले मैच में आंध्र प्रदेश के खिलाफ 131 रन की पारी खेलकर इस टूर्नामेंट में वापसी करने वाले कोहली ने शुक्रवार को गुजरात के खिलाफ 61 गेंदों में 77 रन ठोक दिए। इस दौरान उन्होंने 13 चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने 29 गेंदों में अर्धशतक लगाया। हालांकि वह शतक से चूक गए, मगर उनकी पारी ने लड़खड़ाती दिल्ली की पारी को संभाल लिया।

कोहली पिछले तीन महीने से खतरनाक फॉर्म में हैं। टीम इंडिया और घरेलू टीम दोनों के लिए उनका बल्ला खूब चल रहा है। कोहली की पिछली छह पारियों की बात करें तो उन्होंने कुल 584 रन ठोक दिए हैं। 25 अक्टूबर से 26 दिसंबर के बीच वह ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खलिाफ चार इंटरनेशनल वनडे मैच खेले, जबकि दो मैच वह दिल्ली के लिए खेले। पिछले छह मैचों में उन्होंने तीन शतक लगाए। उनका स्कोर 74*, 135, 102, 65*, 131 और 77 है। दिल्ली ने गुजरात को 7 रन से हरा दिया।

### विराट ने छह मैचों में बनाए 584 रन



### कोहली बने नंबर 1

विराट कोहली अपनी इस 77 रन की पारी के बाद भारत की तरफ से लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा की औसत से रन बनाने वाले बैटर बन गए। कोहली ने अब तक लिस्ट ए क्रिकेट में 343 मैचों में 16,130 रन 57.60 की औसत के साथ बनाए हैं और उन्होंने चेतेश्वर पुजारा को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 130 लिस्ट ए मैचों में 57.01 की औसत से 5759 रन बनाए थे।

### रिंकू ने 56 गेंदों में ठोकी सेंचुरी

राजकोट। रिंकू सिंह का विजय हजारे ट्रॉफी में धूम धड़ाका जारी है। चंडीगढ़ के खिलाफ शुक्रवार को उन्होंने खूब रन उड़ाए। राजकोट में उत्तर प्रदेश के कप्तान ने चंडीगढ़ के खलिाफ 60 गेंदों में नॉटआउट 106 रन बनाए। उन्होंने 56 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। रिंकू ने चंडीगढ़ के गेंदबाजों को काफी परेशान किया। नंबर 5 पर बैटिंग करते हुए उत्तर प्रदेश के कप्तान ने 11 चौके और चार छक्के लगाए और अपनी टीम को 50 ओवर में 4 विकेट पर 367 रन तक पहुंचाया। अभिषेक गोस्वामी के जल्दी आउट होने के बाद आर्यन जुयाल (118 गेंदों पर 134 रन) और ध्रुव जुरेल (57 गेंदों पर 67 रन) ने दूसरे विकेट के लिए संभलकर बैटिंग की और 96 रन की पार्टनरशिप करके पारी को संभाला। जुरेल 57 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद जुयाल ने पारी को आगे बढ़ाया और समीर रिज़वी के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े. रिजवी 46 गेंदों में 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे।





### रोहित गोल्डन डक पर आउट

रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी के दूसरे राउंड के मैच में फ्लॉप रहे। वह गोल्डन डक पर आउट हो गए। मुंबई की टीम शुक्रवार को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में उत्तराखंड के खलिाफ एलीट ग्रुप सी के दूसरे राउंड के मैच के लिए मैदान पर उतरी। जहां उत्तराखंड ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बैटिंग के लिए बुलाया। रोहित की आतिशी बल्लेबाजी को देखने के लिए हजारों की संख्या में फैंस स्टेडियम पहुंचे, मगर इस मुकाबले में रोहित ने फैंस को निराश कर दिया और जीरो पर आउट हो गए। इस मैच में यह उनकी पहली गेंद थी और उसी पर वह अपना विकेट गंवा बैठे। मुंबई को पहले ही ओवर की आखरिी गेंद पर पहला झटका लग गया। बोरा ने पूर्व भारतीय कप्तान को जगमोहन नागरकोटी के हाथों कैच आउट करा दिया।

## कैच लेने की कोशिश में गिरे रघुवंशी लगी सिर पर चोट



**जयपुर।** मुंबई के सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को उत्तराखंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान एक मुश्किल कैच लेने की कोशिश में कंधे, गर्दन और सिर में चोट लगने (कनकशन) के बाद अस्पताल ले जाया गया। यह घटना पारी के 30वें ओवर में हुई, जिसमें ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान गेंदबाजी कर रहे थे। दाएं हाथ के बल्लेबाज सौरभ रावत ने स्लॉग-स्वीप खेलने की कोशिश की और डीप मिडविकेट पर खड़े रघुवंशी कैच पकड़ने के लिए तेजी से दौड़ते हुए आगे बढ़े। उन्होंने एक हाथ से गेंद को लपकने का प्रयास किया लेकिन यह सफल नहीं रहा और वह गिर पड़े, जिससे उनके कंधे में चोट लगी और उनका सिर जमीन से टकरा गया। इससे उन्हें कनकशन (सिर में चोट लगना) हो गया। रघुवंशी कुछ सेकेंड के लिए घुटनों के बल बैठे रहे लेकिन फिर जमीन पर लेट गए। इसके बाद मुंबई के फिजियो मैदान पर पहुंचे। रघुवंशी अपने पैरों पर खड़े नहीं हो पा रहे थे तो स्ट्रेचर मंगवाया गया और बाहर खड़ी 'एम्बुलेंस' उन्हें पास के एसडीएमएच अस्पताल ले गई। उनके जरूरी स्कैन करवाए जाएंगे और उन्हें निगरानी में रखा जाएगा।

## इंडिया विमेंस ने तीसरा टी-20 भी जीता, श्रीलंका को 8 विकेट से हराया, 3-0 की अजेय बढ़त बनाई

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

इंडिया विमेंस ने श्रीलंका को तीसरा टी-20 भी हरा दिया। तिरुवनंतपुरम में भारत ने बॉलिंग चुनी। श्रीलंका 7 विकेट खोकर 112 रन ही बना सकी, टीम इंडिया ने महज 2 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज में भारत ने 3-0 की अजेय बढ़त भी बना ली।

ग्रीनफील्ड स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी श्रीलंका टीम की शुरुआत संभली हुई रही। टीम ने 4 ओवर तक कोई विकेट नहीं गंवाया। कप्तान चमारी अटापट्टू 12 गेंद पर 3 रन बनाकर आउट हुईं, उनके बाद हर्षिता



समरविक्रमा भी 2 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। हसिनी परेरा 25 रन बनाकर आउट हुईं। श्रीलंका ने 45 रन पर 4 विकेट गंवाने के बाद 98 रन तक 7 विकेट भी गंवा दिए। टीम 20 ओवर में 112 रन ही बना सकी। इंडिया विमेंस से तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 4 विकेट लिए।

### शेफाली ने फिफ्टी लगाकर जिताया

113 रन के टारगेट के सामने भारत ने 3 ओवर में ही 26 रन बना दिए। स्मृति मंधाना 6 गेंद पर 1 रन बनाकर आउट हुईं, उन्हें कविषा दिलहारी ने एलबीडब्ल्यू किया। जेमिमा रोड्रिग्ज ने 8वें ओवर तक बैटिंग की और शेफाली वर्मा के साथ मिलकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। जेमिमा 15 गेंद पर 9 रन बनाकर आउट हो गईं। नंबर-4 पर कप्तान हरमनप्रीत कौर उतरीं। उनके सामने शेफाली ने फिफ्टी लगा दी।

## एचआईएल संचालन परिषद टीम के कप्तान बने मिडफील्डर हार्दिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह को 3 जनवरी से चेन्नई में शुरू हो रही पुरुष हॉकी इंडिया लीग में एचआईएल संचालन परिषद टीम का कप्तान बनाया गया है। एचआईएल संचालन परिषद का पहला मैच 5 जनवरी को एसजी पाइपर्स से होना है। हार्दिक ने कहा,' मैं इस मौके के लिए शुक्रगुजार हूं। कप्तानी करना रोमांचक अनुभव होगा और हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है।

हमें उम्मीद है कि इस सत्र में प्रदर्शन शानदार होगा।' इस टीम में



ललित उपाध्याय, सैम वार्ड, सुरेंदर कुमार और केन रसेल जैसे दिग्गज भी हैं। इनके अलावा जूनियर विश्व कप में कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और टी प्रियव्रत भी टीम में हैं।

यूपी रुद्रास के पीछे हटने के बाद 2026 सत्र के लिए एचआईएल संचालन परिषद टीम बनाई गई ताकि खिलाड़ियों को नुकसान नहीं हो।

## भारतीय हॉकी का साल मुश्किलों भरा, महिला टीम अपेक्षाओं पर नहीं उतरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले साल ओलंपिक कांस्य झोली में डालने के बाद 2025 भारतीय हॉकी के लिए कुछ खास नहीं रहा हालांकि पुरुष टीम ने लगभग एक दशक बाद एशिया कप जीता लेकिन महिला टीम के प्रदर्शन में निरंतर गिरावट चिंता का सबब बनी हुई है। भारतीय हॉकी का यह शताब्दी वर्ष भी है लेकिन आठ बार की ओलंपिक चैंपियन टीम के लिए वर्ष 2025 में कुछ भी असाधारण नहीं रहा। इस वर्ष भारतीय हॉकी की सबसे बड़ी उपलब्धि पुरुष टीम की राजगीर में एशिया कप में जीती, जहां आठ साल बाद खिताब जीतकर उसने अगले साल 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच विश्व कप का टिकट कटाया। भारतीय टीम ने एक बार फिर उपमहाद्वीप में दबदबा बनाया और सबसे अच्छी बात यह रही कि 15 गोल दागे जबकि सिर्फ दो गंवाए। फाइनल में भारत ने गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया, जिसमें दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह और अमित रोहिदास ने गोल किए।

### यादें 2025 : आठ साल बाद एफआईएच विश्व कप का टिकट



### एफआईएच प्रो लीग में प्रदर्शन निराशाजनक

एफआईएच प्रो लीग में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हरमनप्रीत सिंह की टीम नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही और नीचे खिसकने से बाल-बाल बची। घरेलू चरण में भुवनेश्वर में पांच मैच जीतने के बाद यूरोपीय चरण में लगातार सात मैच गंवाए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930